इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

निवेशक सेवाएँ कक्ष
INVESTOR SERVICES CELL
वेबसाइट / website: www.indianbank.in
ई-मेल / e-mail :ibinvestorrelations@indianbank.co.in

कॉर्पोरेट कार्यालय
254-260, अव्वै षण्मुगम सालै,
रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014
Corporate Office
254-260, Avvai Shanmugam Salai,
Royapettah, Chennai - 600 014
दूरभाष/Phone: 044-28134076/28134698/28134484

Ref No.:ISC/59/2022-23

Date: 31.05.2022

The Vice President National Stock Exchange of India Limited "Exchange Plaza", Bandra Kurla Complex, Bandra East Mumbai - 400 051. **NSE Symbol : INDIANB**	The Vice President BSE Limited Phiroze Jeejibhai Towers Dalal Street Mumbai - 400 001. **Scrip Code: 532814**

Dear Sir/Madam,

Subject: Copy of Annual Report of the Bank for FY 2021-22

In terms of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing a copy of Annual Report of the Bank for FY 2021-22.

Further, we submit that the Business Responsibility Report forms part of the said Annual Report.

This is for your information, records and dissemination please.

Yours faithfully,

For Indian Bank

(Dina Nath Kumar)
AGM & Company Secretary

Encl: A/a

इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
YOUR OWN BANK, ALWAYS WITH YOU

Azadi Ka Amrit Mahotsav



Growth, glory and soaring trust

वार्षिक रिपोर्ट | Annual Report
2021-22

Delivering values...
Realizing the dreams of every Indian



विज़न

''ग्राहक केंद्रित सेवाओं, कर्मचारियों की सहभागिता व सतत् विकास के माध्यम से उत्कृष्ट वित्तीय सेवाएँ प्रदान करना''

Vision

"Delivering excellence in financial services through customer focus, employee engagement and sustainable growth"

मिशन

- हमारी सेवाओं में सर्वोत्तम नवोन्मेष एवं प्रौद्योगिकी का समावेश करना
- सभी चैनलों के माध्यम से प्रत्येक ग्राहक की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति करना
- हितधारकों की आवश्यकताओं एवं हितों का उचित ध्यान रखना
- कर्मचारियों को सशक्त एवं भागीदार बनाना

Mission

- Bring the best of innovation and technology in our offerings
- Be responsive to the unique needs of every customer through all channels of choice
- To provide value to stake holders
- Empower and engage our employees

31.03.2022 को निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS AS ON 31.03.2022



श्री एस एल जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Shri S L Jain
Managing Director & Chief Executive Officer



श्री शेणॉय विश्वनाथ वी
कार्यपालक निदेशक
Shri Shenoy Vishwanath V
Executive Director



श्री इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक
Shri Imran Amin Siddiqui
Executive Director



श्री अश्वनी कुमार
कार्यपालक निदेशक
Shri Ashwani Kumar
Executive Director



श्री संजीव कौशिक
सरकार द्वारा नामित निदेशक
Shri. Sanjeev Kaushik
Government Nominee Director



डॉ आदित्य गेहा
आरबीआई द्वारा नामित निदेशक
Dr. Aditya Gaiha
RBI Nominee Director



डॉ. भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक
Dr. Bharath Krishna Sankar
Shareholder Director



सुश्री पापिया सेनगुप्ता
शेयरधारक निदेशक
Ms. Papia Sengupta
Shareholder Director



श्री बालमुकुंद सहाय
अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक
Shri Balmukund Sahay
Part-time Non-Official Director



श्री विश्वेश कुमार गोयल
अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक
Shri Vishvesh Kumar Goel
Part-time Non-Official Director

मुख्य सतर्कता अधिकारी / CHIEF VIGILANCE OFFICER



श्री सुधाकर आर अय्यर
Shri Sudhakar R Iyer

31.03.2022 को महाप्रबंधकगण / GENERAL MANAGERS AS ON 31.03.2022



श्री विकास कुमार
Shri Vikas Kumar



श्री वेंकटेश पेरुमाल पी
Shri Venkatesa Perumal P



श्री सुधांशु गौड़
Shri Sudhanshu Gaur



श्री कामिरेड्डी चंद्रा रेड्डी
Shri Kamireddy Chandra Reddy



श्री मुक्ति नाथ पटेल
Shri Mukti Nath Patel



श्री रविंदर सिंह
Shri Ravinder Singh



श्री अभय कुमार महापात्रा
Shri Avaya Kumar Mohapatra



श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया
Shri Hardeep Singh Ahluwalia



सुश्री दीप्ति श्रीवास्तव
Ms. Dipti Shrivastava



श्री बिजय कुमार सारंगी
Shri Bijay Kumar Sarangi



श्री सतीश कुमार
Shri Satish Kumar



सुश्री जफिया फरीद तोट्टत्तु कुडियिल
Ms. Zaphia Fareed Thottathikudiyil



श्री सुधाकर राव के एस
Shri Sudhakara Rao K S



श्री बिनय कुमार सिंह
Shri Binoy Kumar Singh



श्री भारती सी
Shri Bharathi C



श्री महेश कुमार बजाज
Shri Mahesh Kumar Bajaj

महाप्रबंधकगण / GENERAL MANAGERS


श्री सुजीत कुमार डे
Shri Sujit Kumar Dey


श्री गोपी कृष्णन सी आर
Shri Gopi Krishnan C R


श्री शशि भूषण दाश
Shri Sashi Bhusan Dash


श्री रोहित ऋषि
Shri Rohit Rishi


श्री अरुण कुमार बंसल
Shri Arun Kumar Bansal


सुश्री माया नागराजन वी
Ms. Maya Nagarajan V


श्री भक्तुला सूरिबाबू
Shri Bhaktula Suribabu


श्री अशोक पटनायक
Shri Ashok Patnaik


श्री गणेशरामन ए
Shri Ganesaraman A


श्री अमरेन्द्र कुमार साही
Shri Amarendra Kumar Shahi


श्री धनराज टी
Shri Dhanaraj T


श्री दीपक सारड़ा
Shri Deepak Sarda


श्री सुजय मलिक
Shri Sujay Mallik


सुश्री वैलरी रथ
Ms. Vallery Rath


श्री सुधीर कुमार गुप्ता
Shri Sudhir Kumar Gupta


श्री सुरेश कुमार एस
Shri Suresh Kumar S


श्री सुख सागर प्रसाद राय
Shri Sukh Sagar Prasad Roy


श्री जी. राजेश्वर रेड्डी
Shri G. Rajeswara Reddy


सुश्री गायत्री एस
Ms. Gayathri S


श्री मनोज कुमार दास
Shri Manoj Kumar Das


श्री पंकज त्रिपाठी
Shri Pankaj Tripathi


श्री मुल्लपुडि बालाजी सुरेश कुमार
Shri Mullapudi Balaji Suresh Kumar


श्री वेंकटेशन एम
Shri Venkatesan M


श्री दीपक गुप्ता
Shri Deepak Gupta



वी. कृष्णस्वामी अय्यर
इंडियन बैंक के संस्थापक

V. Krishnaswamy Iyer
Founder of Indian Bank

बैंक की स्थापना से लेकर अब तक का संक्षिप्त इतिहास
A BRIEF HISTORY OF THE BANK SINCE ITS INCORPORATION

1907

- बैंक को 5 मार्च, 1907 को 20 लाख की अधिकृत पूंजी के साथ स्थापित किया गया और 15 अगस्त, 1907 को बैंक ने अपना व्यवसाय शुरू किया।
- वर्ष 1907 में, इंडियन बैंक लिमिटेड ने अपने प्रतीक के हिस्से के रूप में 'बरगद' वृक्ष को अपनाया था जो प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति, सर्वत्र विकास और निरंतर बढ़ती हुई समृद्धि का द्योतक था।

Bank was incorporated on March 5, 1907 with an Authorized Capital of ₹20 lakhs and commenced its business on August 15, 1907.

In the year 1907, the Indian Bank Ltd. had the tree **'Banyan'** as a part of its emblem denoting an all around progress, growth (far and wide) and an ever increasing prosperity.

1921

बैंक की पूंजी रु. 20 लाख से बढ़कर रु.60 लाख हो गई।

Bank's capital was raised to ₹60 lakhs from ₹ 20 lakhs.

1932

बैंक ने रजत जयंती मनाई।

बैंक ने कोलंबो में पहली विदेशी शाखा खोली।

- **Bank celebrated its Silver Jubilee**
- Bank opened its first overseas operations in Colombo

1941

सिंगापुर शाखा खोली गई।

- Singapore branch was opened

1957

बैंक ने स्वर्ण जयंती मनाई।

- **Bank celebrated its Golden Jubilee**

1967

बैंक ने हीरक जयंती मनाई।

- **Bank celebrated its Diamond Jubilee**

1978

एक केंद्रीय बिंदु बनाते हुए तीन चक्करदार तीर के रूप में बैंक के लोगो को स्वीकृति मिली।

- Bank's logo comprising of three circling arrows arranged around a central point was approved.

1982

बैंक ने प्लेटिनम जुबली मनाई।

- **Bank celebrated its Platinum Jubilee.**

1990

- **157 शाखाओं वाले बैंक ऑफ तंजावुर लिमिटेड (बीओटी) को बैंक के साथ समामेलित किया गया।**
- **Bank of Thanjavur Ltd. (BoT) with 157 branches was amalgamated with the Bank.**

2006

महामहिम राष्ट्रपति श्री ए पी जे अब्दुल कलाम द्वारा 4 सितंबर को शताब्दी वर्ष समारोह का उद्घाटन किया गया।

- The centenary year celebration was inaugurated by His Excellency the President of India Shri. A P J Abdul Kalam on 4th September.

2007

बैंक फरवरी, 2007 में प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव लाया।

- **Bank went in for Initial Public Offer in February, 2007.**

2008

100 प्रतिशत कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस) का अनुपालन किया गया।

- Achieved 100 per cent Core Banking Solutions (CBS) compliant

2019

इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित पल्लवन ग्राम बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा प्रायोजित पांडियन ग्राम बैंक के सफल समामेलन के बाद 1 अप्रैल 2019 को 'तमिलनाडु ग्राम बैंक' का परिचालन शुरू हुआ।

- Tamil Nadu Grama Bank' commenced operations on 1st April 2019 after a successful amalgamation of Pandyan Grama Bank of Indian Overseas Bank with Bank's Pallavan Grama Bank.

भारत सरकार ने इंडियन बैंक में 155 वर्षों की विरासतवाले इलाहाबाद बैंक के समामेलन की घोषणा की।

- Government of India announced Amalgamation of Allahabad Bank – a bank with 155 years legacy into Indian Bank.

2020

बैंक ने 1 अप्रैल, 2020 को समामेलित इकाई के रूप में परिचालन शुरू किया। दोनों बैंकों के सीबीएस सिस्टम का एकीकरण 14.02.2021 को पूरा किया गया।

- Bank commenced its operation as an amalgamated entity from 1st April 2020. The integration of CBS systems of both the Banks was completed on 14.02.2021.

2022

बैंक ने ₹ 10 लाख करोड़ से अधिक का वैश्विक कारोबार प्राप्त किया।

- Bank's Global Business surpassed ₹10 lakh Cr.

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै
चेन्नै - 600 014

वार्षिक रिपोर्ट 2021–22

विषयवस्तु

	पृष्ठ सं.
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश	1
निदेशकों की रिपोर्ट	7
प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण	10
कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट	30
कॉर्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट	41
कॉर्पोरेट अभिशासन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	71
सीईओ एवं सीएफओ द्वारा अनुपालन प्रमाणपत्र	72
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट	73
स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण :	
• तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखा और अनुसूचियाँ	77
• मुख्य लेखांकन नीतियां	89
• लेखों पर टिप्पणियां	94
• लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	135
समेकित वित्तीय विवरण :	
• तुलन पत्र, लाभ एवं हानि लेखा और अनुसूचियाँ	143
• मुख्य लेखांकन नीतियां	153
• लेखों पर टिप्पणियां	161
• लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	178
बेसल – III प्रकटीकरण	183

इंडियन बैंक
निवेशक सेवाएं कक्ष
संख्या. 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै
रायपेट्टा
चेन्नै – 600 014
दूरभाष सं. 044 2813 4698; फैक्स सं. 044 28134075
ई–मेल : investors@indianbank.co.in

शेयर अंतरण एजेंट
केमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज़ लिमिटेड
यूनिटः : इंडियन बैंक
सुब्रमणियन बिल्डिंग, 1, क्लब हाउस रोड
चेन्नै – 600 002
दूरभाष सं. 044 28460718; फैक्स सं. 044 28460129
ई–मेल : investor@cameoindia.com

लेखापरीक्षक

कृते मे. श्री राममूर्ति एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार

कृते मे. रविरंजन एण्ड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार

कृते मे. पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार

कृते मे. जी. नटेसन एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार

कृते मे. एसएआरसी एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार

सचिवीय लेखा परीक्षक

वी. सुरेश एसोसिएट्स
व्यावसायिक कंपनी सचिव

Corporate Office : 254-260, Avvai Shanumugam Salai
Chennai - 600 014

Annual Report 2021-22

CONTENTS

	Page No.
MD & CEO's Message	1
Directors' Report	233
Management Discussion and Analysis	236
Business Responsibility Report	256
Report on Corporate Governance	267
Auditors' Certificate on Corporate Governance	297
Compliance Certificate by CEO and CFO	298
Secretarial Audit Report	299
Standalone Financial Statements :	
• Balance Sheet, Profit and Loss Account and Schedules	303
• Significant Accounting Policies	315
• Notes on Accounts	320
• Auditors' Report	361
Consolidated Financial Statements :	
• Balance Sheet, Profit and Loss Account and Schedules	369
• Significant Accounting Policies	379
• Notes on Accounts	386
• Auditors' Report	403
Basel - III Disclosures	409

Indian Bank
Investor Services Cell
No.254-260, Avvai Shanmugam Salai
Royapettah
Chennai - 600 014
Tel No. 044 2813 4698; Fax No. 044 28134075
E-Mail : investors@indianbank.co.in

Share Transfer Agent
Cameo Corporate Services Limited
Unit : Indian Bank
Subramanian Building, 1, Club House Road
Chennai - 600 002
Tel No. 044 28460718; Fax No. 044 28460129
E-Mail : investor@cameoindia.com

Auditors

For M/s Sriramamurthy & Co.
Chartered Accountants

For M/s Ravi Rajan & Co. LLP
Chartered Accountants

For M/s PKF Sridhar & Santhanam LLP
Chartered Accountants

For M/s G. Natesan & Co.
Chartered Accountants

For M/s SARC & Associates
Chartered Accountants

Secretarial Auditor

V. SURESH ASSOCIATES
Practising Company Secretary

कॉर्पोरेट कार्यालय : 254 - 260 अव्वै षण्मुगम सालै
Corporate Office : 254-260, Avvai Shanmugam Salai
चेन्नै Chennai - 600 014

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2021-22

निष्पादन की प्रमुख बातें PERFORMANCE HIGHLIGHTS

(₹ करोड़ में) (₹ in crore)

विवरण Particulars	31.03.18*	31.03.19*	31.03.20*	31.03.21	31.03.22
कुल कारोबार Total Business	371020	429972	466116	928388	1009243
जमाएं (ग्लोबल) Deposits (Global)	208294	242076	260226	538071	593618
अग्रिम (ग्लोबल) Advances (Global)	162726	187896	205890	390317	415625
निवेश (सकल) Investments (Gross)	71232	66117	82622	181991	180235
ब्याज आय Interest Income	17113	19185	21405	39106	38856
गैर ब्याज आय Non Interest Income	2406	1883	3312	5650**	6915
कुल आय Total Income	19519	21068	24717	44756**	45771
ब्याज व्यय Interest Expenses	10850	12167	13798	23440	22128
परिचालनगत व्यय Operating Expenses	3668	4020	4421	10349	10926
कुल व्यय Total Expenditure	14518	16187	18219	33789	33054
परिचालनगत लाभ Operating Profit	5001	4881	6498	10967**	12717
निवल लाभ Net Profit	1259	322	753	3005	3945
जमा लागत (%) Cost of Deposits (%)	5.40	5.28	5.34	4.44	3.97
अग्रिमों पर प्रतिफल (%) Yield on Advances (%)	8.50	8.45	8.46	7.45	7.21
निवल ब्याज मार्जिन (%) Net Interest Margin (%)	2.90	2.96	2.87	2.81	2.93
आस्तियों पर प्रतिफल (%) Return on Assets (%)	0.53	0.12	0.26	0.50	0.63
ईक्विटी शेयर पूंजी Equity Share Capital	480	480	609	1129	1245
रिज़र्व एवं अधिशेष (पुनर्मूल्यन रिज़र्व को छोड़कर) Reserves & Surplus (excluding Revaluation Reserve)	15347	15813	18493	31528	36252
निवल संपत्ति Net Worth	15827	15785	18357	29812	33625
सकल एनपीए (%) Gross NPA (%)	7.37	7.11	6.87	9.85	8.47
निवल एनपीए (%) Net NPA (%)	3.81	3.75	3.13	3.37	2.27
पूंजी पर्याप्तता अनुपात - बेसल III Capital Adequacy Ratio - Basel III	12.55	13.21	14.12	15.71	16.53
प्रति शेयर अर्जन (₹) Earnings Per Share (₹)	26.21	6.70	14.33	26.61	32.38
प्रति शेयर बही मूल्य (₹) Book Value per Share (₹)	329.53	328.64	301.53	263.98	269.98
प्रति ईक्विटी शेयर लाभांश (₹) Dividend per Equity Share (₹)	---	--	--	2.00	6.50
शाखाओं की संख्या (नंबर) No. of branches (Nos.)	2823	2875	2890	6007	5735
कर्मचारियों की संख्या (नंबर) No. of employees (Nos.)	19843	19604	18758	41629	39803
प्रति कर्मचारी कारोबार (₹ लाखों में) Business per employee (₹ in lacs)	1856	2174	2462	2217	2520

*आंकड़े पूर्व–समामेलन अवधि के स्टैंडअलोन इंडियन बैंक के वित्तीय परिणामों से संबंधित हैं, अतः इनकी तुलना समामेलन पश्चात वित्तीय परिणामों के साथ न की जाए।

*Figures are related to standalone Indian Bank financial results for pre-amalgamation period, hence not comparable with post amalgamation financial results.

** जहां भी आवश्यक हो, चालू वर्ष के आंकडों के अनुरूप बनाने के लिए पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः वर्गीकृत किया गया है – वित्तीय विवरणों पर आरबीआई के मास्टर निदेशों के आलोक में – प्रस्तुतिकरण एवं प्रकटीकरण दिनांकित 30.08.2021।

** Figures of earlier period have been regrouped wherever necessary to confirm the current year classification - In the light of RBI Master Direction on Financial Statements – Presentation and Disclosures dated 30.08.21



प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश
MD & CEO's Message

एस एल जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

S L Jain
MANAGING DIRECTOR & CEO

प्रिय शेयरधारको,

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आपके बैंक के निष्पादन की प्रमुख विशेषताओं को आपके सामने प्रस्तुत करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है। आपका बैंक विकास पथ पर गतिशील है और इस वर्ष के दौरान बैंक की उपलब्धियों और पहलों का विवरण वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।

आपके बैंक ने यह उपलब्धि ऐसे आर्थिक माहौल के दौरान प्राप्त की है जब भारतीय अर्थव्यवस्था ने कई बाहरी और आंतरिक चुनौतियों से जूझते हुए अच्छा निष्पादन किया है। मैं मौजूदा वित्तीय तंत्र और वैश्विक व भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को संक्षेप में प्रस्तुत करना चाहता हूँ।

वैश्विक अर्थव्यवस्था :

यूक्रेन में युद्ध और वस्तुओं की कीमतों पर इसके परिणामी प्रभाव ने विश्व स्तर पर विकास को बाधित किया है। यह कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती ब्याज दरों, दुनिया के कुछ हिस्सों में बढ़े हुए व्यापारिक तनाव और भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित था। अति मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए, यूएस–संघ ने पहले ही नीतिगत दरों को मार्च'22 में 25 बीपीएस और मई'22 में 50 बीपीएस बढ़ा दिया है और आगामी महीनों में इसमें बढ़ोतरी की संभावना है। चीन के सख्त और व्यापक कोविड–19 प्रतिबंधों ने कारखानों में उत्पादन को रोक दिया और घरेलू मांग को संकुचित कर दिया, जिससे व्यापक आर्थिक संकट पैदा हो गया।

बाधित आपूर्ति और तीव्र आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण वस्तुओं की अधिक कीमतों ने मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा दिया है, जिससे परिवारों की वास्तविक आय कम हो गई। परिणामस्वरूप, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ष 2022 और 2023 के लिए वैश्विक विकास अनुमानों को घटाकर 3.6% कर दिया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था :

यद्यपि भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी खपत मांग और बढ़ते राजकोषीय घाटे के कारण प्रभावित हुई थी फिर भी, यह विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा वित्त वर्ष 22 के लिए जारी द्वितीय पूर्व अनुमान के तहत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को

Dear Shareholders,

It is my privilege to present before you the highlights of your Bank's performance during the financial year 2021-22. Your Bank continued to be on the growth trajectory and the details of achievements and initiatives of the Bank are provided in the Annual Report for the year.

The performance of your Bank came in an economic environment where the Indian economy did well despite multiple challenges faced externally as well as internally. Let me begin with a short glimpse of the prevailing financial eco-system and the outlook for global and Indian economy.

Global Economy:

The war in Ukraine and its consequent impact on commodity prices cast a cloud on the growth outlook globally. It was buffeted by volatile crude prices, rising interest rates in the Advanced Economies, heightened trade tensions and geopolitical uncertainties in some parts of the world. To curb runaway inflations, the US-Fed has already increased the policy rates by 25bps in Mar'22, 50bps in May'22 and more hikes are expected in coming months. China's tighter and wider COVID-19 curbs halted factory production and crimped domestic demand, adding to wider economic woes.

Higher commodity prices due to disrupted supplies and intensified economic uncertainties have fuelled inflationary pressures, squeezing real incomes of households. Consequently, the International Monetary Fund has scaled down the global growth projections for 2022 and 2023 to 3.6%.

Indian Economy:

Although, Indian economy was affected by slowing consumption demand and concerns on widening fiscal deficit, it continues to be one of the fastest growing economies in the world. The second advance estimates for FY22 released by

8.9% रखा गया जो महामारी (2019–20) के पूर्व अनुमानित स्तर से 1.8% अधिक है।

भू–राजनीतिक संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा पड़ रही है और वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही हैं, भारतीय अर्थव्यवस्था का नकारात्मक वैश्विक प्रतिक्रियाओं से मुक्त रहना संभव नहीं है। आरबीआई को आशा है कि वित्त वर्ष 2023 में वास्तविक जीडीपी 7.2% की दर से बढ़ेगी और अनुमानित मुद्रास्फीति 5.7% रहेगी। अनुकूल मानसून के कारण रबी के अच्छे उत्पादन की संभावनाएं ग्रामीण मांग के शुभ संकेत देती हैं। तीसरी लहर की धीमी गति और टीकाकरण कवरेज के विस्तार के साथ, निकट भविष्य में संपर्क–गहन सेवाओं और शहरी मांग में तेजी आने की आशा है।

महामारी के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में समग्र रूप से वृद्धि देखी गई है और आशा है कि यह वैश्विक अस्थिरता का भी सामना कर सकेगी।

बैंकिंग क्षेत्र :

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2022 के दौरान उदार रुख बनाए रखा, प्रणाली में पर्याप्त तरलता सुनिश्चित की और अर्थव्यवस्था में निरंतर विकास के लिए कई उपायों की घोषणा की। फिर भी, वैश्विक संघर्ष के कारण, अप्रैल 22 में मुद्रास्फीति 8 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, आरबीआई ने एक ऑफ–साइकिल एमपीसी बैठक आयोजित की और लगभग 2 वर्षों के बाद नीतिगत दरों में 40 बीपीएस की वृद्धि की गई।

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र पर्याप्त रूप से पूंजीकृत है और लगभग सभी प्रमुख श्रेणियों के उधारकर्ताओं से ऋण की मांग में उत्साहजनक वृद्धि आई है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान भारत में एससीबी ने सभी व्यावसायिक मापदंडों में निरंतर वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2022 के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा ऋण वितरण में धीरे–धीरे वृद्धि हुई है।

बैंक का निष्पादन – वित्त वर्ष 2022

इस पृष्ठभूमि में, मैं वित्त वर्ष 22 के दौरान बैंक के निष्पादन का एक स्नैपशॉट प्रस्तुत करना चाहता हूं।

बैंक नेटवर्क :

वर्तमान में, बैंक का भारत भर में एक व्यापक शाखा नेटवर्क है, जिसमें 5732 शाखाएँ, 4925 एटीएम और बीएनए के साथ–साथ 9657 व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) शामिल हैं। इस वर्ष, बैंक के समग्र विकास हेतु गुणवत्तापूर्ण व्यवसाय अर्जन के लिए बैंक संभावित केंद्रों की पहचान कर रही है। ये केंद्र नए और विकासशील क्षेत्रों में स्थित होंगे, विशेष रूप से टियर–I और टियर–II शहरों और बैंक रहित ग्रामीण केन्द्रों में जो बहुत तेजी से विस्तार कर रहे हैं।

लैंडमार्क कारोबार आंकड़ा :

वित्त वर्ष 2022 की सभी चार तिमाहियों में बैंक ने सभी प्रमुख व्यावसायिक मापदंडों में अच्छा निष्पादन किया। मार्च 22 में बैंक के निष्पादन की मुख्य विशेषता यह रही कि इसने ₹10 लाख करोड़ सकल व्यवसाय प्राप्त कर लिया और इसमें

the National Statistical Office (NSO) placed the real Gross Domestic Product (GDP) growth at 8.9%, 1.8% above the pre-pandemic (2019-20) level.

As the Geopolitical conflicts continues to disrupt the global supply chain and inflate prices of goods and commodities, the Indian economy is not expected to remain immune from the negative global reactions. RBI expects the real GDP to grow at 7.2% and projected inflation at around 5.7% in FY23. Good prospects of rabi output on the back of favourable monsoon augur well for rural demand. With the ebbing of the third wave and expanding vaccination coverage, pick-up in contact-intensive services and urban demand is expected to be sustained in the near future.

Indian economy overall showed resilience during pandemic years and is also expected to weather the present global turbulence.

Banking Sector

RBI maintained its accommodative stance throughout FY22, ensured adequate liquidity in the system and announced several measures for the continuous growth in the economy. However, due to global conflict, inflation surged to near 8-year high in Apr'22, RBI conducted an off-cycle MPC meeting and hiked the Policy rates by 40bps after almost 2 years.

The Indian Banking sector is sufficiently capitalised and the demand for credit from almost all the major categories of borrowers is encouraging. The SCBs in India posted continuous growth across all the business parameters in FY22. Demand for credit disbursed by Scheduled Commercial Banks (SCBs) has improved gradually through FY22.

Bank's Performance - FY22

Against this backdrop, I would like to present a snapshot of the Bank's performance during FY22.

Bank's Footprint:

Currently, the Bank has an extensive branch network across India, comprising 5732 branches, 4925 ATMs and BNAs as well as over 9657 Business Correspondents (BCs). This year, Bank is in the process of identifying potential centres to tap quality business to support the overall growth of the Bank. These centres would be located in the new and developing areas across centres, especially in Tier-I and Tier-II cities and Unbanked Rural Centres which are expanding very fast.

Landmark Business Figure:

Bank performed well in all key Business parameters in all the four quarters of FY22. The highlight of the Bank's performance was achieving landmark of ₹10 Lakh Cr in Gross Business in

वर्ष–दर–वर्ष 9% की वृद्धि हुई। इस वृद्धि में जमाराशियों में 10% की वृद्धि और सकल अग्रिमों में 6% की वृद्धि शामिल है। मार्च 22 में बैंक की जमाराशि और अग्रिम क्रमश: ₹593618 करोड़ और ₹415625 करोड़ थी।

मजबूत कासा :

बैंक ने अपनी कम लागत की जमाओं का आधार बनाए रखा है, जिससे मार्जिन में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2022 में बैंक का कासा अनुपात 42% पर बना रहा। मूल्य के संदर्भ में, कासा जमा वित्त वर्ष 2021 में ₹227595 करोड़ से 9% वर्ष–दर–वर्ष बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में ₹247926 करोड़ हो गया।

रैम (रिटेल, कृषि और एमएसएमई) और कॉर्पोरेट अग्रिम :

बैंक ने विभिन्न क्षेत्रों में ऋण दिया है जिसमें रैम का हिस्सा वित्तीय वर्ष'21 के 58% के सापेक्ष 61% रहा। ₹395698 करोड़ के कुल देशी ऋण पोर्टफोलियो में वित्तीय वर्ष'22 में आरएएम क्षेत्र का हिस्सा ₹242700 करोड़ रहा। रिटेल, कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों में क्रमशः 15%, 12% और 6% की वृद्धि हुई है। पिछले दो वर्षों से आर्थिक मंदी के कारण वित्त वर्ष 2022 में कॉर्पोरेट ऋण में 5% की कमी के साथ ₹152998 करोड़ रहा।

कोविड–19 की दूसरी और तीसरी लहर के दौरान, बैंक ने महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को जीवन प्रदान करने के लिए आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) सहित अति आवश्यक ऋण सुविधाएं प्रदान करके ग्राहकों का सहयोग करना जारी रखा।

आय और लाभप्रदता :

बैंक की निवल ब्याज आय पिछले वर्ष के ₹15666 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में ₹16728 करोड़ हो गई, जिसमें वर्ष–दर–वर्ष 7% की वृद्धि हुई है। फलस्वरूप, परिचालन लाभ में 16% की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के ₹10967 करोड़े की तुलना में ₹12717 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022 में बैंक का निवल लाभ 31% बढ़कर ₹3945 करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 2021 में ₹3005 करोड़ था।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र :

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम ₹148806 करोड़ था और यह तिमाही औसत प्रतिशत के रूप में आरबीआई द्वारा निर्धारित समायोजित निवल बैंक ऋण के 40.00% के अनिवार्य लक्ष्य के सापेक्ष 43.83% था। मार्च'22 की समाप्ति पर कृषि ऋण ₹68936 करोड़ था और यह तिमाही औसत प्रतिशत के रूप में आरबीआई द्वारा निर्धारित एएनबीसी के 18.00% के अनिवार्य लक्ष्य के सापेक्ष 20.10% था।

स्वयं सहायता समूह ऋण :

वित्तीय वर्ष'22 के दौरान, बैंक का एसएचजी पोर्टफोलियो पिछले वर्ष ₹7785 करोड़ के सापेक्ष 22% वर्ष–दर–वर्ष बढ़कर ₹9524 करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें 31 मार्च'22 को 3.30 लाख एसएचजी शामिल थे।

Mar'22 and grew by 9% YoY. The growth was aided by 10% growth in deposit and 6% in Gross advances. The deposit and advances of the Bank stood at ₹593618 Cr and ₹415625 Cr in Mar'22 respectively.

Strong CASA:

Bank has maintained its low cost deposit base, which aided in improving the margins. Bank's CASA ratio was maintained at 42% in FY22. In value terms, CASA deposits increased by 9% YoY from ₹227595 Cr in FY21 to ₹247926 Cr in FY22.

RAM (Retail, Agriculture and MSME) and Corporate Advances:

Bank has a well-diversified credit book constituting 61% share of RAM increasing from 58% in FY21. Out of total domestic credit portfolio of ₹395698 Cr, RAM constitutes ₹242700 Cr in FY22. The Retail, Agriculture and MSME sectors grew by 15%, 12% and 6% respectively. The Corporate loan book moderated by 5% at ₹152998 Cr in FY22 due to economic slowdown for last couple of years.

During the second and the third wave of covid-19, the Bank continued to extend support to the customers by providing much needed credit facilities including Emergency Credit Line Guarantee Scheme (ECLGS) to bring lifeline in the pandemic hit economy.

Earnings and Profitability:

Net Interest Income of the Bank increased to ₹16728 Cr in FY22 from ₹15666 Cr in the previous year, registering a growth of 7% YoY. Consequently, Operating Profit recorded a growth of 16% to reach ₹12717 Cr as compared to ₹10967 Cr in the previous year. Net Profit of the Bank grew substantially by 31% to ₹3945 Cr in FY22 as against ₹3005 Cr in FY21.

Priority Sector:

Priority Sector Advances were at ₹148806 Cr for the year ended March 31, 2022 and as a percentage to quarterly average Adjusted Net Bank Credit (ANBC) stood at 43.83% as against the RBI mandatory target of 40.00%. Agriculture Credit stood at ₹68936 Cr at the end of Mar'22 and the percentage to quarterly average ANBC was 20.10% as against the RBI mandatory target of 18.00%.

Self Help Group (SHG) Lending:

During the FY22, SHG portfolio of the bank grew at 22% YoY to reach ₹9524 Cr involving 3.30 lakh SHGs as on 31 Mar'22 as against ₹7785 Cr previous year.

Bank has been awarded the Best Performing Bank – SHG Bank Linkage for FY21 by Government of India. It has also

बैंक को भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष, 21 के लिए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाले बैंक – एसएचजी बैंक लिंकेज से सम्मानित किया गया है। इसे वित्तीय वर्ष 2021 के लिए "तमिलनाडु में एसएचजी बैंक लिंकेज प्रोग्राम" के तहत निष्पादन में उत्कृष्टता के लिए नाबार्ड द्वारा पीएसबी वर्ग में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

आस्ति गुणवत्ता :

सकल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) पिछले वित्त वर्ष में 9.85% के सापेक्ष घटकर वित्तीय वर्ष 22 में ₹35214 करोड़ पर 8.47% हो गई। इसी अवधि के दौरान निवल एनपीए भी 110 बीपीएस की गिरावट के साथ ₹8849 करोड़ हो गई और यह वित्तीय वर्ष 21 में 3.37% के सापेक्ष, 31 मार्च, 2022 को 2.27% थी।

मजबूत पूंजी संरचना :

बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार परिकलित बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) मार्च 22 को 16.53% के अच्छे स्तर पर था, जिसमें टियर– I पूंजी 13.17% थी। कुल मिलाकर, 31 मार्च, 2022 तक कुल जोखिम भारित संपत्ति ₹308938 करोड़ थी। वर्ष के दौरान, बैंक ने अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी) के माध्यम से ₹1650 करोड़ की इक्विटी पूंजी जुटाई। 31 मार्च, 2021 को सरकार की धारिता 88.06% से घटकर 31 मार्च, 2022 को 79.86% हो गई है।

वित्तीय समावेशन पहल :

वित्तीय समावेशन के तहत बैंक का निष्पादन उल्लेखनीय रहा। मार्च 22 की स्थिति के अनुसार, बैंक ने 185.06 लाख पीएमजेडीवाई खाते खोले जिसमें बकाया राशि ₹7609 करोड़ थी और इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 12.24% की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, बैंक ने 7.05 लाख पात्र खाताधारकों को ओवरड्राफ्ट स्वीकृत किया है और लगभग 60% खातों को रूपे कार्ड जारी किए हैं। पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के तहत दावा निपटान अनुपात क्रमशः 94.80% और 97.90% था।

प्रौद्योगिकी का उपयोग :

ग्राहक की सुविधा के लिए उत्पाद/सेवाएं प्रदान करने में डिजिटल बैंकिंग का महत्वपूर्ण स्थान है। डिजिटल क्षेत्र में ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए, बैंक उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 22 की चौथी तिमाही के दौरान, बैंक के 77% लेनदेन डिजिटल/एटीएम/बीएनए चैनलों के माध्यम से किए गए, जो वित्तीय वर्ष 21 की चौथी तिमाही में 60% था। एटीएम, वेबसाइट, मोबाइल बैंकिंग, चैटबॉट, सोशल मीडिया जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से उत्पन्न लीड को व्यापार में उनके प्रभावी रूपांतरण के लिए लीड मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) से एकीकृत किया गया है। वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने बिजनेस लीड, रिटेल और एमएसएमई ऋण उत्पादों की क्रॉस सेलिंग आदि के लिए पूर्ण डेटा एनालिटिक्स समाधान लागू किया है।

been awarded First Prize among PSBs by NABARD for Excellence in performance under "SHG Bank Linkage Programme in Tamil Nadu" for FY21.

Asset Quality:

Gross Non-Performing Assets (GNPA) reduced to 8.47% at ₹35214 Cr in FY22 as against 9.85% in the previous financial year. Net NPA also declined by 110 bps to ₹8849 Cr during the same period and was at 2.27% as on March 31, 2022 as against 3.37% in FY21.

Sound Capital Structure:

Capital Adequacy Ratio (CRAR) of the Bank computed as per Basel III guidelines, stood at comfortable level of 16.53% as on Mar'22 with Tier-I Capital at 13.17%. In absolute term, the total risk weighted asset as on March 31, 2022 was at ₹308938 Cr. During the year, Bank raised Equity Capital of ₹1650 Cr through Qualified Institutional Placement (QIP). Government holding has come down from 88.06% as on March 31, 2021 to 79.86% as on March 31, 2022.

Financial Inclusion Initiatives:

Bank's performance under financial inclusion was noteworthy. As on Mar'22, the Bank opened 185.06 lakhs PMJDY accounts and the outstanding balance stood at ₹7609 Cr which is 12.24% growth over previous year. Further, the Bank has sanctioned overdraft to 7.05 lakhs eligible account holders and issued RuPay cards to around 60% of the accounts. The claim settlement ratio under PMJJBY and PMSBY was 94.80% and 97.90% respectively.

Leveraging Technology

Digital Banking has become a great enabler in providing products/services to the convenience of the customer. Bank has embarked upon promoting products and services to enhance customer satisfaction in the digital space. During Q4FY22, 77% of the Bank's transactions were carried out through Digital/ATM/BNA Channels as against 60% during Q4FY21. Leads generated through various channels like ATM, Website, Mobile Banking, Chatbot, Social Media are integrated with Lead Management System (LMS) for their effective conversion into business. During the financial year, Bank has implemented full-fledged Data Analytics solution for generation of business leads, cross selling of Retail & MSME loan products etc.

मानव संसाधन पहल :

व्यवसाय और कर्मचारियों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मानव संसाधन की सक्रिय भूमिका संस्था को विशिष्ट और कर्मचारी अनुकूल बनाती है। सेवारत और सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों के लिए मुफ्त ऑनलाइन डॉक्टर परामर्श के लिए बैंक का मैसर्स प्रैक्टो के साथ टाई–अप है। बैंक ने कर्मचारियों के लिए इंटरैक्टिव डैशबोर्ड और प्रभावी व्यक्तिगत विकास योजना के साथ, निष्पादन के आवधिक मूल्यांकन के उद्देश्य से न्यू एज परफॉर्मेंस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) भी विकसित किया है। बैंक ने "इंड परामर्श" की शुरुआत की है जो गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों द्वारा स्थानांतरण अनुरोधों को पंजीकृत करने के लिए एक विशेष पोर्टल है।

नई पहल :

24X7 डिजिटल सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए, बैंक ने 3 क्लिक में तत्काल संवितरण और एंड टू एंड डिजिटलीकरण के साथ पूर्व स्वीकृत व्यक्तिगत ऋण उत्पाद लॉन्च किया है।

डिजिटल मोड के माध्यम से केसीसी नवीकरण, मुद्रा और गोल्ड लोन से संबंधित हामीदारी प्रस्तावों को शीघ्र ही लाइव किया जाएगा।

एमएसएमई उद्यमियों के लिए एमएसएमई प्रेरणा नामक व्यावसायिक परामर्श कार्यक्रम को 10 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में 7 भाषाओं में सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 1191 उद्यमियों को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से 342 महिलाएं थीं।

'इंड स्प्रिंग बोर्ड' योजना के तहत चिन्हित किए गए स्टार्ट–अप को वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करने के लिए बैंक ने तीन आईआईटी, दो आईआईएम के साथ–साथ आईआईएस बेंगलुरु, वीआईटी वेल्लोर और चेन्नै एंजल्स के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

आगामी रणनीति :

इंडियन बैंक ने ग्राहकों को जोड़ने और उनकी आवश्यकतानुसार उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए व्यापक डिजिटल परिवर्तन किया है। यह गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा के लिए सबसे बड़ा माध्यम होगा और हमारा मिशन है कि अपनी सेवाओं में सर्वोत्तम नवाचार और प्रौद्योगिकी लाएं और चयनित सभी चैनलों के माध्यम से प्रत्येक ग्राहक की विशेष जरूरतों को पूरा करें।

डिजिटल परिवर्तन के हिस्से के रूप में, बैंक ने "प्रोजेक्ट–वेव" (वर्ल्ड ऑफ एड्वान्स्ड वर्चुअल एक्सपीरियंस) लॉन्च किया है और प्रमुख डिजिटलीकरण पहल के लिए एक विशेष डिजिटलीकरण कक्ष बनाया है। मैसर्स बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप को डिजिटल परिवर्तन सलाहकार के रूप में शामिल किया गया है। पूर्व–स्वीकृत व्यक्तिगत ऋण उत्पाद (पीएपीएल) की कड़ी में, भविष्य में स्वचालित ऋण देने के लिए कई डिजिटल पहलें शुरू करने की योजना है।

बैंक का सामूहिक उद्देश्य अथक कार्रवाई कर गुणवत्तापूर्ण रणनीतिक योजनाओं को निष्पादित करने के लिए प्रतिबद्ध प्रयासों के माध्यम से व्यवस्थित रूप से बैंक का विकास करना है।

HR Initiatives:

The proactive role of HR in foreseeing the necessities of business and employees make the institution special and an employee friendly one. Bank has tied -up with M/s. Practo for free online Doctor consultation for serving and retired staff members. Bank has also developed New Age Performance Management System (PMS) aimed at periodical assessment of performance with interactive dashboard and robust individual development plan for employees. Bank has also introduced "*Ind Paramarsh* "- an exclusive portal for employees suffering from critical illness to register their transfer requests.

New Initiatives:

To provide 24x7 digital solution, Bank has launched Pre approved Personal Loan product with an end to end digitisation with instant disbursement in 3 Clicks.

Underwriting proposals related to KCC Renewal, Mudra & Gold Loan through digital mode would be made live shortly.

MSME Prerana, a business mentorship programme for MSMEs has been successfully rolled out in 10 states/ UTs in 7 languages. Under this programme 1191 entrepreneurs were trained of which 342 were women.

To facilitate funding for identified start-ups under 'Ind Spring Board' scheme, the Bank has signed MOUs with three IITs, two IIMs along with IISc Bangalore, VIT Vellore and Chennai Angels.

Way Forward:

At Indian Bank we have taken up comprehensive digital transformation for customer engagement and personalised offerings of our products and services. This will be the biggest enabler for quality customer service and our mission is to bring the best of innovation and technology in our offerings and be responsive to the unique needs of every customer through all channels of choice.

As a part of digital transformation, the Bank has launched **"Project-WAVE"** (World of Advanced Virtual Experience) and created an exclusive digitisation cell for undertaking key digitisation initiatives. M/s Boston Consultancy Group has been on boarded as digital transformation consultant. In continuation to Pre-Approved Personal Loan product (PAPL), several digital journeys for automated lending are planned to be launched in future.

The collective objective of the Bank is to grow organically through committed efforts to execute strategic plans by achieving scale and quality, driven by relentless action.

बार–बार कर्मचारी–ग्राहक संपर्क के साथ कुशल और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने और उन्हें अधिक आसान सुविधा देने के लिए डिजिटल बैंकिंग के उपयोग के बारे में शिक्षित करने पर जोर दिया जाएगा। बैंक में नवोन्मेषी बिक्री संस्कृति को बढ़ावा देने और सभी ग्राहकों द्वारा डिजिटल बैंकिंग अपनाने में तेजी लाने के लिए लीड को व्यवसाय में बदलने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाएगा।

आभार

मैं इस अवसर पर बोर्ड के सभी सदस्यों को वर्ष भर के कार्य के दौरान उनके बहुमूल्य समर्थन, मार्गदर्शन और इनपुट के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं बैंक की विकास गाथा में हमारे निष्ठावान ग्राहकों के निरंतर समर्थन को भी स्वीकार करना चाहता हूं। मैं चुनौतीपूर्ण समय में हमारे समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ कार्यबल के अथक प्रयासों और उत्कृष्ट निष्पादन के लिए उनकी सराहना करता हूं।

मैं बैंक के सभी प्रयासों में भारत सरकार, आरबीआई, हमारे सभी मूल्यवान शेयरधारकों और अन्य हितधारकों को भी उनके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

हम आगे भी आपके समर्थन, सद्भावना और संरक्षण के आकांक्षी हैं।

शुभकामनाओं सहित,

सादर,

एस एल जैन
एमडी एवं सीईओ

Emphasis would be on offering efficient and excellent customer service with frequent employee-customer connects and educating them about the usage of digital banking for ease and convenience. Adequate focus would be given on conversion of leads into business, to promote innovative sales culture in the Bank and to accelerate digital adaptation by all the customers.

Acknowledgement

I would like to take this opportunity to thank all the members of the Board for their valuable support, guidance and inputs during the course of journey throughout the year. I would also like to acknowledge the unstinted support of our loyal customers in the growth story of the Bank. I appreciate our dedicated and devoted work force for their untiring efforts and outstanding performance in challenging times.

I also wish to sincerely thank the Government of India, RBI, all our valuable shareholders and other stakeholders for their continued confidence and support to the Bank in all its endeavours.

We would continue to look forward for your support, goodwill and patronage.

With best wishes,

Yours sincerely,

S L Jain
MD & CEO

निदेशकों की रिपोर्ट 2021–22

सेवा में

सदस्यगण...

आपके निदेशकों को बैंक के **31 मार्च 2022** को समाप्त वर्ष के लेखा परीक्षित लेखों का विवरण और नकदी प्रवाह विवरण के साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में अत्यधिक हर्ष हो रहा है।

प्रमुख वित्तीय विवरणियाँ

वित्तीय वर्ष **2021–22 के दौरान आपके बैंक के निष्पादन** की **प्रमुख विवरणियाँ** निम्नानुसार हैं

ए) संसाधन जुटाना और अग्रिम (₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.21	31.03.22	वर्ष–दर–वर्ष (%)
देशी जमाएं	529264	584661	10.47
जिसमें से चालू	31861	35969	12.89
बचत	195166	211120	8.17
कासा	227027	247089	8.84
कासा मिश्रण (%)	42.89	42.26	-63 बीपीएस
विदेशी जमाएं	8807	8957	1.70
वैश्विक जमाएं	538071	593618	10.32
देशी अग्रिम(निवल)	379537	395698	4.26
विदेशी अग्रिम(निवल)	10780	19927	84.85
कुल अग्रिम(निवल)	390317	415625	6.48
कुल कारोबार	928388	1009242	8.71
कुल आस्तियां	626005	671668	7.29

1. मार्च 2022 में वैश्विक जमा राशि में 10.32% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई और यह ₹ 5,93,618 करोड़ हो गया है।
2. घरेलू कासा 8.84% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 2,47,089 करोड़ हुआ। कासा पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए, बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 22 के दौरान 40,87,902 नए कासा खाते खोले गए हैं।
3. बैंक की घरेलू मीयादी जमाओं में वित्तीय वर्ष 21 के 6.92% की तुलना में वित्तीय वर्ष 22 में 11.69% की वृद्धि दर्ज की।
4. बैंक का सकल अग्रिम 31 मार्च, 2022 को वर्ष दर वर्ष आधार पर 6.48% बढ़कर 4,15,625 करोड़ रुपये हो गया, जो 31 मार्च 2021 को 3,90,317 करोड़ रुपये था।
5. 31.03.2022 को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिए गए अग्रिम की राशि **रुपए 1,48,806 करोड़** थी। वित्तीय वर्ष 2022 में समायोजित शुद्ध बैंक ऋण(एएनबीसी) के प्रतिशत के रूप में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के 40.00% अनिवार्य लक्ष्य की तुलना में 45.47% रहा।
6. कृषि ऋण (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र) रुपए **68936 करोड़** रहे और त्रैमासिक औसत समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) के प्रतिशत के रूप में 18.00% के अनिवार्य लक्ष्य की तुलना में 21% रहा।
7. वित्तीय वर्ष 22 के दौरान आरबीआई द्वारा निर्धारित सभी अनिवार्य लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है।
8. 31 मार्च, 2022 को सकल एनपीए और निवल एनपीए क्रमशः ₹ 35,214 करोड़ (8.47%) और ₹ 8,849 करोड़ (2.27%) था, जबकि 31 मार्च, 2021 में यह क्रमशः ₹38,455 करोड़ (9.85%) और ₹ 12,271 करोड़ (3.37%) था।
9. वित्त वर्ष 22 के दौरान एनपीए की कुल वसूली पिछले वर्ष के ₹ 4,477 करोड़ की तुलना में ₹5,087 करोड़ (एयूसी खातों में वसूली सहित) रही।
10. एयूसी खातों में वित्तीय वर्ष 21 के दौरान ₹618 करोड़ की वसूली की तुलना में वित्तीय वर्ष 22 के दौरान ₹1,612 करोड़ की वसूली हुई।
11. वित्त वर्ष 2022 में बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 526 बीपीएस बढ़कर 87.38% हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह 82.12% था।
12. 31 मार्च, 2022 तक बैंक की 5,732 घरेलू शाखाओं और 3 विदेशी शाखाओं का नेटवर्क है, जिससे कुल शाखा नेटवर्क 5,735 हो गया है।
13. कुल एटीएम एवं बीएनए की संख्या 4925 रहा, जिसमें 624 ऑफसाइट एटीएम / बीएनए व 3 मोबाइल एटीएम शामिल हैं।
14. 31 मार्च, 2022 तक 1969 स्थानों पर पासबुक कियोस्क स्थापित किए गए।

बी) आय एवं व्यय (₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.21	31.03.22	वर्ष–दर–वर्ष (%)
अर्जित ब्याज	39106	38856	-0.64
व्यय किया गया ब्याज	23440	22128	-5.60
निवल ब्याज आय(एनआईआई)	15666	16728	6.78
अन्य आय	5650	6915	22.39
जिसमें से – शुल्क आय	2368	2555	7.90
निवेश के विक्रय पर लाभ	2124	1626	-23.45
डूबंत कर्ज की वसूली	618	1612	160.84
परिचालन राजस्व (एनआईआई. अन्य आय)	21316	23643	10.92
परिचालन व्यय	10349	10926	5.58
जिसमें से कर्मचारी व्यय	6378	6695	4.97
अन्य परिचालनगत व्यय	3971	4231	6.55
परिचालनगत लाभ	10967	12717	15.96
प्रावधान	7962	8772	10.17
जिसमें से एनपीए के लिए प्रावधान (एनपीआई सहित)	7318	8557	16.93
मानक अग्रिमों के लिए प्रावधान	469	962	105.12
कर के लिए प्रावधान	(99)	(741)	-
निवल लाभ	3005	3945	31.28

31 मार्च, 2022 तक

1. बैंक की कुल आय में 2% की वृद्धि हुई और यह ₹ 45,771 करोड़ रही, जिसमें ब्याज आय ₹38,856 करोड़ और अन्य आय ₹ 6,915 करोड़ थी।
2. बैंक का कुल व्यय 2.17% कम हुआ और 33,054 करोड़ रुपये रहा, जिसमें ब्याज व्यय 22,128 करोड़ रुपये और परिचालन व्यय 10,926 करोड़ रुपये था।
3. बैंक के परिचालन लाभ और निवल लाभ में क्रमशः 16% और 31% की वृद्धि देखी गई और यह क्रमशः ₹12,717 करोड़ और ₹3,945 करोड़ रहा। (वित्त वर्ष 2021 के लिए यह क्रमशः ₹10,967 करोड़ और ₹3,005 करोड़ था)।

सी) मार्च, 2022 के लिए महत्वपूर्ण अनुपात निम्नानुसार हैं:–

(प्रतिशत में)

मापदंड	मार्च – 21	मार्च – 22
अग्रिमों पर प्रतिलाभ	7.45	7.21
जमा लागत	4.44	3.97
आस्तियों पर प्रतिलाभ	0.50	0.63
इक्विटी पर प्रतिलाभ	10.63	12.13
निवल ब्याज मार्जिन	2.81	2.93
लागत आय अनुपात	48.55	46.21
प्रति कर्मचारी औसत कारोबार (लाख में)	2077	2252
प्रति कर्मचारी लाभ (₹ लाख में)	7.22	9.91

डी) निवल मालियत एवं सीआरएआर

1. 31.03.2022 को बैंक की निवल मालियत रुपए 33625 करोड़ रही जबकि 31 मार्च, 2021 में यह रुपए 29812 करोड़ रही।

2. बेसल III मानदंडों के अनुसार, जोखिम भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) पूंजी 11.50% की नियामक आवश्यकता के सापेक्ष में 31 मार्च, 2022 को 16.53% रही, जबकि मार्च 31,2021 में यह 15.71% थी। सीईटी–I अनुपात 8.00% की न्यूनतम आवश्यकता की तुलना में 12.53% रहा जबकि मार्च 31, 2021 में यह 11.27% थी। 31 मार्च 2022 को टीयर–I पूंजी सीआरएआर 13.17% रहा।

3. वर्ष के दौरान, बैंक ने अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी) के माध्यम से ₹1,650 करोड़ की इक्विटी पूंजी जुटाई। सरकारी की धारिता 31 मार्च, 2021 को 88.06% से घटकर 31 मार्च, 2022 तक 79.86% हो गई है।

(प्रतिशत में)

बेसल III	निम्न तारीख को	
	मार्च 2021	मार्च 2022
सीईटी – I	11.27	12.53
टियर I – पूँजी	11.93	13.17
टियर II – पूँजी	3.78	3.36
कुल	**15.71**	**16.53**

ई) भर्ती / प्रशिक्षण

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, सीधी भर्ती और आंतरिक पदोन्नति की प्रक्रिया के दौरान, अजा / अजजा कर्मचारियों को भर्ती पूर्व और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

एफ) वर्ष के दौरान बोर्ड में परिवर्तन :

शेयर धारक निदेशकों के अलावा सभी निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त / नामांकित किए गए।

1. श्री शांति लाल जैन ने भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, अधिसूचना दिनांक 26.08.2021 के तहत 01.09.2021 से बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

2. श्री अश्वनी कुमार ने भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, अधिसूचना दिनांक 21.10.2021 के तहत 21.10.2021 से बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

3. सुश्री पापिया सेनगुप्ता को 29.10.2021 से तीन वर्षों की अवधि के लिए बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में चुना गया था।

4. श्री बालमुकुंद सहाय को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, अधिसूचना दिनांक 21.12.2021 के तहत तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया गया था।

5. श्री विश्वेश कुमार गोयल को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, अधिसूचना दिनांक 21.12.2021 के तहत तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया गया था।

6. भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, अधिसूचना दिनांक 08.03.2022 ने डॉ आदित्य गैहा को श्री एस के पाणिग्रही के स्थान पर आरबीआई द्वारा नामित निदेशक के रूप में नामित किया। श्री एस. के. पाणिग्रही 07.03.2022 तक आरबीआई द्वारा नामित निदेशक थे।

7. श्री के रामचंद्रन 30.06.2021 तक बैंक के कार्यपालक निदेशक थे।

8. सुश्री पद्मजा चुन्दूरू का बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में तीन साल का कार्यकाल 31.08.2021 को समाप्त हो गया।

9. बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री वी वी शेणॉय का कार्यकाल उनकी सेवानिवृत्ति पर 31.03.2022 को समाप्त हो गया।

जी) निदेशकों के उत्तरदायित्व से संबंधित कथन

निदेशक संपुष्ट करते हैं कि मार्च 31, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा तैयार करते समय :

1. महत्वपूर्ण विचलन, यदि हों, के संबंध में उचित स्पष्टीकरण सहित प्रयोज्य लेखा मानकों का पालन किया गया है।

2. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार गठित लेखांकन नीतियों को लगातार लागू किया गया।

3. वित्तीय वर्ष के अंत तक बैंक के कार्यकलाप व स्थिति पर सही एवं न्यायोचित दृष्टि तथा 31 मार्च, 2022 तक बैंक के लाभ का सटीक चित्र देने के लिए उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय एवं आकलन किए गए।

4. भारत में बैंकों को अधिशासित करनेवाले प्रयोज्य कानूनों के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्डों को बनाए रखने के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती गई; और

5. लेखों को मौजूदा स्थितियाँ के संज्ञान के आधार पर तैयार किया गया है।

एच) आभारोक्ति

बोर्ड, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड का उनके मूल्यवान मार्गदर्शन और सहायता के लिए आभार व्यक्त करता है। बोर्ड वित्तीय संस्थानों और संपर्की बैंकों को भी उनके सहयोग व समर्थन के लिए धन्यवाद देता है। बोर्ड अपने ग्राहकों व शेयरधारकों से मिले अनवरत समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करता है।

बोर्ड सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, श्री के रामचंद्रन, श्री एस के पाणिग्रही, और श्री वी वी शेणॉय जिन्होंने इस वर्ष सदस्यता छोड़ी, के द्वारा दिये गये मूल्यवान योगदान के लिए अपनी सराहना व्यक्त करता है।

बैंक के समग्र निष्पादन के लिए स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रदत्त निष्ठावान सेवाएं तथा योगदान के प्रति बैंक अपनी सराहना व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल के लिए व उनकी ओर से

शांति लाल जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था

- वर्ष 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 6.1% की वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अग्रिम अनुमानों के अनुसार वर्ष 2022 में इसके 3.6% बढ़ने की संभावना है।

- वित्त वर्ष 22 की पहली तीन तिमाहियों के दौरान महामारी की दूसरी लहर से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, कोविड –19 महामारी के विनाशकारी परिणामों से प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था का धीरे–धीरे पुनरुद्धार हुआ।

- सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान ने महामारी के प्रभाव का मुकाबला करने में मदद की। फिर भी, ओमिक्रोन संस्करण के अल्पकालिक प्रभाव, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध, चीन में लगाए गए लॉकडाउन के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करने के कारण इस वर्ष के लिए वैश्विक आर्थिक संभावनाएं काफी खराब हो गई हैं।

- लगातार और व्यापक मुद्रास्फीति के कारण, प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) ने अपनी अल्ट्रा–समायोज्य मौद्रिक नीतियों को वापस ले लिया। कई उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं (ईएमई) सीमित मोड में रही हैं और आगे भी रहने की उम्मीद है। आर्थिक संभावनाओं के लिए समग्र जोखिम तेजी से बढ़े हैं और नीतिगत व्यापार अब और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गए हैं।

- इस घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए, आईएमएफ ने अप्रैल 22 में जारी अपने "वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक" में वर्ष 2022 और 2023 दोनों के लिए वैश्विक विकास 3.6% रहने का अनुमान लगाया है, जो कि जनवरी'22 के पूर्वानुमान से क्रमशः 0.8% और 0.2% कम है।

2. भारतीय अर्थव्यवस्था

- भारतीय अर्थव्यवस्था 2021 में 8.9% बढ़ी है और आईएमएफ द्वारा नवीनतम विश्व आर्थिक दृष्टिकोण के अनुसार 2022 में 8.2% बढ़ने का अनुमान है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने टिकाऊ आधार पर विकास को बनाए रखने के लिए पूरे वित्तीय वर्ष–22 में नीतिगत दरों पर यथास्थिति बनाए रखी और अर्थव्यवस्था पर कोविड–19 के प्रभाव को कम करना जारी रखा, जबकि यह सुनिश्चित किया कि मुद्रास्फीति आगे बढ़ने वाले लक्ष्य के भीतर बनी रहे।

- भू–राजनीतिक तनाव के परिणामस्वरूप वस्तुओं की कीमतों, कच्चे तेल की कीमतों आदि में तेज उछाल आया है, जिसके परिणामस्वरूप फरवरी 2022 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति में 6.07% की वृद्धि हुई है एवं आरबीआई के ऊपरी टोलेरेंस बैंड को पार कर यह मार्च 2022 में सत्रह महीने का उच्चतम 6.95% है।

- ग्राहक सुविधा के हित में और वर्ष के सभी दिनों में आरटीजीएस की उपलब्धता का लाभ उठाने के लिए, आरबीआई ने 1 अगस्त'21 से प्रभावी, पूरे वर्ष के सभी दिनों में एनएसीएच उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा।

- कृषि, एमएसएमई और आवास को ऋण देने के लिए पंजीकृत एनबीएफसी (एमएफआई के अलावा) को बैंक ऋण को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (पीएसएल) के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी गई थी। यह सुविधा 30 सितंबर, 21 की पूर्व वैधता अवधि से 31 मार्च, 22 तक बढ़ा दी गई थी।

- कच्चे तेल की कीमतों सहित उच्च वस्तुओं की कीमतें विकास और मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकती हैं, आरबीआई ने सीपीआई मुद्रास्फीति को वित्त वर्ष 2023 में औसतन 5.7% और वित्त वर्ष 2023 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.2% रहने का अनुमान लगाया है।

- आरबीआई ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए (स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग (वीआरआर) के तहत निवेश सीमा को 1 अप्रैल–22 से ₹1,00,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹2,50,000 करोड़ कर दिया है।

- दुनिया भर में उभरती व्यापक आर्थिक स्थिति के आकलन के आधार पर, आरबीआई ने 04 मई 22 से नीतिगत रेपो दर को 40 आधार अंकों से बढ़ाकर 4.40% कर दिया।

- आरबीआई ने लिक्विड एडजस्टमेंट फैसिलिटी (एलएएफ) कॉरिडोर के लिए स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी (एसडीएफ) को फ्लोर के रूप में पेश किया। मुद्रास्फीति में निरंतर वृद्धि को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने बाजार से अतिरिक्त तरलता हटाने के लिए एक अतिरिक्त उपकरण के रूप में एसडीएफ को फिर से सक्रिय किया है।

- रिजॉल्यूशन फ्रेमवर्क 2.0 के तहत एक्सपोजर थ्रेसहोल्ड में वृद्धि–आरबीआई ने एमएसएमई के साथ–साथ गैर–एमएसएमई छोटे व्यवसायों और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत ऋण के लिए एक्सपोजर सीमा को ₹25 करोड़ से बढ़ाकर ₹50 करोड़ करने का निर्णय लिया है।

- तरलता की क्रमिक निकासी के रुख के अनुरूप, आरबीआई ने 21 मई, 2022 से शुरू होने वाले पखवाड़े से प्रभावी नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को निवल मांग और ससमय देनदारियों (एनडीटीएल) के 50 आधार अंकों से बढ़ाकर 4.5% करने का भी निर्णय लिया।

- सरकारों द्वारा जारी किए गए ई–आरयूपीआई वाउचर के लिए राशि की सीमा को बढ़ाकर ₹1,00,000/– प्रति वाउचर करने और ई–रूपी वाउचर को कई बार उपयोग करने की अनुमति देने का भी प्रस्ताव है (जब तक वाउचर की राशि पूरी तरह से भुनाई नहीं जाती)।

- आरबीआई ने मार्च–23 तक स्वीकृत सभी नए आवास ऋणों के लिए पूर्वोक्त परिपत्र में निर्धारित जोखिम जारी रखने का निर्णय लिया है।

- भारतीय रिजर्व बैंक ने एचटीएम श्रेणी में एसएलआर पात्र प्रतिभूतियों को शामिल करने की सीमा को एनडीटीएल के 23% तक बढ़ाने का निर्णय लिया है और बैंकों को 1 अप्रैल, 2022 और 31 मार्च, 2023 के बीच 23% अधिग्रहीत प्रतिभूतियों को बढ़ी हुई सीमा के तहत शामिल करने की अनुमति दी है।

- भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को ऋण का पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करके नवीन विकास को पोषित करने और सहायता देने के उद्देश्य से प्रणाली में पर्याप्त अधिशेष तरलता बनाए रखी।

- आरबीआई ने वीआरआरआर नीलामियों के माध्यम से क्रमिक, अंशांकित और गैर–विघटनकारी तरीके से निष्क्रिय नियत दर ओवरनाइट रिवर्स रेपो विंडो से चलनिधि को लंबी अवधि की ओर पुनर्संतुलित करना जारी रखा।

- आरबीआई खुदरा प्रत्यक्ष योजना और एकीकृत लोकपाल योजना शुरू की हैं जिनका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को और बेहतर करना और जन केंद्रित पहल करना है।

- केंद्रीय बैंक ने निवेशकों को अनुमति दिया है कि वे प्राथमिक नीलामी में बोली लगाने के साथ–साथ सरकारी प्रतिभूतियों के लिए केंद्रीय बैंक के ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म तक पहुंच होगी, जिसे नेगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम–ऑर्डर मैचिंग सेगमेंट या एनडीएस–ओएम कहा जाता है।

- आरबीआई ने वित्तीय पैठ को बेहतर करने के लिए फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए भी एक यूपीआई–आधारित भुगतान उत्पाद लॉन्च करने का प्रस्ताव दिया है।

केंद्रीय बजट वित्तीय वर्ष – 23

- वित्तीय वर्ष 22 के लिए भारत सरकार के संशोधित अनुमान (आरई) के अनुसार राजकोषीय घाटा ₹1.51 लाख करोड़ (जीडीपी का 6.8%) के बजट लक्ष्य की तुलना में ₹1.59 लाख करोड़ (जीडीपी का 6.9%) है, जो पहले से कुछ अधिक है।

- वित्तीय वर्ष–23 में केंद्र सरकार का बकाया कर्ज 12% बढ़कर ₹152 लाख करोड़ होने का अनुमान है। यह सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 59%, वित्त वर्ष 2021 की तुलना में 2.1% कम और वित्त वर्ष 2022 की तुलना में 0.5% अधिक होगा।

- आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) को मार्च–23 तक बढ़ाया गया है और गारंटी कवर को ₹50,000 करोड़ बढ़ाकर कुल कवर ₹5 लाख करोड़ किया गया है, जिसमें अतिरिक्त राशि विशेष रूप से आतिथ्य और संबंधित उद्यमों के लिए निर्धारित की गई थी।

- 5 वर्षों में ₹6,000 करोड़ के परिव्यय के साथ एमएसएमई निष्पादन (आरएएमपी) कार्यक्रम को बढ़ाने और तेज करने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य एमएसएमई की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से एमएसएमई क्षेत्र को पुनर्जीवित करना था।

- पूंजीगत परिव्यय को 35.4% बढ़ाकर ₹7.50 लाख करोड़ करने की घोषणा की गई, जिससे पूंजीगत उपकरण और निर्माण मशीनरी की मांग बढ़ सकती है। उच्च दक्षता वाले मॉड्यूल के निर्माण के लिए पीएलआई के लिए ₹19,500 करोड़ का अतिरिक्त आबंटन, पूरी तरह से एकीकृत विनिर्माण इकाइयों को प्राथमिकता के साथ, सौर मॉड्यूल के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना है।

- वित्तीय वर्ष–23 में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) लॉन्च करने की घोषणा की है।

- डिजिटलीकरण पहल को बढ़ावा देने के लिए एससीबी 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां स्थापित करेंगे।

3. बैंकिंग क्षेत्र :

- बैंक जमाओं में अधिकतम वृद्धि बनाम ऋण वृद्धि के कारण जमाराशियों में बढ़ोत्तरी से बैंकिंग प्रणाली जून 19 से चलनिधि अधिशेष बनाए हुए है। मार्च, 2022 को समाप्त पखवाड़े में जमा राशि 170.16 लाख करोड़ रुपये रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 10.21% की स्थिर वृद्धि दर्ज की गई।

- सभी प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों द्वारा संचालित कोविड–19 की मंदी के बाद वित्तीय वर्ष 22 के दौरान ऋण में तेजी आई। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के लिए ऋण वृद्धि मार्च 22 में वार्षिक आधार पर 10.82% बढ़ी, जो एक साल पहले 5.61% थी।

4. विस्तृत कारोबार अवलोकन

- कुल कारोबार में वार्षिक आधार पर 9% की वृद्धि दर्ज की गई, जो मार्च,22 में ₹1009242 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई, जबकि मार्च, 21 में यह ₹928388 करोड़ थी। घरेलू कारोबार ने 8% की वृद्धि दर्ज की और मार्च 2021 में ₹908801 करोड़ की तुलना में ₹980358 करोड़ तक पहुंच गया।

- मार्च 22 में कुल जमा 10% वार्षिक बढ़कर ₹593618 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह ₹538071 करोड़ था।

- कासा (चालू खाता व बचत खाता) जमाराशियां मार्च 2021 में ₹227595 करोड़ की तुलना में ₹247926 करोड़ तक पहुंच गईं और इसमें 9% की वृद्धि दर्ज की गई।

- मार्च 22 में अग्रिम 6% बढ़कर ₹415625 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले ₹390317 करोड़ था। घरेलू ऋण ₹395698 करोड़ तक पहुंच गया (31 मार्च, 2021 को 379537 करोड़ था)।

- वैश्विक ऋण–जमा अनुपात 70.02% रहा।

(ए) जमाएं

वित्तीय वर्ष 22 में घरेलू जमाओं के तहत निष्पादनः

(₹ करोड़ में)

जमाएं	मार्च' 21	मार्च'22	वर्ष दर वर्ष (%)
चालू खाता	31861	35969	12.89
बचत बैंक	195166	211120	8.17
कासा	227027	247089	8.84
कासा : कुल जमाराशि का	42.89	42.26	-63 बीपीएस
मीयादी जमा	302237	337571	11.69
घरेलू जमाएं	529264	584661	10.47

- बचत बैंक जमाराशियां बढ़त दर्ज करते हुए मार्च 2021 में ₹195166 करोड़ की तुलना में 8% की वार्षिक वृद्धि के साथ मार्च 2022 में ₹211120 करोड़ तक पहुंच गईं।
- मार्च, 2021 में ₹31861 करोड़ की तुलना में मार्च, 2022 में चालू जमाएं 12. 89% (वर्ष–दर–वर्ष) की बढ़ोत्तरी के साथ ₹35969 करोड़ हुई है।
- सावधि जमा मार्च, 2021 में ₹302237 करोड़ की तुलना में मार्च'2022 को 11. 69% (वर्ष–दर–वर्ष) की वृद्धि के साथ ₹337571 करोड़ हो गया।
- वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान, बैंक ने 39.95 लाख नए बचत बैंक खाते और 0.93 लाख नए चालू खाते खोले हैं।
- मार्च 2021 में विदेशी जमा 2% (वर्ष दर वर्ष) बढ़कर ₹8957 करोड़ हो गया, जबकि मार्च 2021 में यह ₹8807 करोड़ था।
- एफसीएनआर/एनआरई जमाराशियां : अनिवासी भारतीय (एनआरआई) जमाराशियां 31.03.2021 की स्थिति के अनुसार ₹12086 करोड़ के मुकाबले 31.03.2022 को ₹12270 करोड़ के स्तर पर पहुंच गईं।
- बैंक ने दिनांक 08 मार्च 22 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए "इंड महिला शक्ति–555 दिन" नामक विशेष योजना 5.15% की विशेष ब्याज दर के साथ शुरूआत की।

(बी) खुदरा ऋण

- 31 मार्च, 2022 को बैंक का खुदरा ऋण 15% वार्षिक की दर से ₹69987 करोड़ से बढ़कर ₹80433 करोड़ हो गया, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

(रुपये करोड़ में)

मापदंड	मार्च –21	मार्च –22	वृद्धि वर्ष दर वर्ष
बंधक ऋण सहित आवास ऋण	47682	53852	13%
वाहन ऋण	3649	4198	15%
वेतन ऋण	2944	4422	50%
पेंशन ऋण	801	884	10%
शिक्षा ऋण	4684	4626	–1%
समूह सहित गैर प्राथमिकता आभूषण ऋण	3832	4787	25%
जमा के सापेक्ष ऋण (एलएडी) / अन्य	6395	7665	20%
कुल खुदरा ऋण	**69987**	**80433**	**15%**

- वित्तीय वर्ष 21–22 के दौरान 467974 खातों में कुल ₹31062 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।
- दिनांक 31.03.2022 को डीएसए की संख्या बढ़कर 8137 हो गई है।
- वर्ष के दौरान विभिन्न उत्पाद अर्थात् इंड कवच (कोविड –19 संबंधित खर्चों को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना), गृह ऋण प्रीमियम, पुरानी कारें और दोपहिया वाहन को लांच किया गया।
- बैंक के 79 खुदरा परिसंपत्ति प्रसंस्करण केंद्र (आरएपीसी) हैं जो विशेष रूप से खुदरा ऋणों को संसाधित करते हैं।

सह ऋण प्रणाली (सीएलएम)

- बैंक ने इंडिया बुल एचएफएल, इंडिया बुल्स सीसीएल, आईआईएफएल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज, एडलवाइस एचएफएल, ईसीएल फाइनेंस लिमिटेड, आईआईएफएल फाइनेंस, एसके फिन–कॉर्प लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया है। तंत्र के तहत कुल ₹500 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

(सी) कृषि

- बैंक का कृषि ऋण 31 मार्च, 2022 को 12% सालाना की दर से रुपए 78775 करोड़ से बढकर रुपए 88100 करोड़ हो गया, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

कृषि	31.03.2021	31.03.2022	वर्ष दर वर्ष (%)
फसल ऋण	64898	69051	6%
निवेश ऋण	6327	9241	46%
कृषि अनुषंगी	1702	3192	88%
बुनियादी ढांचा और सहायक	5848	6616	13%
कुल कृषि	78775	88100	12%

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2022 में ₹34830 करोड़ की पीएसएलसी बेचकर तथा ₹571 करोड़ की आय अर्जित की

कृषि संवितरण :

- कृषि के लिए ग्राउंड लेवल क्रेडिट फ्लो (जीएलसी) के तहत, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान ₹45000 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले ₹58120 करोड़ के कृषि ऋण वितरित किए।
- वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, बैंक ने 28.39 लाख छोटे/सीमांत किसानों को ₹36309 करोड़ की राशि वितरित की।

वित्तीय वर्ष 2022 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों के तहत भारतीय रिजर्व बैंक अनिवार्य लक्ष्य के तहत निष्पादन

- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम 31.03.2022 को ₹148806 करोड़ था। 2021-22 के लिए तिमाही औसत समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) के प्रतिशत के रूप में प्राथमिकता क्षेत्र 40.00% के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 43.83% था।
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत कृषि ऋण 31.03.2022 को ₹68936 करोड़ था और 2021-22 के लिए तिमाही औसत एएनबीसी का प्रतिशत 18.00% के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले 20.10% था।
- एसएफ/एमएफ को ऋण 31.03.2022 को ₹34255 करोड़ था और यह वर्ष 2021-22 के लिए तिमाही औसत आधार पर 9.00% के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 9.94% था।
- कमजोर वर्गों को ऋण 31.03.2022 को ₹41458 करोड़ था और वर्ष 2021-22 के लिए तिमाही औसत आधार पर 11% के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) का 12.82% था।
- एमएसई–सूक्ष्म उद्यमों को ऋण 31.03.2022 को ₹30599 करोड़ था और वर्ष 2021-22 के लिए तिमाही औसत आधार पर 7.50% के अनिवार्य लक्ष्य के मुकाबले समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 8.87% था।
- गैर–कॉर्पोरेट किसानों को ऋण 31.03.2022 को ₹66776 करोड़ था और वर्ष 2021-22 के लिए तिमाही औसत आधार पर समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) का 19.08% था, जबकि अनिवार्य लक्ष्य 12.73% था।

स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण प्रवाह:

स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव का वाहक बन गए हैं, सीमांत समुदाय के जीवन को बदल रहे हैं और मुख्य रूप से ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों के क्षितिज का विस्तार कर रहे हैं। तेजी से, अधिक समावेशी और सतत विकास के नियोजित लक्ष्य को प्राप्त करने में इन समूहों का समर्थन करने की दृष्टि से, बैंक ने एसएचजी बैंक लिंकेज को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है।

मार्च 2022 तक 3.30 लाख एसएचजी को कवर करते हुए एसएचजी को बकाया ऋण ₹9524 करोड़ था। चालू वित्त वर्ष के दौरान, बैंक ने ₹7035 करोड़ से 1.87 लाख एसएचजी को वितरित किया था।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए संवितरण (₹7035 करोड़) और बकाया (₹9524 करोड़) दोनों के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है, जबकि लक्ष्य क्रमशः ₹6748 करोड़ और ₹8588 करोड़ था।

माइक्रोसेट शाखाएं : शहरी स्थानों में एसएचजी के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें 44 विशेष एसएचजी फाइनेंसिंग शाखाएं 'वन स्टॉप शॉप' के रूप में कार्यरत हैं – क्रेडिट के साथ–साथ क्रेडिट प्लस सेवाएं जैसे प्रशिक्षण, खातों / पुस्तकों का रखरखाव आदि। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, सितंबर को माइक्रोसेट शाखाओं के माध्यम से ₹1416 करोड़ की राशि को 26652 एसएचजी तक बढ़ा दिया गया है। इन माइक्रोसेट शाखाओं की कुल बकाया राशि मार्च 2022 तक 43422 एसएचजी को कवर करते हुए ₹1738 करोड़ थी।

संयुक्त देयता समूह: बैंक संयुक्त देयता समूहों के माध्यम से वित्त पोषण को प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि उन श्रेणी के किसानों को ऋण सहायता प्रदान की जा सके जिनके पास उचित भूमि रिकॉर्ड नहीं है / जिनके पास अपनी भूमि नहीं है। 31.03.2022 तक जेएलजी को बकाया ऋण ₹287 करोड़ था जिसमें 15210 जेएलजी शामिल थे।

कमजोर वर्गों को अग्रिम :

बैंक लगातार कमजोर वर्गों के लिए निर्धारित अनिवार्य अग्रिम लक्ष्य को पार कर रहा है जिसमें छोटे और सीमांत किसान, कारीगर, ग्राम और कुटीर उद्योग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, स्वयं सहायता समूह आदि शामिल हैं।

- कमजोर वर्गों के लिए बकाया ऋण मार्च 2022 के अंत तक ₹41458 करोड़

था, जो 11% के निर्धारित मानदंड के मुकाबले तिमाही औसत एएनबीसी का 12.82% है।

- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को बकाया ऋण 31.03.2022 को ₹5634 करोड़ था।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक ऋण अभियानों का पालन

- अल्पसंख्यकों और अजा/अजजा को ऋण देने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। मार्च 2022 तक अल्पसंख्यकों को अग्रिमों की बकाया स्थिति ₹22650 करोड़ थी जो मार्च 2022 तक बैंक की कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों की स्थिति का 15.22% है।

(डी) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)

- 31 मार्च, 2022 को बैंक का एमएसएमई क्रेडिट 6: सालाना की दर से ₹70180 करोड़ से बढ़कर ₹74167 करोड़ हो गया।

- बैंक ने सूक्ष्म उद्यमों को ऋण देने के उप लक्ष्य को 10 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले 11.22% पार कर लिया है।

- बैंक TReDS के सभी तीन प्लेटफार्मों आरएक्सआईएल, इनवॉयसमार्ट और एम1एक्सचेंज में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान, ₹1904 करोड़ के 18,886 बिलों में छूट दी गई।

- बैंक के 79 एमएसएमई प्रसंस्करण केंद्र हैं जिन्होंने टर्न अराउंड टाइम (टीएटी) में सुधार करने और गुणवत्तापूर्ण ऋण सुनिश्चित करने में मदद की है।

आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस)

- ईसीएलजीएस के तहत, बैंक ने ₹10596 करोड़ की राशि के 2,73,756 उधारकर्ताओं को सहायता प्रदान की है। बैंक ने ईसीएलजीएस 4.0 के तहत आईएनडी संजीवनी, आईएनडी आरोग्यम, कोविड प्रभावित क्षेत्र के लिए ऋण गारंटी योजना (एलजीएससीएएस) और कोविड प्रभावित पर्यटन सेवा क्षेत्र (एलजीएससीएटीएसएस) के लिए ऋण गारंटी योजना शुरू की है।

संकल्प ढांचा

एमएसएमई उधारकर्ताओं द्वारा ऋण ब्याज/किस्त की अदायगी में आने वाले तनाव को कम करने के लिए, आरपी 1.0 और आरपी 2.0 के तहत ₹8897 करोड़ की राशि की 77014 एमएसएमई इकाइयों को पुनर्गठन की अनुमति दी गई है।

पीएम स्व–निधि योजना – स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण

पीएम स्व–निधि योजना के तहत बैंक ने 212050 आवेदनों पर ₹218 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

एमएसएमई क्लस्टर:

बैंक ने आकर्षक शर्तों के तहत वित्त पोषण के लिए 59 एमएसएमई समूहों को मंजूरी दी है। दिनांक 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार, इन क्लस्टरों के तहत ₹4871 करोड़ का वित्त पोषण किया गया है। बैंक अधिक समूहों की पहचान करने की प्रक्रिया में है।

मुद्रा योजना

बैंक ने वित्त वर्ष 22 में ₹4575 करोड़ की मंजूरी देकर मुद्रा ऋण के ₹4550 करोड़ के लक्ष्य को पार कर लिया है।

बैंक के तीनों आरआरबी ने बैंक और आरआरबी के ₹6800 करोड़ का संचयी लक्ष्य के सापेक्ष संचयी रूप से ₹2274 करोड़ स्वीकृत किए। बैंक और आरआरबी ने सामूहिक रूप से ₹6849 करोड़ ऋण स्वीकृत किए हैं ।

एमएसएमई प्रेरणा

बैंक, महिलाओं/एससी/एसटी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एमएसएमई उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम प्रदान कर रहा है। वर्ष के दौरान, 1191 उद्यमियों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें 342 महिला उद्यमी शामिल हैं।

(ई) कॉर्पोरेट ऋण और मिड कॉर्पोरेट ऋण

बैंक का कॉर्पोरेट ऋण मार्च, 2022 में ₹.152998 करोड़ था, जो बैंक के समग्र ऋण का 39% था। वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान बैंक ने कई नए ग्राहकों को जोड़ा।

9 एलसीबी कॉर्पोरेट ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्य कर रहे हैं और सीधे कॉर्पोरेट कार्यालय को रिपोर्ट कर रहे हैं।

₹ 25 करोड़ से अधिक व ₹ 150 करोड़ से कम के व्यक्तिगत एक्सपोजर वाले उधारकर्ताओं के साथ संव्यवहार के लिए वित्तीय वर्ष 2021 के दौरान मिड कॉर्पोरेट क्रेडिट वर्टिकल का गठन किया गया था। वर्टिकल की शुरुआत 17 पहचानी गई शाखाओं के साथ हुई, जिन्हें मिड कॉर्पोरेट शाखाएं (एमसीबी) नाम दिया गया है, जो उच्च व्यावसायिक क्षमता वाले केंद्रों पर स्थित हैं।

(एफ़) विदेशी ऋण

- बैंक की 3 विदेशी शाखाएं सिंगापुर, कोलंबो और जाफना में हैं एवं एक आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू), गांधी नगर, गुजरात में है। 31 मार्च 2022 को विदेशी शाखाओं (आईबीयू सहित) का कुल बकाया अग्रिम (सकल), 85% की वर्ष दर वर्ष की वृद्धि के साथ ₹19927 करोड़ था, जबकि विगत वर्ष यह ₹10780 करोड़ था।

(जी) विदेशी मुद्रा कारोबार

- वित्तीय वर्ष 22 के दौरान बैंक के विदेशी मुद्रा कारोबार में टर्नओवर ₹60,667 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 21 में यह ₹40,980 करोड़ था।
- वित्तीय वर्ष 22 के दौरान, अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार का कुल टर्नओवर ₹26,02,961 करोड़ हुआ जबकि वित्त वर्ष 21 में यह ₹18,23,026 करोड़ था।
- ग्राहकों की एफएक्स जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक ने देश के सभी प्रमुख स्थानों/कारोबार केंद्रों को कवर करने वाली 208 शाखाओं की पहचान की है। ये शाखाएं चेन्नै और मुंबई स्थित दो एफएक्ससीपीसी में से किसी एक एफएक्ससीपीसी के साथ सीधे जोड़ी गई हैं। एफएक्ससीपीसी सभी प्रकार के विदेशी मुद्रा लेनदेन को संसाधित करने के लिए बैंक का केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र है। बैंक की दुनिया भर में प्रतिनिधि व्यवस्था है। बैंक की यह व्यवस्था विश्व भर में उपलब्ध है।

विप्रेषण

- सिंगापुर की उद्यम विप्रेषण योजना भारत में ग्राहक के खाते में विदेशी विप्रेषण के समान रूप को तत्काल जमा करती है। यह सुविधा सप्ताह के सभी दिनों पर उपलब्ध है।
- बैंक प्रदत्त अन्य आवक विप्रेषण सुविधाओं में, विश्व की सामान्य स्विफ्ट आधारित मनी ट्रांसफर के अलावा, आरबीआई की एमटीएसएस योजना के तहत वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर और रिया मनी ट्रांसफर शामिल है।
- एक्सचेंज हाउस जैसे यूएई एक्सचेंज सेंटर डब्लूएलएल–कुवैत, अल ज़मान एक्सचेंज डब्ल्यूएलएल–कतर, जीसीसी एक्सचेंज–दुबई, अल डार फॉर एक्सचेंज–कतर के माध्यम से इलेक्ट्रोनिक फ़ंड ट्रान्सफर किया जा रहा है और मेसर्स अल राजी बैंक, सऊदी अरब के साथ यह आरबीआई की रुपी ड्राइंग अरेंजमेंट योजना के तहत किया जा रहा है।

(एच) वित्तीय समावेशन

प्रधानमंत्री जन–धन योजना (पीएमजेडीवाई):

दिनांक 31 मार्च 2022 तक बैंक ने 185 लाख पीएमजेडीवाई खाते खोले हैं।

31 मार्च, 2022 को पीएमजेडीवाई खातों में शेष राशि 12% की वृद्धि के साथ ₹7609 करोड़ थी, जो विगत वर्ष ₹6779 करोड़ थी।

पीएमजेडीवाई के तहत 109.76 लाख (60%) खाताधारकों को रुपे कार्ड जारी किए गए हैं। बैंक ने 7.05 लाख पात्र पीएमजेडीवाई खाताधारकों को ओवरड्राफ्ट स्वीकृत किया है।

सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

नामांकन संख्या लाख में	**मार्च 21**	**मार्च 22**	**वर्ष –दर–वर्ष वृद्धि**
एपीवाई	19.31	24.96	29.26%
पीएमजेजेबीवाई	26.59	30.24	13.73%
पीएमएसबीवाई	72.97	80.14	9.83%

- पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत 16672 दावों और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत 3947 दावों का निपटान किया गया। पीएमजेजेबीवाई तथा पीएमएसबीवाई का निपटान अनुपात क्रमशः 94.80% और 97.90% है।

(आई) बैंकएश्योरेंस और म्यूच्युअल फंड

बैंक ने वित्त वर्ष 2022 में बैंकएश्योरेंस व्यवसाय के माध्यम से 85 करोड़ रुपये की आय अर्जित की , जबकि वित्त वर्ष 2021 में 64 करोड़ रुपये की आय हुई थी ।

कॉर्पोरेट एजेन्सी व्यवस्था के अंतर्गत बैंक ने 7 बीमा साझेदारों के साथ साझेदारी समझौता किया है, जिनमें से 3 जीवन के अंतर्गत, 3 गैर जीवन के अंतर्गत एवं 1स्वास्थ्य के अंतर्गत का विवरण निम्नानुसार है:–

वर्टिकल	**साझेदार**
जीवन बीमा	भारतीय जीवन बीमा निगम एसबीआई जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
गैर – जीवन बीमा	यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (यूआईआईसी)
	चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड*
	यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड*
स्वास्थ्य बीमा*	निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

***बैंक निम्नलिखित भागीदारों के माध्यम से ऋण जीवन बीमा एवं ऋण कवर भी प्रदान कर रहा है :**

साझेदार	पोर्टफोलियों हेतु
कोटक महिन्द्रा लाइफ	गृह ऋण एवं शिक्षा ऋण
टाटा एआईए (बन्द होने की तिथि से) केवल पूर्व के ऋणों हेतु दावा निपटान	गृह ऋण
पीएनबी मेटलाइफ	शिक्षा ऋण
आदित्य बिरला सन लाईफ	गृह ऋण एवं गैर जमानती ऋण
एलआईसी गृह जीवन एवं जीवन विद्या (बन्द होने की तिथि से) केवल पूर्व के कवरेज हेतु दावा निपटान	गृह ऋण एवं शिक्षा ऋण

म्यूच्युअल फंड वितरण

नौ (9) आस्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसीज) के साथ स्वतंत्र टाइ–अप व्यवस्था

मैसर्स यूटीआई एएमसी कं. लि.	रिलायंस निप्पोन एएमसी	एसबीआई म्यूच्युअल फंड
डीएसपी म्यूच्युअल फंड	टाटा म्यूच्युअल फंड	प्रिंसिपल पीएनबी एएमसी
कोटक महिन्द्रा एएमसी	फ्रेंकलिन टेम्पलटन एएमसी	एसेल फाइनेंस एएमसी

बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से म्यूच्युअल फंड वितरण हेतु – मैसर्स फिसडम के साथ टाइ– अप

5. शाखा नेटवर्क व विस्तार

31.03.2022 को बैंक का शाखाओं का नेटवर्क 5732 रहा, जिसमें 1938 ग्रामीण, 1498 अर्ध शहरी, 1159 शहरी और 1137 महानगर शाखाएँ शामिल थीं। उपर्युक्त के अलावा, बैंक की 3 विदेशी शाखाएं सिंगापुर, कोलंबो और जाफना में हैं एवं एक आईएफएससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, अहमदाबाद में है।

वित्तीय वर्ष 22 के दौरान, खोली गई 21 शाखाओं में से 6 बैंकिंग सुविधा रहित ग्रामीण केंद्रों (यूआरसी) में थीं, जिनमें से 1 लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिस्ट (एलडब्ल्यूई) जिले में और 1 उत्तर–पूर्वी (एनई) मणिपुर राज्य में थी। इसके अलावा, बैंकिंग आउटलेट्स के समेकन की दिशा में, वित्तीय वर्ष 22 के दौरान 88 शाखाओं को रेशनलाइज किया गया, जिससे समामेलन के पश्चात यह संख्या 291 हो गई।

वर्ष 2021–22 के अंत तक, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पहचाने गए 90 लेफ्ट विंग एक्स्ट्रीमिस्ट (एलडब्ल्यूई) जिलों की सूची में बैंक की 555 शाखाएँ हैं।

6. परिवर्तन

डिजिटलीकरण पहल

बैंक, गुणवत्तापूर्ण ग्राहक सेवा हेतु व अपने प्रस्तावों में सर्वोत्तम नवाचार और प्रौद्योगिकी लाने तथा ग्राहकों की पसंद के सभी चैनलों के माध्यम से प्रत्येक ग्राहक की अनूठी जरूरतों के प्रति उत्तरदायी होने के मिशन के साथ सबसे बड़े प्रवर्तक के रूप में डिजिटल परिवर्तन को बनाए हुए है ।

बैंक ने 10.01.2022 को प्रोजेक्ट डब्ल्यूएवीई (वर्ल्ड ऑफ एडवांस्ड वर्चुअल एक्सपीरियंस) नामक एक डिजिटल परिवर्तन यात्रा शुरू की है, जिसमें ट्रांसफ़ॉर्मेशन एनेबलर्स के एक पहलू को सम्मिलित किया गया है। इस परिवर्तन यात्रा में बैंक ने मैसर्स बूस्टोन कंसल्टिंग ग्रुप को नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल किया है।

बैंक ने अप्रैल 2022 में अपने पहले एंड–टू–एंड डिजिटल प्री–अप्रूव्ड पर्सनल लोन (पीएपीएल) उत्पाद की शुरुआत की है, जो अपने मौजूदा ग्राहकों को डिजिटल चैनलों के माध्यम से ऋण प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। ग्राहकों की सुविधा के मद्देनजर बैंक ऐसी और अधिक निर्बाध डिजिटल यात्रा (स्वचालित व स्ट्रेट थ्रू प्रोसेस) उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में है।





पूर्व–अनुमोदित व्यक्तिगत ऋण की पहली डिजिटल ऋण यात्रा 28.04.2022 को 3 क्लिक में तत्काल संवितरण के साथ शुरू की गई। उत्पाद को ग्राहकों से अपार

प्रतिक्रिया और प्रशंसा मिली है।

7. ऋण निगरानी

- ऋण की निगरानी पूरे ऋण जीवनचक्र को कवर करने वाले प्रतिबंधों की जांच से शुरू होती है। यह संवितरण के तुरंत बाद शुरू होता है और संवितरण के बाद एसएमएस करता है और प्री–डिफॉल्ट ग्राहक (ग्राहकों) को एक सौम्य अनुस्मारक के रूप में भेजा जाता है। कॉल सेंटर का अनुवर्तन और एसआई/एनएसीएच आदेश का कार्यान्वयन किया जाता है। दैनिक अर्ली वार्निंग सिग्नल, मासिक सीआरएम (क्रेडिट रिलेशनशिप मैनेजर) रिपोर्ट और एसएमए–0 चरण से शुरू होने वाले एसएमए खातों की अनुवर्ती आस्ति गुणवत्ता को सशक्त रखता है। उत्पन्न लगभग 12000 से 15000 ईडब्ल्यूएस अलर्ट का विश्लेषण किया जाता है और तत्काल सुधार के उपाय किए जाते हैं।

- संग्रह दक्षता पिछले वर्ष (मार्च–21) के 88 प्रतिशत से बढ़कर मार्च–22 तक 95 प्रतिशत हो गई है।

8. आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन

- बैंक की आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है, सकल एनपीए मार्च 22 को 8.47 प्रतिशत रहा, जबकि मार्च 21 को यह 9.85 प्रतिशत था और शुद्ध एनपीए अनुपात जो मार्च 21 के 3.37 प्रतिशत था वह सुधार कर मार्च 22 को 2.27 प्रतिशत रहा।

- 31 मार्च 22 को बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात, जो 31 मार्च, 21 को 82.12 प्रतिशत था, सुधर कर 87.38 प्रतिशत हुआ है।

- बैंक ने एनसीएलटी में भर्ती खातों से वित्त वर्ष 22 के दौरान 1087 करोड़ रुपये की वसूली की है।

- वर्ष के दौरान, रुपए 4920.41 करोड़ के रिजर्व मूल्य की 4024 संपतियों को विक्रय के लिए सरफेसी अधिनियम के अधीन लाया गया एवं रूपए 492 करोड़ विक्रय मूल्य की 601 संपत्तियों को बेचा गया।

- बैंक ने सभी राष्ट्रीय लोक अदालतों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अंचल स्तर पर विभिन्न लोक अदालतों का भी आयोजन किया। ₹547 करोड़ की निपटान राशि के साथ 33891 खातों का निपटारा किया गया।

- अशोध्य ऋण बट्टे खाते में डाले गए खातों में वर्ष के दौरान ₹1610.63 करोड़ की राशि वसूल की गई।

9. जोखिम प्रबंधन

ऋण जोखिम :

प्राथमिक स्तर पर जोखिम की पहचान व विश्लेषण के लिए और विवेकी सीमाओं के स्थापन व निगरानी के साथ साथ बदलते जोखिम माहौल का सामना करने के लिए अन्य सुधारात्मक उपाय किए जाने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणाली मौजूद हैं। यह ऋण जोखिम प्रबंधन रुपरेखा द्वारा किया जाता है, जो ऋण जोखिम के ट्रैक, प्रबंधन व ससमय पर्यवेक्षण को प्रभावी बनाता है। क्रेडिट जोखिम फ्रेमवर्क में ऋण जोखिम प्रबंधन नीति और ऋण नीति शामिल हैं।

ऋण समीक्षा फ्रेमवर्क

बैंक ने ऋण समीक्षा फ्रेमवर्क को अपनाया है, जिसमें ऋण प्रस्तावों का ऋण जोखिम मूल्यांकन और उसका कम जोखिम/मध्यम जोखिम/उच्च जोखिम/नो–गो के रूप में जोखिम वर्गीकरण शामिल है जिसका आधार सात व्यापक मानदंड यथा उधारकर्ता, प्रमोटर और समूह संस्थाएं, गतिविधि/उद्योग, प्रतिभूति कवरेज, सुविधाओं का संचालन, रेटिंग और अनुपालन की स्थिति के साथ–साथ व्यक्तिपरक जोखिम मापदंडों में अंतर्निहित जोखिम कारकों के विश्लेषण पर मात्रात्मक जोखिम स्कोरिंग मैट्रिक्स है।

आस्ति देयता प्रबंधनः

आस्ति देयता प्रबंधन बैंक को जोखिम एक्सपोजर, जोकि चलनिधि जोखिम और ब्याज दर जोखिम से बैंक के तुलन पत्र पर उभर सकते हैं, को मापने व जाँचने हेतु सहायता करता है।

बैंक की आस्ति देयता समिति (एएलसीओ) समय–समय पर बैंक की आस्ति और देनदारियों की समीक्षा करती है।

बाजार जोखिम प्रबंधनः

बाजार में होने वाले विविध परिवर्तनों के परिणामस्वरूप संभावित नुकसान, बाजार जोखिम है। बाजार जोखिम प्रबंधन का लक्ष्य है, बाजार जोखिम एक्सपोजर से संबन्धित वैश्लेषिकी संचालित आदानों, पोर्टफोलियो निष्पादन की तुलना में जोखिम एक्सपोजर और तुलनात्मक मापदण्डों को उपलब्ध कराकर जोखिम समायोजित प्रतिलाभ दर को अधिकतम बढ़ाने में व्यापार इकाइयों की सहायता करना।

परिचालन जोखिम :

वर्तमान में परिचालन जोखिम उद्योग प्रतिभागियों, विनियामकों एवं अन्य स्टेकधारकों के बीच गहन रुचि का विषय बन गया है। प्रभावी संचालन, जोखिम पर पकड़ और परिचालन जोखिम के एक्सपोजर के मूल्यांकन व मात्रा निर्धारण को सुनिश्चित करने हेतु बैंक में परिचालन जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क (ओआरएमएफ) व परिचालन जोखिम प्रबंधन प्रणाली (ओआरएमएस) विद्यमान है। दैनिक प्रबंधन प्रक्रियाओं में गुणात्मक व मात्रात्मक उपायों के प्रयोग व आंतरिक नियंत्रण प्रणाली स्थापन के द्वारा तथा विविध जोखिम न्यूनीकरण रणनीति को अंगीकार कर परिचालन जोखिम का सुप्रबंधन किया जाता है। विविध उत्पादों/प्रक्रियाओं में जोखिम बोध का आलोचनात्मक विश्लेषण एवं सुधारात्मक कदम, यदि आवश्यक हों तो, उठाए जाते हैं।

बैंक ने जोखिम नियंत्रण और स्व मूल्यांकन (आरसीएस) तथा मुख्य जोखिम सूचकांक (के आर आई) के लिए वांछित फ्रेमवर्क तैयार किया है। जोखिम एवं नियंत्रण स्वमूल्यांकन को मुख्य परिचालनात्मक जोखिमों का पता लगाने और आंतरिक नियंत्रण की प्रभावात्मकता की तीव्रता का मूल्यांकन करने हेतु प्रयोग किया जाता है।

व्यावसायिक इकाइयों से उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार के जोखिमों को कम करने और प्रबंधन करने के लिए जोखिम अधिकारियों को प्रत्येक अंचल और क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय में जोखिम प्रबंधन विभाग के साथ समन्वय करने के लिए नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया गया है।

बेसल III पूंजी विनियमन

बेसल III पूंजी विनियमन, भारत में 1 अप्रैल, 2013 से प्रभावी हो गया और 1 अक्टूबर, 2021से पूरी तरह से कार्यान्वित हो गया। बैंक का सामान्य ईक्विटी टियर 1 पूँजी स्तर काफी अच्छा है और बैंक आवश्यकतानुसार सभी प्रकार की पूँजी बढाने की पर्याप्त क्षमता भी रखता है।

बेसल III पूंजी नियमों को पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के घटकों पर प्रकटीकरणों के वर्धित सेट की आवश्यकता भी है जिन्हें त्रैमासिक आधार पर बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है। बैंक लीवरेज अनुपात चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) एव ंनिवल स्थिर निधियन अनुपात (एनएसएफआर) भी दर्शा रहा है।

पूंजी संरक्षण की दिशा में निगरानी और सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए बैंक द्वारा एक समग्र पूंजी संरक्षण मॉड्यूल विकसित किया गया है।

10. मानव संसाधन प्रबंधन

श्रमशक्ति की स्थिति

31.03.2022 को बैंक की श्रमशक्ति स्थिति निम्नानुसार है :

संवर्ग	कुल	अपिव	अजा	अजजा	पुरुष	महिला
अधिकारी	24246	6693	4731	1994	17565	6681
लिपिक	12577	3724	2746	650	8093	4484
सब स्टाफ	2616	537	1286	144	2249	367
पूर्णकालिक सफ़ाई कर्मचारी*	295	33	223	15	225	70
कुल*	**39734**	**10987**	**8986**	**2803**	**28132**	**11602**

(*घरेलू अंशकालिक सफ़ाई कर्मचारी को छोड़कर)

भर्ती अभियान

वर्ष 2021–22 के दौरान, बैंक ने 308 कर्मचारियों की भर्ती की है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्गों/दिव्यांग कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपाय:

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति (अजा), अनुसूचित जनजाति (अजजा), अन्य पिछडे वर्गों (ओबीसी) और शारीरिक रूप से विकलांग (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों को आरक्षण प्रदान किए जाते हैं। सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति (अजा)/अनुसूचित जनजाति (अजजा) को पदोन्नतियों में आरक्षण दिए जाते हैं।

कॉका/मासंप्र में अ.जा/अ ज.जा कल्याण कक्ष/ आरक्षण कक्ष, अ.जा/अ.जजा कर्मचारियों से प्राप्त शिकायतों/अभ्यावेदनों (अगर कुछ हों तो) उसके तुरन्त निपटान को सुनिश्चित करता है। अ.जा/अ.ज.जा वर्ग के कर्मचारियों के हितों की देखभाल हेतुएक महाप्रबन्धक, मुख्य समन्वय अधिकारी (सीएलओ) के रूप में तथा दूसरे महाप्रबन्धक अ.पि.व कर्मचारियों के हितार्थ सीएलओ के रूप में कार्यरत हैं।

वर्ष के दौरान मानव संसाधन पहलें

- नए एचआरएमएस पोर्टल, चरण I का दिसंबर, 21 में 18 मॉड्यूल के साथ शुभारंभ किया गया, चरण II शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। चरण I में प्रमुख मॉड्यूल जैसे कोर एचआर, उपस्थिति, पेरोल, पीएफ, पेंशन और निपटान आदि शामिल हैं।
- न्यू एज परफॉर्मेंस मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस): परस्पर सक्रिय डैशबोर्ड और सुदृढ़ व्यक्तिगत विकास योजना के साथ कार्यनिष्पादन के आवधिक मूल्यांकन के उद्देश्य से शुरू की गई।
- **स्वास्थ्य देखभाल टाई अप** – सेवारत और सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों हेतु मुफ्त ऑनलाइन डॉक्टर परामर्शके लिए मेसर्स प्रेक्टो के साथ टाइ–अप: 41108 नामांकित

11. मानव संसाधन विकास

अप्रैल 2021 से मार्च 2022 की अवधि के दौरान आयोजित आंतरिक प्रशिक्षण का विवरण:

क्रं. सं.	प्रशिक्षण का प्रकार	कार्यक्रमों की संख्या	प्रतिभागियों की संख्या
1	सेल्फ लर्निंग पोर्टल 'ई–पाठशाला' के माध्यम से प्रदत्त प्रशिक्षण	54	7136
2	घर से ऑनलाइन प्रशिक्षण	398	18188
3	कार्यस्थल से ऑनलाइन प्रशिक्षण	414	11605
4	क्लास रुम / भौतिक प्रशिक्षण	76	2069
5	कैप्सूल कार्यक्रम / वेबिनार्स	713	20835

- वित्तीय वर्ष 22 की अवधि के दौरान, सीएबी, आईडीआरबीटी, सीएएफआरएएल, एनआईबीएम, एफईडीएआई, आईएसएसीए, आईआईएम और एसबीआईएल जैसे बाह्य संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण / वेबिनार में 1443 कार्यपालकों / अधिकारियों ने भाग लिया है।
- वित्तीय वर्ष 22 के दौरान बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी)/आईआईएम बैंगलोर के जरिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम में आठ कार्यपालकों ने भाग लिया है।

- एसबीआईएल, कोलकाता के जरिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 173 सहायक महाप्रबंधकों और 83 उप महाप्रबंधकों के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया था।
- उप महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक स्तर के 123 कार्यपालकों के लिए मैसर्स डेलॉइट के माध्यम से व्यवहार योग्यता प्रस्तुतीकरण द्वारा योग्यता मूल्यांकन आयोजित किया गया था और सभी अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत विकास योजना (आईडीपी) साझा की गई थी।
- 5272 अधिकारियों को शामिल करते हुए एएसबीए संचालन पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कर्मचारियों को स्थानीय भाषा से परिचित कराने हेतु (तमिलनाडु में तैनात) 160 वरिष्ठ कार्यपालकों / अधिकारियों के लिए मद्रास विश्वविद्यालय के सहयोग से अभिव्यक्ति योग्य तमिल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉर्पोरेट कार्यालय / शाखाओं के कार्यपालकों / अधिकारियों के लिए आंतरिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- आठ अधिकारियों ने 10 महीनों तक 275 घंटे के गहन कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम आईआईबीएफ द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), कलकत्ता के सहयोग से आयोजित किया गया था।

12. ग्राहक सेवा

बैंक, ग्राहकों की संतुष्टि के स्तर में सुधार के लिए विभिन्न उपाय और लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में अपने ग्राहकों को नए उत्पाद पेश करने के प्रयास में है।

शिकायत निवारण के तरीके

- 24X7 टोल फ्री नंबर 180042500000 पर सुव्यवस्थित कॉल सेंटर उपलब्ध है।
- ग्राहक **customercomplaints@indianbank.co.in** मेल आईडी पर ई–मेल के जरिए शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
- शाखाओं / अंचलों / कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा सभी माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों का निपटान यदि 24 घंटे के अन्दर नहीं किया जाता है तो यह ग्राहक शिकायत निवारण प्रणाली (सीजीआरएस), जो कि कई अनूठी विशेषताओं के साथ विकसित एक इन–हाउस सॉफ्टवेयर है, में दर्ज हो जाएंगे।

आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति

- आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ करने और ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करने के लिए शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करने के लिए एक आंतरिक लोकपाल की नियुक्ति की गई है।
- सभी शिकायतें जहां समाधान या तो नकारात्मक या आंशिक है, योजना के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए आंतरिक रूप से बैंक के आंतरिक लोकपाल के पास भेज दी जाती है।

ग्राहक सेवा में सुधार के लिए की गई पहल

- 24x7 ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए विभिन्न केंद्रों पर ई–लाउंज खोले गए हैं।
- जहां पेंशनभोगियों की संख्या अधिक है, वहाँ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष काउंटर खोले गए हैं।
- बैंक प्रदत्त उत्पादों पर अल्प अवधि की वीडियो तैयार की गई है और ग्राहकों के हितार्थ इसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है।
- ग्राहक सेवा में सुधार और ग्राहकों की शिकायतों से निपटने के लिए बैंक के प्रशिक्षण केंद्रों में आयोजित सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों / कार्यशालाओं में ग्राहक सेवा पर एक विशेष सत्र शामिल किया गया। ग्राहकों के साथ सहृदयतापूर्वक व्यवहार करने के लिए फ्रॉन्टलाइन स्टाफ सदस्यों के लिए नवीन सॉफ्ट स्किल कार्यक्रम तैयार किया गया है।

सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम 2005

कॉर्पोरेट कार्यालय में ग्राहक सेवा विभाग के तहत आरटीआई सेल आवेदनों, पहली अपीलों और दूसरी अपीलों को संभाल रहा है। आरटीआई आवेदन दाखिल करने के लिए केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) लिंक बैंकों की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। सभी आवेदनों को निर्धारित समय अवधि के भीतर निपटाया जाता है।

13. डिजिटल यात्रा

- 31.03.22 को बैंक के नेटवर्क रूप में देश भर में 3180 एटीएम, 1745 बीएनए, 1969 पासबुक कियॉस्क है।
- डिजिटल चैनलों के माध्यम से लेनदेन में वर्ष–दर–वर्ष 17% की वृद्धि हुई है।

डिजिटल प्रस्ताव

- बैंक ने कारोबार सृजन, खुदरा और एमएसएमई ऋण उत्पादों की क्रॉस–सेलिंग के लिए पूर्णडेटा एनालिटिक्स सॉल्यूशन लागू किया है।
- विभिन्न चैनलों यथा एटीएम, वेबसाइट, एमबी, चैटबॉट, सोशल मीडिया के माध्यम से सृजित लीड की प्रभावी निगरानी और लीड को कारोबार में बदलने के लिए इसे लीड मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के साथ एकीकृत किया गया है।
- ऑन लाइन प्राप्त ऋण आवेदनों के प्रसंस्करण के लिए क्रेडिट लिंक्ट सरकारी योजनाओ के लिए राष्ट्रीय पोर्टल के साथ एकीकृत
- तत्काल खाता खोलने और ग्राहक अधिग्रहण को आसान बनाने के लिए टैब बैंकिंग और वीडियो केवाईसी का लांच किया गया।
- पेंशनभोगी के लिए वीडियो केवाईसी के माध्यम से वीडियो जीवन प्रमाण पत्र।

इंटरनेट बैंकिंग

- बैंक ने बिल प्रेजेंटेशन मॉड्यूल के तहत इंटरनेट बैंकिंग चैनल में बीबीपीएस को एकीकृत किया है। बिलर के पंजीकरण के बिना ग्राहक बिलों का भुगतान कर सकता है।
- इंटरनेट बैंकिंग में डेबिट कार्ड की हॉटलिस्टिंग और कार्ड को पुनः जारी करने हेतु अनुरोध की सुविधा को सक्षम किया गया है।
- वित्तीय डेटा रिपोर्टिंग सिस्टम की गुणवत्ता और यथार्थता में सुधार और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए बड़े कॉर्पोरेट उधारकर्ताओं के लिए इंटरनेट बैंकिंग में एनईएफटी / आरटीजीएस लेनदेन में एलईआई (विधिक संस्था आइडेंटिफाइर) को सक्षम किया गया है।
- नेट बैंकिंग के माध्यम से आयकर विभाग की नई ई–फाइलिंग वेबसाइट (आईटीआर ई–फाइलिंग 2.0) को एकीकृत किया गया है।
- खाता के होम शाखा परिवर्तन की सुविधा को सक्षम किया गया है।
- कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए आईएमपीएस सुविधा शुरू की गई।

मोबाइल बैंकिंग

- एसबी खाते के लिए गृह शाखा का परिवर्तन, एटीएम कार्ड हॉट लिस्टिंग,

इंडओएसिस में ईमेल आईडी बदलना/अपडेट करना शुरू की गई।

- इंडओएसिस में पॉज़िटिव पे सिस्टम – चेक विवरण की पुष्टि करने के लिए ताकि उच्च मूल्य के चेकों को संसाधित किया जा सके जब इसे बैंक को प्रस्तुत किया जाता है जैसे कि आरबीआई द्वारा अनिवार्य किया गया है। यह चेक के माध्यम से धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने के लिए संचालित किया गया है।
- ग्राहक को मोबाइल प्लेटफॉर्म पर तुरंत ऑनबोर्ड करने की सुविधा के लिए शाखा के माध्यम से एमपिन का जनरेशन सक्षम किया गया है।

डिजिलॉकर सेवाएं

- ग्राहक के डिजिलॉकर खाते में शाखा विवरण के साथ ई–पासबुक फ्रंट पेज, व्यक्तिगत विवरण और क्यूआर कोड जनरेट और जारी किया जा सकता है।
- मीयादी जमा खातों के लिए डिजिलॉकर के माध्यम से ब्याज प्रमाणपत्र जनरेट किया जा सकता है।
- बचत और ऋण खातों के लिए डिजिलॉकर के माध्यम से खाता विवरण जनरेट किया जा सकता है। इंडियन बैंक डिजि लॉकर के माध्यम से खाता विवरण सेवाएं प्रदान करने वाला एकमात्र बैंक है।

एटीएम एवं बीएनए

- बीएनए में इंटरऑपरेबिलिटी नकद जमा सुविधा लागू किया गया है ।
- बैंक ने एटीएम से जुड़े जोखिम को कम करने के लिए एटीएम में मैन इन मिडल अटैक का पता लगाने के लिए एटीएम स्विच को अनुकूलित किया है।
- बैंक के एटीएम/कैश रिसाइकल में लेन–देन सक्षम होने से पहले नकद और मूल्यवर्ग की उपलब्धता एटीएम स्क्रीन में प्रदर्शित होती है।

डेबिट/क्रेडिट कार्ड

- ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड आवेदन पोर्टल की शुरुआत की गई, जहां ग्राहक /गैर–ग्राहक क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- भुगतान निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्रेडिट कार्ड देय भुगतान में वी–कलेक्ट की शुरुआत।
- नई हेल्थ कार्ड उत्पाद "आईबी–सुरक्षा" लॉन्च किया गया।
- ग्राहकों को कॉन्टैक्टलेस (एनएफसी) वीज़ा क्रेडिट कार्ड जारी करना।
- डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए ईएफ़आरएम एकीकरण लागू किया गया।
- एनपीसीआई और मास्टरकार्ड के लिए कार्ड ऑन फाइल टोकनाइजेशन को लाइव कर दिया गया है।

व्यापारी अधिग्रहण

- यूपीआई प्रीपेड वाउचर रिडेम्पशन मॉड्यूल मोबाइल ऐप (ई–रुपी) लॉन्च किया गया ।
- सॉफ्टपीओएस की शुरुआत – मोबाइल एप्लिकेशन–आधारित जो व्यापारियों को अपने मोबाइल फोन पर नकद, कार्ड, क्यूआर और यूपीआई लेनदेन स्वीकार करने में सक्षम बनाता है।
- पीओएस भुगतान कियोस्क सॉल्युशन की शुरुआत – ग्राहकों को पूरी तरह से संपर्क रहित भुगतान सेवा का अनुभव करने की अनुमति देता है। कियोस्क संस्थानों को कम समय में अधिक लोगों तक पहुंचने की अनुमति देता है, जिससे पैसे और श्रम शक्ति की बचत होती है।
- ऐन्ड्रॉइड पीओएसएलएन (।दकतवपक च्वैसद) ऐप बिलिंग सॉल्युशन की शुरुआत
- बैंक ने एकीकृत वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (आईएफएमएस) ओडिशा ट्रेजरी और तमिलनाडु के आईएफएचआरएमएस के तहत ट्रेजरी संग्रह को एकीकृत किया है।

फास्टैग

- खुदरा ग्राहकों के लिए फास्टैग रिचार्ज मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया ।
- कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए फास्टैग लॉन्च किया गया ।

पीएफएमएस

पीएफएमएस मॉड्यूल के तहत , निम्नलिखित ऑनबोर्ड किया गया :

- टीएन एग्री डीबीटी ट्रांसफर – टीएन कृषि विभाग के लिए एनपीसीआई के माध्यम से राहत राशि के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के लिए विकसित पोर्टल ।
- पीएफएमएस ईपीए (इलेक्ट्रॉनिक भुगतान सलाह) – कॉर्पोरेट नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान सक्षम
- केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रबंधन के लिए नया सॉफ्टवेयर लागू किया गया है – एकल नोडल खाता (सीएसएस–एसएनए)
- सीपीएमएस (गैर पीएफएमएस थोक भुगतान प्रणाली) में सक्षम इंट्रा फंड ट्रांसफर सुविधा।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

- आरआरबी के डेबिट कार्ड के लिए ग्रीन पिन सुविधा लागू की गई है।
- आरआरबी के लिए पीओएस का परिचय

14. सूचना प्रणाली सुरक्षा

- बैंक की सूचना प्रणाली और सुरक्षा प्रक्रियाओं को मानक आईएसओ 27001:2013 प्रमाणित किया गया है ।
- बैंक ने पहले से ही एक साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र (सी–एसओसी) स्थापित किया है जिसमें विभिन्न प्रमुख सुरक्षा समाधान शामिल हैं और सी–एसओसी की 24*7 निगरानी की जाती है।
- बैंक के पास मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ) के अधीन एक समर्पित टीम है जो सुरक्षा कार्यों की 24/7 निगरानी करती है।
- आईटी विभाग के तहत एक समर्पित टीम भी बनाई गई है जो विभिन्न साइबर सुरक्षा समाधानों के कार्यान्वयन को देखती है। समाधान सक्रिय रूप से डेटा, नेटवर्क और सर्वर की सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।
- कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है ताकि उन्हें हालिया साइबर हमले की रणनीतियों से अवगत कराया जा सके और ऐसी घटनाओं को कम किया जा सके।
- नवीनतम साइबर खतरों पर ग्राहकों को एसएमएस भेजकर ग्राहक जागरूकता को मजबूत किया गया है। सोशल मीडिया पर भी जागरूकता संदेश प्रकाशित किए जाते हैं।
- बैंक ने "फोरेंसिक विशेषज्ञों" को भी सूचीबद्ध किया है, ताकि किसी साइबर सुरक्षा घटना के कारण होने वाली फोरेंसिक जांच, यदि कोई हो, का संचालन किया जा सके।
- बैंक आरबीआई द्वारा जारी दिशा–निर्देशों/सलाहकारों को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और आरबीआई द्वारा किए गए नियामक ऑडिट पर की गई

टिप्पणियों के अनुपालन का पालन कर रहा है।

15. परिसर

- हरित पहल के हिस्से के रूप में, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं आदि को अधिकांश भुगतान इलेक्ट्रॉनिक चैनल, जैसे प्रत्यक्ष क्रेडिट / एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से किए जाते हैं।
- चेन्नई में बैंक का कॉर्पोरेट कार्यालय ग्रीन बिल्डिंग (गोल्ड रेटिंग स्थिति) के अंतर्गत है।
- बैंक ने इमेज ऑडिटोरियम के लिए 93 केडबल्यूपी सोलर पावर प्लांट, हेड ऑफिस/क्रेस्ट बिल्डिंग/कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए 106 केडबल्यूपी सोलर पावर प्लांट और चेन्नई शहर में 11 शाखाओं के लिए 115 केडबल्यूपी सोलर पावर प्लांट लागू किया है।
- सभी नए शाखाओं में एलईडी लैम्प इन्सटॉल किए गए हैं। मौजूदा शाखाओं में चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है।
- शाखाओं एवं कार्यालयों के लिए एनर्जी ऑडिट आवधिक किया जाता है।

16. आंतरिक नियंत्रण

निरीक्षण

- जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा अब सभी शाखाओं और सभी व्यावसायिक इकाइयों को कवर कर रही है।
- 969 शाखाओं को समवर्ती ऑडिट के तहत कवर किया गया है, जिसमें 70.09: घरेलू अग्रिमों और सभी व्यावसायिक इकाइयों और कॉकाः के चयनित विभागों को शामिल किया गया है।
- आय के लिकेज की पहचान करने के लिए सभी शाखाओं में अर्धवार्षिक आधार पर राजस्व लेखा परीक्षा की गई।
- वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान 78 अंचल कार्यालयों, 14 क्षेत्र महा प्रबंधक कार्यालयों, कॉर्पोरेट कार्यालय के 34 विभागों, 14 निरीक्षण केन्द्रों और 2 आरआईसी में प्रबंधन लेखा परीक्षा की गई।
- समीक्षा अवधि के दौरान बाहरी ऑडिट फर्म द्वारा भेद्यता मूल्यांकन और एकीकरण के बाद आईटी अवसंरचना का भेदन परीक्षण किया गया था।
- शाखाओं को 30 प्रकार के अलर्ट देने के लिए ऑफसाइट मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर लागू किया गया है।
- निरीक्षकों के कौशल विकास हेतु उनके लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधनः

- बैंक के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन कक्ष (एफआरएमसी) ने क्षेत्रीय स्तर के पदाधिकारियों को जानकार बनाने और धोखाधड़ी की घटनाओं को रोकने के लिए वर्ष के दौरान विभिन्न पहल की हैं।
- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर जागरूकता पैदा करने के लिए ई–पाठशाला पोर्टल पर ई–प्रशिक्षण कार्यक्रम अपलोड किया गया।

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी)/धन शोधन (एएमएल) दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन :

- बैंक की एक सुपरिभाषित केवाईसी–एएमएल–सीएफ़टी (आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला) नीति बनाई है, यह वह आधार है जिस बैंक ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत बैंक के केवाईसीमानदंडों, एएमएलमानकों, सीएफ़टी उपायों और बैंक के दायित्व को लागू किया है।
- प्रमुख वॉच लिस्ट के सापेक्ष प्रभावी ग्राहक नाम स्क्रीनिंग के लिए, बैंक ने अपने एएमएलएप्लिकेशन के साथ मेसर्स लेक्सिस नेक्सिस द्वारा प्रदान की गई वर्ल्ड कम्प्लाइंस डेटा फीड को एकीकृत किया है।
- बैंक ने एएमएलएप्लिकेशन में एफआईयू–आईएनडी द्वारा निर्धारित अलर्ट परिदृश्यों को अनुकूलित और युक्तिसंगत प्रारंभिक मूल्यों के साथ शामिल किया है।
- ग्राहक जोखिम वर्गीकरण प्रक्रिया को सीबीएस के साथ एकीकृत कर एक गतिशील और अधिक कुशल मॉडल में बदल दिया गया है।

17. अनुपालन

बैंक की अनुपालन नीति को बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक में महाप्रबंधक और मुख्य अनुपालन अधिकारी की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र अनुपालन विभाग स्थापित किया गया है। विभाग बैंक के कामकाज को नियंत्रित करने वाले विभिन्न वैधानिक और नियामक दिशानिर्देशों के पालन की निगरानी करता है।

18. सतर्कता

सतर्कता विभाग बैंक में सतर्कता प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। विभाग केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा जारी सतर्कता नियमावली और सीवीसी द्वारा समय–समय पर जारी सतर्कता प्रशासन के दिशा–निर्देशों द्वारा निर्देशित होता है। सतर्कता मामलों पर सीवीसी के साथ परामर्श करने के लिए विभाग संपर्क का एकमात्र स्थल है। सतर्कता विभाग का प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) होता है, जिसे सीवीसी की सिफारिशों पर भारत सरकार द्वारा इस पद पर नियुक्त किया जाता है। सीवीओ बैंक के सतर्कता संबंधी मामलों के संबंध में सीवीसी, भारत सरकार, आरबीआई, सीबीआई जैसी बाहरी जांच एजेंसियों के साथ संपर्क करने वाला नोडल अधिकारी है।

बैंक में सतर्कता विभाग अतिसक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित पर ध्यान दिया गया है–

- निवारक सतर्कता पहल,
- बैंक के प्रशासन में व्यवस्थितसुधार का सुझाव देना,
- सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुरूप संबंधित अनुशासनिक प्राधिकारियों द्वारा सतर्कता संबंधी अनुशासनिक मामलों के संचालन और समापन को सुनिश्चित करने के लिए सूक्ष्म निगरानी
- वित्तीय वर्ष के लिए चयन की गई शाखाओं का सतर्कता निरीक्षण करना और
- क्षेत्रीय सतर्कता इकाइयों/ अंचल कार्यालयों के माध्यम से सतर्कता संबंधी आशंका एवं धोखाधड़ी वाली शिकायतों की जांच करना।

वर्ष के दौरान सतर्कता निवारक पहलः

आयोजित अभियान :

- **वाहन ऋण पोर्टफोलियो की संवीक्षा** के लिए अक्टूबर 2021 में एक विशेष अभियान आयोजित किया गया।
- **आभूषण ऋण और मुद्रा ऋण पोर्टफोलियो** की संवीक्षा के लिए दिनांक 31.01.2022 से 05.02.2022 के बीच एक विशेष अभियान चलाया गया।

- इन अभियानों से प्राप्त निष्कर्षों को जागरुकता और सुधार के लिए सभी शाखाओं के साथ साझा किया गया।

महत्वपूर्ण घटनाक्रम:

- उन 14 स्थानों पर क्षेत्रीय सतर्कता इकाइयां (एफवीयू) स्थापित की गई हैं, जहां निरीक्षण केंद्र कार्यरत हैं। ये क्षेत्रीय सतर्कता इकाइयां (एफवीयू) सीधे बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) को रिपोर्ट करते हैं। एफवीयू की प्रमुख जिम्मेदारियों में सतर्कता संबंधी शिकायतों की जांच तथा धोखाधड़ी के मामले, बड़े मूल्य के खातों का पुनरू अध्ययन, शाखाओं में औचक सतर्कता निरीक्षण, सीबीआई / स्थानीय पुलिस के साथ संपर्क स्थापित करना आदि शामिल है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021:

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू 2021) का आयोजन दिनांक 26/10/2021 से 01/11/2021 तक सीवीसी द्वारा निर्धारित विषय "Independent India @ 75] Self-reliance with Integrity- स्वतंत्र भारत @75, सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता"¼Swatantra Bhaarat @ 75, Satya nishtha Se Athma nirbharata) पर किया गया।

19. सुरक्षा

- सभी बैंक शाखाओं को अब अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक –श्बर्गलर और फायर अलार्म सिस्टम, हाई डेफिनिशन डीवीआर / एनवीआर आधारित सीसीटीवी सोलूशन्सश से लैस किया गया है।
- सर्वर रूम, डीआर साइटों जैसे सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में स्वचालित (मॉड्यूलर) क्लीन एजेंट आधारित अग्निशामक / गैस आधारित अग्नि शमन प्रणाली तथा शाखाओं / एटीएम को आग के खतरों को कम करने के लिए पर्याप्त अग्निशामकों से सुसज्जित किया गया है।
- कैश वैन में जीपीएस आधारित ट्रैकिंग डिवाइस लगाए गए हैं।
- एटीएम केंद्रों की भेद्यता को ध्यान में रखते हुए, देश भर में बैंक के स्वामित्व वाले एटीएम में केंद्रीकृत निगरानी के साथ 24x7 इलेक्ट्रॉनिक निगरानी (ई–निगरानी) की व्यवस्था की गई है।

20. विपणन:

सोशल मीडिया पर ब्रांड निर्माण गतिविधियां

- बैंक के आधिकारिक फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन चैनलों का प्रबंधन किया गया और सोशल मीडिया चैनलों पर उत्पाद प्रचार और सूचना प्रसार किया गया। क्षेत्र स्तर की गतिविधियों, स्मारक दिवसों, अवसरों और बैंक की उपलब्धियों से संबंधित सोशल मीडिया चैनलों पर विशिष्ट सामग्री विकसित, प्रचारित की गई। इंस्टाग्राम, फेसबुक स्टोरी पोस्ट और फेस्टिवल विश के लिए आकर्षक जीआईएफ और वीडियो पोस्ट बनाए गए।

डिजिटल साइनेज

- बैंक ने ग्राहकों को बैंक के उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान करने और चुनिंदा शाखाओं में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले करने के लिए डिजिटल साइनेज खरीदे हैं। डिस्प्ले इकाइयाँ, बैंक के उत्पादों, उपलब्ध ऑफ़र, सुरक्षा युक्तियों, नई शुरूआत आदि पर सामग्री प्रदर्शित करती हैं, जो ग्राहक–उन्मुख और साथ ही कर्मचारी–उन्मुख दोनों हैं। डिजिटल साइनेज का लाभ हाल ही के वास्तविक समय के आधार पर अद्यतन जानकारी को रिले करने की क्षमता है। वर्तमान में, पूरे भारत में चुनिंदा शाखाओं/कार्यालयों में 943 साइनेज लगाए गए हैं।

एआई–चैटबोट

आद्या एक वेब आधारित चैटबोट है जो बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक अतिरिक्त मोबाइल–अनुकूल ग्राहक इंटरफ़ेस के रूप में इंडियन बैंक की वेबसाइट में एकीकृत है। ग्राहक द्वारा सामान्य संवादी भाषा (वर्तमान में अंग्रेजी) में बैंकिंग प्रश्नों को समझने के लिए चौटबॉट उन्नत प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण एल्गोरिदम पर बनाया गया है।

कार्यक्रम प्रबंधन/अभियान:

टोक्यो पैरालंपिक 2020 विजेताओं का अभिनंदन :

बैंक ने पैरालंपिक खेल, टोक्यो 2020 से बैंकिंग भागीदारों में से एक बनने के लिए भारत की पैरालंपिक समिति के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। खेलों के बाद, बैंक ने 23.10.2021 को इमेज, चेन्नई में विजेताओं के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया।

21. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) :

- बैंकिंग गतिविधियों के अतिरिक्त बैंक ने सीएसआर पहल की है और नैतिक मूल्यों का सम्मान करने और लोगों, समुदायों और प्राकृतिक पर्यावरण का सम्मान किया है।
- एक मजबूत जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में, बैंक भारत के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता के साथ समाज के लाभ के लिए विभिन्न पहल कर रहा है और सीएसआर स्तंभों के माध्यम से जरूरतमंद और हाशिए की आबादी तक पहुंचने के लिए निम्नानुसार काम कर रहा है :
- लैंगिक समानता और महिला अधिकारिता
- समावेशी विकास
- हरित पहल और पर्यावरणीय स्थिरता
- वित्तीय साक्षरता और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि
- वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट आवश्यकताएं

सीएसआर गतिविधियाँ :

वित्त वर्ष 2022 के दौरान, भारत के विभिन्न भागों में अस्पतालों को कोविड चुनौती से निपटने के लिए एवं उनकी भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग सहित कई सीएसआर गतिविधियां की गई।



श्री एस एल जैन, एमडी एवं सीईओ ने डॉ मनोज कुमार एच वी डीन और निदेशक, श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु को एम्बुलेंस की चाबी सौंपी।



श्री एस एल जैन, एमडी एवं सीईओ, गुजरात मेडिकल एजुकेशन रिसर्च सोसाइटी को एम्बुलेंस की चाबी सौंपते हुए



आजादी का अमृत महोत्सव के एंकर माह के हिस्से के रूप में वीएचएस, चेन्नै के सहयोग से कॉर्पोरेट कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।.



चेन्नै पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, आलवारपेट, चेन्नै को टेबल और कुर्सियां, नोटबुक और स्टेशनरी आइटम देकर सहयोग प्रदान किया गया।



होप साइकियाट्रिक रिहैबिलिटेशन शेल्टर फॉर वुमन, एग्मोर, चेन्नै को आवश्यक वस्तुओं का वितरण।



इंडियन बैंक द्वारा चेन्नै पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, आलवारपेट,चेन्नै के बगीचे में पौधे लगाए गए। इस उद्यान का रखरखाव बैंक द्वारा किया जा रहाहै।



श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक ने इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के लिए एम्बुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना किया।



उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने सीएसआर के तहत बैंक द्वारा प्रदान की गई तीन एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



श्री सुजय मलिक, एफजीएम, मेरठ ने सेंट ल्यूक अस्पताल, साकेत, मेरठ को एम्बुलेंस की चाबियां सौंपी।



सीएसआर गतिविधि के तहत जेड पी स्कूल, नासिक जिले के मेधावी छात्रों को टैब्स प्रदान किए गए



सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, तत्कालीन एमडी एवं सीईओ, इंडियन बैंक ने श्री एम के स्टालिन, माननीय मुख्यमंत्री, तमिलनाडु सरकार को कोविड –19 राहत उपायों के लिए मुख्यमंत्री जन राहत कोष हेतु चेक सौंपा।



श्री. एच.एस. अहलूवालिया, क्षेत्र महाप्रबंधक, कोलकाता ने मुख्य सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार को कोविड–19राहत उपायों के लिए मुख्यमंत्री जन राहत कोष हेतु चेकसौंपा



अंचल कार्यालय, पुदुचेरी के अधिकारियों ने स्वास्थ्य सचिव, डॉ अरुण, आईएएस की उपस्थिति में पुदुचेरी के माननीय मुख्यमंत्री श्री रंगासामी को चेक सौंपा।



अंचल कार्यालय गुवाहाटी के अधिकारियों ने 29.06.2021 को सीएमओ, असम सचिवालय में असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ हिमंता बिस्वा सरमा को एक चेकसौंपा।



विशाखापत्तनम अंचल ने जिला परिषद ईएम राजकीय विद्यालय, गजुवाका में पौधारोपण किया।



एर्णाकुलम अंचल ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, एर्णाकुलम में पौधारोपण किया



श्री महेश कुमार बजाज, महाप्रबंधक (टीएमओ बीपीआर/सीसीडी/एमकेटीजी), कॉर्पोरेट कार्यालय, चेन्नै और श्री अशोक पटनायक, एफजीएम चंडीगढ़ ने टाटा विंगर स्कॉल 18 सीटर एससीवी की चाबियां तपन पुनर्वास सोसायटी निलोखेड़ी, करनाल के संस्थापक निदेशक डॉ. सुजाता को सौंपी।



पटना अंचल कार्यालय द्वारा इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना को चिकित्सा उपकरण वितरित किया गया



अंचल कार्यालय गुवाहाटी ने सेक्रेड हार्ट पेलिएटिव केयर सेंटर, गुवाहाटी के मरीजों के लिए मेडिकल उपकरण वितरण किया



अंचल कार्यालय उदयपुर ने जनजाति विभाग, उदयपुर को सीलिंग फैन प्रदान किया

22. खेल

पैराशूटिंग :





सुश्री पूजा अग्रवाल (वरिष्ठ प्रबंधक) ने दिल्ली में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय पैराशूटिंग चैंपियनशिप 2022में भाग लिया।

हॉकी :





दिनांक 7–12 फरवरी 2022 तक तिरुनगर, मदुरै तमिलनाडु में आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट में बैंक की हॉकी टीम उपविजेता रही

बैडमिंटन और क्रिकेट :



दिनांक 06.03.2022 को एमडी और सीईओ श्री एस एल जैन द्वारा इमेज चेन्नै में नए सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया गया



विजेता – बैंक की क्रिकेट टीम ने वाईएसआरआर–एसीए क्रिकेट स्टेडियम, कडपा में 17–21 फरवरी 2022 तक आयोजित सीएम टी–20 कप, अखिल भारतीय टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट जीता।



दिनांक 23.10.2021 कोएम ए चिदंबरम स्टेडियम, चेपक, चेन्नै में इंडियन बैंक कार्यपालक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



विजेता – इंडियन बैंक कार्यपालक क्रिकेट टूर्नामेंट

23. राजभाषा विभाग :

राजभाषा के कुशल और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए बैंक प्रतिबद्ध है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में बैंक ने हमेशा ही उत्तम कार्य निष्पादन किया है।

24. पुरस्कार एवं प्रशस्तियां

ए) एसएचजी

Best Performing Bank under SHG-Bank Linkage Program	State level NABARD Award in SHG Credit Linkage	Tamil Nadu State level NABARD Award
		
MORD, GoI awarded Indian Bank , 'Best Performing Bank-SHG Bank Linkage for FY 21 on 08.03.22 at New Delhi	Best Bank under NABARD's "SHG Bank Linkage Program" for FY 21 received on 14.12.21	Best Financial Performance and Developmental Initiatives in the State of Tamil Nadu - received during July'21

(बी) वित्तीय समावेशन :

- एपीवाई में, बैंक ने वार्षिक एपीवाई निष्पादन के मामले में औसत 96 खाता प्रति शाखा (एएपीबी) के साथ पीएफआरडीए में दूसरा स्थान प्राप्त किया और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए "उत्कृष्टता के लिए वार्षिक एपीवाई पुरस्कार" से सम्मानित किया गया, जिसने लक्ष्य का 137% हासिल किया।

- दिनांक 03.01.2022 से 17.02.2022 तक बैंकों के एमडी और सीईओ के लिए एपीवाई लीडरशिप अभियान में, बैंक ने लक्ष्य का 271% प्राप्त किया और पीएफआरडीए द्वारा "एक्जेमप्लरी डायमंड अवार्ड" और "न्यूमेरो यूएनओ अवार्ड" के लिए अर्हता प्राप्त की।

(ii) ये विवरण एकत्रित रूप से बैंक के कार्यकलापों को सटीक एवं निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं और ये विद्यमान लेखाकरण मानक, प्रयोज्य कानून एवं विनियमन के अनुरूप हैं।

(बी) हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार इस वर्ष के दौरान बैंक ने ऐसे कोई लेनदेन नहीं किए हैं जो कपटपूर्ण, गैर–कानूनी हों या बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन करते हों।

(सी) हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने एवं अनुरक्षित करने का दायित्व लेते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में बैंक के आंतरिक नियंत्रण तंत्र की प्रभावोत्पादकता का मूल्यांकन किया है और हमने लेखा परीक्षकों तथा लेखा परीक्षा समिति को आंतरिक नियंत्रण के रूप या परिचालन में कमियाँ, यदि कोई हों, जिन्हें हम जानते हैं तथा इन कमियों को सुधारने के लिए उठाए गए कदम या प्रस्तावित कदमों की रिपोर्ट हमने लेखा परीक्षकों एवं लेखा परीक्षा समिति को दे दी है।

(डी) हमने लेखा परीक्षकों और लेखा समिति को निम्नलिखित बातों की जानकारी दी है :

(i) वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण परिवर्तन।

(ii) वर्ष के दौरान लेखाकरण नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन और इनका प्रकटीकरण, वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में किया गया है, और

(iii) धोखाधड़ी की महत्वपूर्ण घटनाओं के मामले, जो हमें ज्ञात हुए हैं और उसमें वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कर्मचारी या प्रबंधन का शामिल होना, यदि कोई हो, की जानकारी।

(सुनील जैन)
मुख्य वित्तीय अधिकारी

(एस. एल. जैन)
प्रबंध निदेशक एवं मु.का.अ.

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 11.05.2022

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट
वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए

सेवा में,

सदस्यगण,
इंडियन बैंक
चेन्नै

हमने लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन तथा **इंडियन बैंक** (**इसके पश्चात बैंक कहा जाएगा**) द्वारा अच्छे कॉर्पोरेट आचरण के अनुपालन की सचिवीय लेखा परीक्षा की है। सचिवीय लेखा परीक्षा एक व्यवस्थित तरीके से आयोजित की गई थी, जिसने हमें कॉर्पोरेट आचरण/वैधानिक अनुपालन का मूल्यांकन करने और इसके बारे में अपनी राय व्यक्त करने के लिए एक उचित आधार प्रदान किया।

इंडियन बैंक के बही खातों, कागजात, कार्यवृत की बही, फॉर्म और दर्ज की गयी विवरणियों तथा बैंक द्वारा बनाए गए अन्य अभिलेखों एवं बैंक, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी, सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान हमें दिए गए व्याख्या और स्पष्टीकरण और प्रबंधन द्वारा किए गए अभ्यावेदन और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम द्वारा कोविड–19 (COVID–19) महामारी के फैलाव के कारण दी गई छूटों पर विचार करके, हमारे सत्यापन के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि हमारी राय में, बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष को कवर करते हुए लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान, यहां सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी है कि बैंक के पास उचित व्यवस्थित बोर्ड प्रक्रियाएँ और अनुपालन–तंत्र हैं, जो कि इसके बाद की गई रिपोर्टिंग की प्रणाली और विषय के अनुसार हैं:

हमने 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए **इंडियन बैंक** ("बैंक") द्वारा अनुरक्षित बही खातों, पत्रों, कार्यवृत की बही, प्रपत्रों और दर्ज की गयी विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की जांच निम्न के अनुसार की है :

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके तहत बनाए गए नियम; (लागू सीमा तक);

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और इसके तहत बनाए गए नियम;

(iii) निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और इसके तहत निर्मित विनियमों और उपनियमों;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और इसके तहत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक ऋणों की सीमा तक विस्तारित नियम और विनियमन; **(लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के तहत निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश निर्धारित हैं :–

(ए) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियम, 2011;

(बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (भेदिया व्यापार निषेध) विनियमन, 2015;

(सी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2009, 2018 में संशोधित

(डी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश ,1999 एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयर आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014 **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

(ई) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम एवं सूचीकरण) विनियमन, 2021; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

(एफ) कंपनी अधिविनियमन और ग्राहक के साथ लेन देन से संबंधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम और शेयर अंतरण एजेंट का रजिस्ट्रार) विनियमन, 1993; **(लागू नहीं)**

(जी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटि शेयरों को सूची से हटाना) विनियमन, 2009; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

(एच) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों की वापसी) विनियमन, 1998; **(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान बैंक पर लागू नहीं)**

अन्य विधियां जो बैंक पर विशेष रूप से लागू है, वह निम्नानुसार है :

(vi) बैंककारी कंपनी अधिनियम (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970;

(vii) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949.

मेरे द्वारा निम्नलिखित के लागू खंड के अनुपालन की जांच भी की गई है:

(i) भारत के कंपनी सचिवों के संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानक **(लागू नहीं)**

(ii) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015

बैंक, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 के अधीन गठित है और कंपनी अधिनियम के अधीन पंजीकृत नहीं किया गया है।

बैंक बोर्ड, लेखापरीक्षा समिति व अन्य समितियों के गठन व निदेशकों को किये जाने वाले भुगतान, बोर्ड/ समिति प्रक्रियाओं/सम्बंधित पार्टी लेनदेन इत्यादि बैंकिंग कंपनियाँ (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, भारतीय बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 1999 यथा संशोधित के प्रावधानों एवं समय समय पर भारतीय रिजर्व बैंक व भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत नियंत्रित होते हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, सूचीबद्ध संस्था ने अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है, जो निम्नलिखित अवलोकन के अधीन है।

बोर्ड की संरचना के संबंध में, बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों के अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम,1980 की धारा 9 (3) (ई) (एफ) और (जी) के तहत रिक्तियां मौजूद हैं। दिनांक 31 मार्च, 2022 को निदेशक मंडल की संरचना सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

बोर्ड की बैठकों को नियत किये जाने हेतु सभी निदेशकों को पर्याप्त नोटिस दिया जाता है और कार्यसूची एवं कार्यसूची पर विस्तृत नोट को पहले ही भेजा जा चुका है तथा बैठक में अर्थपूर्ण सहभागिता हेतु बैठक होने से पूर्व ही एजेंडा की मदों पर सूचना व स्पष्टता मांगे जाने की प्रणाली अस्तित्व में है।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि बैंक द्वारा उचित कानूनों, नियमों, नियामकों व दिशानिर्देशों के अनुसार निरीक्षण व अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैंक के आकार व परिचालन के अनुरूप पर्याप्त प्रणालियाँ व प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट के दौरान वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, बैंक ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट के माध्यम से 1650 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी 142.15 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के इश्यू मूल्य पर जुटाई है, जिसमें 132.15 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का प्रीमियम भी शामिल है। क्यूआईपी के तहत 10 रुपये के अंकित मूल्य के 11,60,74,569 नए इक्विटी शेयरों के आबंटन के बाद, बैंक के कुल प्रदत्त शेयर 112,93,66,570 से बढ़कर 124,54,41,139 हो गए।

कृते वी सुरेश एसोसिएट्स
व्यावसायिक कंपनी सचिव

वी सुरेश
वरिष्ठ पार्टनर
एफसीएस नं. 2969
सी.पी. नं 6032
समकक्ष समीक्षा प्रमाण पत्र सं 667/2020
यूडीआईएन: एफ002969डी000295712

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 10.05.2022

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध

सेवा में,

सदस्यगण
इंडियन बैंक
चेन्नै – 600014

हमारी समान तिथि की रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाए।

1. सचिवीय अभिलेखों का रखरखाव बैंक के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर विचार व्यक्त करना है।

2. हमने सचिवीय अभिलेखों की सामग्री की सत्यता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त लेखापरीक्षा पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अनुसरण किया है। सत्यापन जांच के आधार पर किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित हो। हमें विश्वास है कि हमने जिन प्रक्रियाओं और पद्धतियों का अनुसरण किया है वे हमारे विचार के लिए उचित आधार प्रदान करती हैं।

3. हमने बैंक के वित्तीय अभिलेखों और लेखा पुस्तकों की सत्यता और समुचितता की जांच नहीं की है।

4. जहां कभी भी आवश्यकता पड़ी, हमने कानूनों, नियमों और विनियमों तथा घटनाओं आदि के अनुपालन के बारे में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।

5. कॉर्पोरेट के प्रावधानों और अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी परीक्षण जांच के आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

6. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में आश्वासन है और न ही उस प्रभावोत्पादकता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है।

कृते वी सुरेश एसोसिएट्स
व्यावसायिक कंपनी सचिव

वी सुरेश
वरिष्ठ पार्टनर
एफसीएस नं. 2969
सी.पी. नं 6032
समकक्ष समीक्षा प्रमाण पत्र सं 667/2020
यूडीआईएन: एफ002969डी000295712

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 10.05.2022

निदेशकों की गैर–निरर्हता का प्रमाण प्त्र

{सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 34 (3) और अनुसूची 5 पैरा सी खंड (10) (i) के अनुसरण में}

इंडियन बैंक
66, राजाजी सालै
चेन्नै–600 001
के सदस्यगण

हमने इंडियन बैंक के निदेशकों से प्राप्त प्रासंगिक रजिस्टरों, अभिलेखों, प्रपत्रों, रिटर्न और प्रकटीकरण की जांच की है, जिनका पंजीकृत कार्यालय 66, राजाजी सालै, चेन्नै 600 001 (इसके बाद 'बैंक' के रूप में संदर्भित) है, जो बैंक द्वारा इस प्रमाणपत्र को जारी करने के प्रयोजन हेतु, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 की अनुसूची 5 पैरा सी उप खंड 10(i) के साथ पठित विनियमन 34(3) के अनुसार हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और सत्यापन के अनुसार (पोर्टल www.mca.gov.in पर निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) की स्थिति सहित) जैसा कि आवश्यक समझा गया और बैंक व उसके अधिकारियों द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के बोर्ड में नीचे बताए गए किसी भी निदेशक को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, या कोई अन्य वैधानिक प्राधिकरण द्वारा बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त या जारी रखने से वंचित या अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

क्रमांक सं.	निदेशक का नाम	डीआईएन संख्या	बैंक में नियुक्ति की तिथि
1	श्री एस.एल.जैन	07692739	01.09.2021
2	श्री शेणॉय विश्वनाथ वी	07561455	01.12.2018
3	श्री इमरान अमीन सिद्दीकी	09153707	10.03.2021
4	श्री अश्वनी कुमार	लागू नहीं	21.10.2021
5	श्री संजीव कौशिक	02842527	24.01.2020
6	डॉ आदित्य गेहा	लागू नहीं	08.03.2022
7	डॉ. भरत कृष्ण शंकर	00473636	07.02.2021
8	सुश्री पापिया सेनगुप्ता	07701564	29.10.2021
9	श्री बालमुकुंद सहाय	लागू नहीं	21.12.2021
10	श्री विश्वेश कुमार गोयल	लागू नहीं	21.12.2021

बैंक, एक राष्ट्रीयकृत बैंक होने के नाते, बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण अधिनियम, 1970) के प्रावधानों के तहत गठित, डीआईएन की आवश्यकता बैंक के निदेशकों के लिए लागू नहीं हो सकती है।

बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति/निरंतरता के लिए पात्रता सुनिश्चित करना बैंक के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सत्यापन के आधार पर इन पर राय व्यक्त करें। यह प्रमाणपत्र न तो बैंक के भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता का आश्वासन है जिसके द्वारा प्रबंधन ने बैंक में कार्य संचालन किया है।

कृते वी सुरेश एसोसिएट्स
व्यावसायिक कंपनी सचिव

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 10.05.2022

वी सुरेश
वरिष्ठ पार्टनर
एफसीएस सं. 2969
सी.पी.सं. 6032
पी. आर. प्रमाणपत्र. सं. :667/2020
यूडीआईएनः एफ002969डी000295965

स्टैंडअलोन तुलन पत्र, लाभ और हानि लेखा और अनुसूचियां

31 मार्च, 2022 को स्टैंडअलोन तुलन पत्र

₹ हजार में

विवरण	अनु. सं.	31.03.2022 को (लेखापरीक्षित)	31.03.2021 को (लेखापरीक्षित)
पूँजी व देयताएं			
पूंजी	1	1245 44 11	1129 36 66
आरक्षितियां और अधिशेष	2	42463 36 31	37282 57 83
जमाएं	3	593617 81 37	538071 11 49
उधार	4	17144 30 85	24734 33 12
अन्य देयताएं और प्रावधान	5	17197 12 87	22209 27 48
कुल		**671668 05 51**	**623426 66 58**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक में नकद और अधिशेष	6	24054 40 91	27545 08 17
बैंकों में शेष एवं मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि	7	55861 64 25	23919 39 05
निवेश	8	174558 58 80	176536 96 62
अग्रिम	9	389186 06 32	362669 07 96
अचल आस्तियां	10	7683 71 16	7376 31 14
अन्य आस्तियां	11	20323 64 07	25379 83 64
कुल		**671668 05 51**	**623426 66 58**
कुलआकस्मिक देयताएं	12	353514 04 83	293533 46 10
वसूली के लिए बिल	-	14144 89 14	12620 72 77

एस.एल. जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

अश्वनी कुमार
कार्यपालक निदेशक

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

निदेशक

संजीव कौशिक
सरकार द्वारा नामित निदेशक

आदित्य गेहा
आरबीआई द्वारा नामित निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

पापिया सेनगुप्ता
शेयरधारक निदेशक

बालमुकुंद सहाय
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

विश्वेश कुमार गोयल
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक

कृते मैसर्स श्रीराममूर्ति एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 003032एस

एम. प्रत्युषा
साझेदार
(एम.संख्या 254141)

कृते मैसर्स रवि राजन एण्ड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 009073एन / एन500320

सुमित कुमार
साझेदार
(एम. संख्या 512555)

कृते मैसर्स पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस / एस200018

पी. देवी
साझेदार
(एम.संख्या 223137)

कृते मैसर्स जी नटेसन एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस

वरलक्ष्मी मुरली
साझेदार
(एम.संख्या 028863)

कृते मैसर्स एसएआरसी एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफ.आर. संख्या 006085एन

चेतन ठक्कर
साझेदार
(एम.संख्या 114196)

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 11.05.2022

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन लाभ व हानि लेखा

(₹ हजार में)

विवरण	अनुसूची सं	31.03.2022 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)	31.03.2021 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)
I. आय			
अर्जित ब्याज	13	38856 22 07	39105 78 65
अन्य आय	14	6915 44 97	5650 18 96
कुल		**45771 67 04**	**44755 97 61**
II. व्यय			
व्यय किया गया ब्याज	15	22128 27 05	23439 83 90
परिचालनगत व्यय	16	10926 50 28	10349 55 28
प्रावधान एवं आकस्मिकतायें	-	8772 07 65	7961 90 66
कुल		**41826 84 98**	**41751 29 84**
III. लाभ /हानि			
वर्ष के लिए निवल लाभ /हानि (–)		3944 82 06	3004 67 77
अग्रानीत लाभ / हानि (–)		100 16 28	99 16 27
कटौती : शेयर प्रीमियम के सापेक्ष समायोजन / सेट ऑफ		-23 21 49	-101 67 04
कुल		**4021 76 85**	**3002 17 00**
IV. विनियोजन को अंतरित :			
सांविधिक आरक्षितियां		986 21 00	751 17 00
पूँजी आरक्षितियां		147 90 00	47 71 00
36(1) (viii) के अंतर्गत विशेष रिजर्व		108 35 00	0
राजस्व आरक्षितियां		1800 00 00	1387 34 39
स्टाफ कल्याण निधि		40 00 00	25 00 00
निवेश उतार–चढ़ाव आरक्षितियां		0	464 91 00
ईक्विटी लाभांश		809 53 67	225 87 33
शेष जो तुलन पत्र को अग्रानीत किया गया है		129 77 18	100 16 28
कुल		**4021 76 85**	**3002 17 00**
प्रतिशेयर अर्जन रुपए में (आधारभूत और कम मिश्रित)		32.38	26.61

एस.एल. जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

अश्वनी कुमार
कार्यपालक निदेशक

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

निदेशक

संजीव कौशिक
सरकार द्वारा नामित निदेशक

आदित्य गेहा
आरबीआई द्वारा नामित निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

पापिया सेनगुप्ता
शेयरधारक निदेशक

बालमुकुंद सहाय
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

विश्वेश कुमार गोयल
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक

कृते मैसर्स श्रीराममूर्ति एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 003032एस

एम. प्रत्युषा
साझेदार
(एम.संख्या 254141)

कृते मैसर्स रवि राजन एण्ड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 009073एन / एन500320

सुमित कुमार
साझेदार
(एम. संख्या 512555)

कृते मैसर्स पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस / एस200018

पी. देवी
साझेदार
(एम.संख्या 223137)

कृते मैसर्स जी नटेसन एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस

वरलक्ष्मी मुरली
साझेदार
(एम.संख्या 028863)

कृते मैसर्स एसएआरसी एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफ.आर. संख्या 006085एन

चेतन ठक्कर
साझेदार
(एम.संख्या 114196)

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 11.05.2022

अनुसूची 1 – पूंजी

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. प्राधिकृत पूँजी		
प्रत्येक 10/– रुपए के 300,00,00,000 ईक्विटी शेयर	3000 00 00	3000 00 00
II. जारी, अभिदत्त और अदा की गई पूंजी :		
ईक्विटी शेयर :		
ए. भारत सरकार द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/– के 99,45,49,600 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष – रुपए 10/– प्रत्येक के 99,45,49,600 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	994 54 96	994 54 96
बी. जनता द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/– के 25,08,91,539 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष – रुपए 10/– प्रत्येक के 13,48,16,970 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	250 89 15	134 81 70
कुल	**1245 44 11**	**1129 36 66**

अनुसूची 2 – आरक्षितियां और अधिशेष

(₹ हज़ार में)

	विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I.	**सांवधिक आरक्षितियां**		
	ए) अथशेष	8649 75 51	4694 19 81
	बी) वर्ष के दौरान जोड़ (*)	986 21 00	3955 55 70
	सी) वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल I	**9635 96 51**	**8649 75 51**
II.	**पूँजीगत आरक्षितियां**		
ए)	**पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व**		
	अथशेष	5754 96 63	2987 84 42
	वर्ष के दौरान जोड़ (*)	599 48 14	2909 98 72
	वर्ष के दौरान कटौतियां	143 42 51	142 86 51
	कुल (ए)	**6211 02 26**	**5754 96 63**
बी)	**अन्य**		
	अथशेष	913 00 74	388 55 24
	वर्ष के दौरान जोड़ (*)	147 90 00	524 45 50
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (बी)	**1060 90 74**	**913 00 74**
	कुल II (ए+ बी)	**7271 93 00**	**6667 97 37**
III.	**शेयर प्रीमियम**		
	ए) अथशेष	857 61 90	4026 65 23
	बी) वर्ष के दौरान जोड़ (*)	1533 92 54	15806 49 62
	सी) वर्ष के दौरान कटौतियां	0	18975 52 95
	कुल III	**2391 54 44**	**857 61 90**
IV.	**राजस्व और अन्य आरक्षितियां**		
	ए) राजस्व आरक्षितियां		
	अथशेष	13124 31 94	7448 29 29
	वर्ष के दौरान जोड़ (*)	1800 00 00	5533 16 14
	पुनर्मूल्यांकन आरक्षतियों से अंतरित	143 42 51	142 86 51
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (ए)	**15067 74 45**	**13124 31 94**
	(बी) आईटी अधिनियम की धारा के 36(1) (viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षितियां		
	अथशेष	2175 52 00	725 52 00
	वर्ष के दौरान जोड़ (*)	108 35 00	1450 00 00
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (बी)	**2283 87 00**	**2175 52 00**
	(सी) आईटी अधिनियम की धारा के 36(1) (viii ए) के अंतर्गत विशेष आरक्षितियां		
	अथशेष	58 20 00	58 20 00
	वर्ष के दौरान जोड़	0	0
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (सी)	**58 20 00**	**58 20 00**
	डी) निवेश उतार–चढ़ाव आरक्षितियां		
	अथशेष	1031 90 00	566 99 00
	वर्ष के दौरान जोड़	0	464 91 00
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (डी)	**1031 90 00**	**1031 90 00**
	ई) निवेश आरक्षितियां		
	अथशेष	186 37 77	47 79 22
	वर्ष के दौरान जोड़ (*)	0	138 58 55
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (ई)	**186 37 77**	**186 37 77**
	एफ) विदेशी मुद्रा लेनदेन आरक्षितियां		
	अथशेष	421 92 88	437 26 31
	वर्ष के दौरान जोड	0	0
	वर्ष के दौरान कटौतियां	24 69 10	15 33 43
	कुल (एफ)	**397 23 78**	**421 92 88**

(₹ हज़ार में)

	जी) आईआरएस आरक्षितियां		
	अथशेष	1 90 63	0
	वर्ष के दौरान जोड़ (*)	0	1 90 63
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल (जी)	**1 90 63**	**1 90 63**
	कुल IV (ए+बी+सी+डी+ई+एफ+जी)	**19027 23 63**	**17000 15 22**
V.	**समामेलन आरक्षितियां**		
	ए) अथशेष	4006 91 55	0
	बी) वर्ष के दौरान जोड़	0	4006 91 55
	सी) वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	कुल V	**4006 91 55**	**4006 91 55**
VI.	**लाभ एवं हानि खाता**		
	अथशेष	100 16 28	99 16 27
	वर्ष के दौरान जोड़	3944 82 06	102 67 05
	वर्ष के दौरान कटौतियां (*)	3915 21 16	19077 19 99
	शेयर प्रीमियम से समायोजन	0	18975 52 95
	कुल VI	**129 77 18**	**100 16 28**
	कुल (I+II+III+IV+V+VI)	**42463 36 31**	**37282 57 83**

(*) वित्तीय वर्ष 2020–21 में ई–एबी आरक्षितियों सहित जोड़/घटाव

अनुसूची 3 – जमाएँ

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
ए. I. मांग जमाराशियां		
i) बैंकों से	125 59 56	289 29 18
ii) अन्य से	36594 73 39	32055 27 51
कुल	**36720 32 95**	**32344 56 69**
II. बचत बैंक जमाराशियां	**211205 86 14**	**195250 29 37**
III. सावधि जमाराशियां		
i) बैंकों से	6067 87 21	5323 09 87
ii) अन्य से	339623 75 07	305153 15 56
कुल	**345691 62 28**	**310476 25 43**
कुल (I+II+III)	**593617 81 37**	**538071 11 49**
बी. I) भारत में स्थित शाखाओं की जमाएं	584660 65 57	529264 23 30
II) भारत के बाहर शाखाओं की जमाएं	8957 15 80	8806 88 19
कुल (I + II)	**593617 81 37**	**538071 11 49**

अनुसूची 4 – उधार

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. भारत में उधार		
i) भारतीय रिज़र्व बैंक	0	5032 04 04
ii) अन्य बैंक	5 12	13 72
iii) अन्य संस्थाएं और अभिकरण *	15285 01 00	14935 73 74
कुल	**15285 06 12**	**19967 91 50**
II. भारत के बाहर उधार **	1859 24 73	4766 41 62
कुल (I व II)	**17144 30 85**	**24734 33 12**
ऊपर की मदों में प्रतिभूत उधार को शामिल किया गया है।	0	5032 04 04

* एटी–1 पूँजी – स्थायी ऋण लिखत ₹2000 00 00 (पिछले वर्ष ₹2000 00 00) और टियर II पूँजी में गौण ऋण ₹7000 00 00 (पिछले वर्ष ₹7600 00 00) को शामिल किया गया है।

** नास्ट्रो मिरर शेषों की असमायोजित मदें एवं मार्गस्थ मदों को शामिल करते हुए

अनुसूची 5 – अन्य देयताएँ एवं प्रावधान

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. देय बिल	1585 16 73	1443 91 42
II. अंतर–कार्यालय समायोजन (निवल)	0	5073 01 52
III. उपचित ब्याज	994 13 29	1041 86 06
IV. अन्य (प्रावधान सहित) *	14617 82 85	14650 48 48
कुल (I + II + III + IV)	**17197 12 87**	**22209 27 48**
* रु. 378 88 304 की मानक आस्तियों के सापेक्ष आकस्मिक प्रावधान (पिछले वर्ष रु.282 68 255)		

अनुसूची 6 – भारतीय रिजर्व बैंक में नकद और शेष राशि

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. हाथ में नकदी (इसमें विदेशी मुद्रा नोट सम्मिलित हैं)	1962 39 75	1658 27 76
II. भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चालू खाते में शेष	22092 01 16	25886 80 41
कुल (I+II)	**24054 40 91**	**27545 08 17**

अनुसूची 7 – बैंकों में अधिशेष और माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. भारत में		
i) बैंकों में अधिशेष		
ए. चालू खाते में	6 17 63	95 08 44
बी. अन्य जमा खातों में	1386 15 22	2046 43 44
कुल (i)	**1392 32 85**	**2141 51 88**
ii) मांग पर तथा अल्प सूचना पर प्रतिदेय धनराशि (बैंकों के साथ)	34500 20 06	8900 00 01
कुल (ii)	**34500 20 06**	**8900 00 01**
कुल (i + ii)	**35892 52 91**	**11041 51 89**
II. भारत के बाहर		
i) चालू खातों में	503 97 97	1577 67 70
ii) अन्य जमा खातों में	19453 09 25	11270 82 04
iii) माँग पर तथा अल्प सूचना पर प्रतिदेय धनराशि	12 04 12	29 37 42
कुल (i + ii + iii)	**19969 11 34**	**12877 87 16**
कुल योग (I +II)	**55861 64 25**	**23919 39 05**

अनुसूची 8 – निवेश

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. भारत में निवेश		
सकल निवेश	178434 87 83	179570 44 81
मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान घटाकर	3656 54 63	3437 58 50
प्रतिभूति रसीद पर प्रावधान घटाकर	1922 31 20	1922 31 20
निवल निवेश	**172856 02 00**	**174210 55 11**
I) सरकारी प्रतिभूतियां	140386 99 79	157550 39 28
ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	0	5 22 76
iii) शेयर	1198 42 29	986 58 19
iv) डिबेंचर और बॉंड	30442 35 19	13359 15 13
v) अनुषंगियां और / या संयुक्त उद्यम (सहयोगियों के साथ)	216 16 81	216 16 81
vi) अन्य	612 07 92	2093 02 94
कुल	**172856 02 00**	**174210 55 11**

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
II. भारत के बाहर निवेश		
सकल निवेश	1800 52 30	2420 89 82
मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान घटाकर	97 95 50	94 48 31
निवल निवेश	**1702 56 80**	**2326 41 51**
I) सरकारी प्रतिभूतियाँ (स्थानीय प्राधिकारी सहित)	1702 00 91	2325 81 80
ii) अन्य निवेश		
ए शेयर	55 89	59 71
कुल	**1702 56 80**	**2326 41 51**
निवल कुल योग (ए + बी)	**174558 58 80**	**176536 96 62**

अनुसूची 9 – अग्रिम

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I) क्रय किए गए और भुनाये गए बिल	3430 05 82	2131 34 96
ii) नकद उधार, ओवर ड्राफ़्ट और मांग पर प्रतिदेय ऋण	245298 43 89	220090 98 14
iii) मियादी ऋण	140457 56 61	140446 74 86
कुल	**389186 06 32**	**362669 07 96**
i) मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (बही ऋणों पर अग्रिम शामिल हैं)*	322961 60 18	320789 57 49
ii) बैंक / सरकारी प्रत्याभूतियों द्वारा संरक्षित	39614 40 28	22887 65 72
iii) अरक्षित	26610 05 86	18991 84 75
कुल	**389186 06 32**	**362669 07 96**
I. भारत में अग्रिम		
i) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र #	163407 15 71	156301 47 15
ii) सरकारी क्षेत्र	67147 92 02	64398 77 88
iii) बैंक	0	169 24 06
iv) अन्य	139011 84 53	131526 73 67
कुल	**369566 92 26**	**352396 22 76**
II. भारत के बाहर अग्रिम		
I) बैंकों से प्राप्य राशियाँ	11105 63 45	4475 58 45
ii) अन्यों से प्राप्य राशियाँ		
क) क्रय किये गए और भुनाये गए बिल	2541 53 44	771 16 66
ख) सामूहिक ऋण	4650 75 16	3515 42 23
ग) अन्य	1321 22 01	1510 67 86
कुल	**19619 14 06**	**10272 85 20**
कुल योग (I+II)	**389186 06 32**	**362669 07 96**

* बही ऋण के सापेक्ष शामिल किए गए अग्रिम : 67000 84 07 (पिछले वर्ष ₹ 63247 10 63)

आरआईडीएफ को नहीं जोड़ा गया है।

अनुसूची 10 – अचल आस्तियां

(₹ हज़ार में)

	विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I.	**परिसर (पुनर्मूल्यांकित परिसर सहित)**		
	पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्र के अनुसार लागत / पुनर्मूल्यांकन मूल्य पर	6857 35 52	6853 35 76
	वर्ष के दौरान जोड़ / समायोजन	601 20 96	3 99 76
	पूर्ण योग	7458 56 48	6857 35 52
	वर्ष के दौरान कटौतियां	4 68 50	0
	पूर्ण योग	7453 87 98	6857 35 52
	अद्यतन मूल्य ह्रास	1412 80 63	1243 94 40
	कुल	**6041 07 35**	**5613 41 12**
II.	**पट्टे पर दी गई आस्तियां**		
	पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्र के अनुसार लागत / पुनर्मूल्यांकन मूल्य पर	530 52 79	530 52 79
	वर्ष के दौरान जोड़ / समायोजन	0	0
	पूर्ण योग	530 52 79	530 52 79
	वर्ष के दौरान कटौतियां	0	0
	पूर्ण योग	530 52 79	530 52 79
	अद्यतन मूल्य ह्रास	22 17 67	42 92 70
	कुल	**508 35 12**	**487 60 09**
III.	**निर्माणाधीन भवन**	**96 80**	**1 06 54**
IV.	**अन्य अचल आस्तियां (इसमें फर्नीचर और फिक्सचर सम्मिलित हैं)**		
	पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्र के अनुसार लागत पर	4628 15 73	4121 12 83
	वर्ष के दौरान जोड़ / समायोजन	316 77 75	554 37 72
	पूर्ण योग	4944 93 48	4675 50 55
	वर्ष के दौरान कटौतियां	76 67 23	47 34 82
	पूर्ण योग	4868 26 25	4628 15 73
	अब तक मूल्य ह्रास	3734 94 36	3353 92 34
	कुल	**1133 31 89**	**1274 23 39**
	कुल (I+II+III+IV)	**7683 71 16**	**7376 31 14**

अनुसूची 11 – अन्य आस्तियां

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	270 52 77	0
II. उपचित ब्याज	2968 68 66	4107 97 96
III. प्रदत्त अग्रिम कर / स्रोत पर काटा गया कर (निवल)	6407 56 89	6625 26 70
IV. लेखन सामग्री और स्टाम्प	27 06 55	46 37 53
V. दावों की संतुष्टि में प्राप्त की गयी गैर–बैंककारी आस्तियां	51 38 26	51 38 26
VI. अन्य*	10598 40 94	14548 83 19
कुल	**20323 64 07**	**25379 83 64**
* जिसमें एचटीएम वर्गीकरण के तहत रखे गए आरआईडीएफ / एसआईडीबीआई / आरएचडीएफ / एनएचबी जमाएं शामिल है।	1062 15 12	1304 51 23

अनुसूची 12 – आकस्मिक देयताएं

(₹ हज़ार में)

विवरण	31.03.2022 को	31.03.2021 को
I. बैंक के विरुद्ध दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है	2159 16 36	953 36 91
II. अंशतः संदत्त निवेशों के लिए देयता	462 77 26	373 81 66
III. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के कारण देयता	306197 71 07	254856 84 39
IV. संघटकों की ओर से दी गई प्रत्याभूतियां *		
क. भारत में	21969 83 62	17792 78 38
ख. भारत के बाहर	300 68 26	379 99 49
V. स्वीकृतियाँ, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं *	10837 91 70	9394 28 29
VI. अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	11585 96 56	9782 36 98
कुल	**353514 04 83**	**293533 46 10**

* आकस्मिक देयताएं, मार्जिन घटाने के बाद समान माना गया है

अनुसूची 13 – अर्जित ब्याज

(₹ हजार में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)	31.03.2021 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)
I. अग्रिमों / बिलों पर ब्याज / बट्टा राशि	26927 56 15	27363 52 81
II. निवेशों पर आय	10964 82 37	11166 89 38
III. भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ शेष तथा अन्य अंतर बैंक निधियों पर ब्याज	851 34 00	425 45 97
IV. अन्य	112 49 55	149 90 49
कुल	**38856 22 07**	**39105 78 65**

अनुसूची 14 – अन्य आय

(₹ हजार में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. कमीशन, विनिमय और दलाली	806 11 09	766 96 37
II. निवेशों के विक्रय पर लाभ	1748 06 22	2259 91 38
घटाएँ : निवेशों की बिक्री पर हानि	122 30 84	135 67 19
निवल	1625 75 38	2124 24 19
III. निवेशों के पुनर्मूल्याँकन पर लाभ	89	2 42
घटाएँ : निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर हानि	343 24 98	429 08 84
निवल	-343 24 09	-429 06 42
IV. भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ *	7 40 31	2 83 09
घटाएँ : भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों के विक्रय पर हानि *	2 18 28	3 22 28
निवल	5 22 03	- 39 19
V. विनिमय संव्यवहारों पर लाभ (निवल)	689 98 73	405 92 51
VI. विदेश / भारत में स्थापित अनुषंगियों / कंपनियों और / या संयुक्त उद्यमों से लाभांश आदि के रूप में अर्जित आय	28 15 18	12 45 06
VII. विविध आय	4103 46 65	2770 06 44
कुल	**6915 44 97**	**5650 18 96**

* यह राशि सेफ, फ़र्निचर, वाहन और मशीनरी से संबंधित है

अनुसूची 15 – खर्च किया गया ब्याज

(₹ हजार में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. जमाओं पर ब्याज	20935 55 65	22220 79 49
II. भारतीय रिज़र्व बैंक / अंतर बैंक उधारों पर ब्याज	248 46 35	400 89 55
III. अन्य	944 25 05	818 14 86
कुल	**22128 27 05**	**23439 83 90**

अनुसूची 16 – परिचालन व्यय

(₹ हजार में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान	6695 70 68	6378 23 81
II. किराया, कर और बिजली व्यवस्था	613 74 14	602 83 47
III. मुद्रण और लेखन सामग्री	84 60 78	57 65 50
IV. विज्ञापन और प्रचार	21 71 34	13 55 22
V. बैंक की संपत्ति पर मूल्यह्रास	597 49 99	632 87 20
VI. निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	44 31	39 60
VII. लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों को शामिल करते हुए)	47 37 52	63 01 86
VIII विधि प्रभार	17 38 61	20 19 41
IX डाक, तार और टेलीफोन	109 86 46	117 18 86
X. मरम्मत और अनुरक्षण	243 87 09	197 09 98
XI. बीमा	742 35 00	682 46 34
XII. अन्य व्यय	1751 94 36	1584 04 03
कुल	**10926 50 28**	**10349 55 28**

अनुसूची–17 – मुख्य लेखांकन नीतियां (स्टैंडअलोन)

1. लेखांकन प्रथा

जब तक अन्यथा न कहा जाए वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत परिपाटी पर चल रहे प्रथाओं का अनुपालन करते हुए तैयार किया जाता है। यह भारत में प्रचलित सांविधिक सिद्धांतों के अनुरूप है जिसमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक / भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों / मार्गदर्शन नोट्स और भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित प्रथाएं शामिल हैं। विदेशी शाखाओं के संबंध में संबंधित देशों में प्रचलित सांविधिक प्रावधानों के अनुरूप है।

2. प्राक्कलन का प्रयोग

वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए, रिपोर्टिंग अवधि हेतु वित्तीय विवरणियों की तारीख पर दर्ज आस्तियों एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा आय एवं व्यय पर विचार करने हेतु प्रबंधन को प्राक्कलन तैयार करने और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन, यह विश्वास रखता है कि वित्तीय विवरणियों की तैयारी में इस्तेमाल किये गये प्राक्कलन विवेकी और उचित हैं।

3. विदेशी विनिमय से संबंधित लेनदेन

भारतीय परिचालनों और गैर समाकलित विदेशी परिचालन के विदेशी मुद्रा लेनदेनों का लेखांकन, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखाकरण मानक – 11 (एएस – 11) के अनुसार किया जाता है।

3.1. भारतीय परिचालनों के मामले में परिवर्तन

- विदेशी मुद्रा डीलर असोसिएशन आफ इंडिया (फेडाई) द्वारा अधिसूचित साप्ताहिक औसत दर (डबल्यूएआर) पर विदेशी विनिमय लेनदेन दर्ज किए जाते हैं।
- विदेशी मुद्रा में आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन, वर्षांत पर फेडाई द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर किया जाता है।
- विदेशी मुद्रा में स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं और गारंटियों को वर्षांत पर फेडाई द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर रखा जाता है।
- वित्तीय वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा में रखी गयी आस्तियों एवं देयताओं के निपटान एवं परिवर्तन से उठनेवाले विनिमय अंतर को, उस वर्ष में ही आय या व्यय के रूप में पहचाना जाता है ।
- बकाया वायदा विनिमय दरों का प्रकटीकरण संविदागत दरों से किया जाता है तथा फेडाई की समापन दरों पर उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाता है एवं उसके परिणाम की पहचान, लाभ व हानि लेखे के जरिए की जाती है।

3.2. गैर– समाकलित विदेशी परिचालनों के संबंध में परिवर्तन

विदेशी शाखाओं का वर्गीकरण, गैर समाकलित विदेशी परिचालन के रूप में किया गया है और वित्तीय विवरणों का परिवर्तन निम्नप्रकार किया जाता है :

- आकस्मिक देयताएं सहित आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन फेडाई द्वारा वर्षांत में अधिसूचित दरों पर किया जाता है।
- आय एवं व्यय का परिवर्तन फेडाई द्वारा संबंधित तिमाही के अंत पर अधिसूचित तिमाही औसत समापन दर पर किया जाता है।
- निवल निवेशों के निपटान तक उठनेवाले सभी विनिमय अंतर को ''विनिमय उतार–चढ़ाव निधि'' (एफसीटीआर) नामक पृथक निधि में उपचित रखा जाता है।

4. निवेश

4.1. बैंक के निवेश संविभाग को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित तीन प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है :

- परिपक्वता तक रखे गए (एचटीएम)
- बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस)
- व्यापार के लिए रखे गए (एचएफटी)

परिपक्वता तक रोक रखने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **''एचटीएम''** प्रवर्ग के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। अल्पावधि के मूल्य / ब्याज दर में उतार–चढ़ाव से लाभ उठाकर व्यापार करने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **''एचएफटी''** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। अन्य सभी प्रतिभूतियाँ जो उपर्युक्त दोनों प्रवर्गों में नहीं आती हैं, उन्हें, **''एएफएस''** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है।

एक निवेश को उसकी खरीद / अर्जन के समय पर ही, परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध अथवा व्यापार के लिए उपलब्ध के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और तदनन्तर नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप उनका अंतरण किया जाता है। एक वर्ग से दूसरे वर्ग को शेयरों का अंतरण, यदि कोई है, अंतरण की तारीख पर अर्जन लागत / बही मूल्य / बाजार मूल्य में से न्यूनतम मूल्य पर किया जाता है, और ऐसे अंतरण के लिए मूल्यहास हेतु पूर्ण प्रावधान किया जाता है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और एसोसिएट्स में निवेश को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

4.2. एचटीएम प्रवर्ग में रखी गयी प्रतिभूतियों की बिक्री पर प्राप्त लाभ को पहले लाभ व हानि लेखे में लिया जाता है और बाद में पूंजी प्रारक्षिती लेखे (कर चुकाने के बाद की राशि तथा सांविधिक रिजर्व को अंतरित की जानेवाली वांछित राशि) में विनियोजित किया जाता है तथा हानि, यदि हो, को लाभ व हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है :

4.3. भारत में निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के समनुरूप निम्नानुसार किया जाता है :

ए) **एचटीएम** प्रवर्ग में प्रतिभूति का मूल्यांकन अर्जन की लागत पर किया जाता है सिवाय उन मामलों में जहां अंकित मूल्य से अर्जन लागत अधिक होती हो, वैसे मामलों में, अंकित मूल्य पर अर्जन लागत की ऐसी अधिकता को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है। अनुषंगियों / संयुक्त उद्यमों / एसोसिएट्स में, जिन्हें एचटीएम प्रवर्ग में शामिल किया गया है, निवेशों के मूल्य में, अस्थाई प्रकृति के अलावा किसी अन्य ह्रास की पहचान की गई है और प्रावधान किया गया है। ऐसे ह्रास का निर्धारण और इसके लिए प्रावधान प्रत्येक निवेश हेतु अलग से किया जाता है। दिनांक 23.08.2006 के बाद जोखिम पूँजी निधियों के

यूनिटों (वीसीएफ) / वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) में किये गये निवेश, प्रारंभिक 3 वर्ष की अवधि के लिए एचटीएम वर्ग के अधीन वर्गीकृत किये जाते हैं तथा उनका मूल्यांकन, लागत पर किया जाता है।

बी) अनुषंगी संस्थाओं, संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी संस्थाओं में निवेश का मूल्यांकन, परंपरागत लागत पर किया जाता है। प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश का मूल्यांकन, वहन लागत (अर्थात् बही मूल्य) पर किया जाता है।

सी) **एएफस** प्रवर्ग में निवेशों का मूल्यांकन, बाजार मूल्य पर, तिमाही अंतराल पर स्क्रिपवार तथा वर्गीकरणवार किया जाता है। यदि कोई निवल मूल्यह्रास हो, तो उसे लाभ–हानि लेखे में शामिल किया जाता है, जबकि किसी निवल मूल्यवृद्धि होने पर उसकी उपेक्षा कर दी जाती है। इस प्रवर्ग में बाजार को अंकित करने के बाद वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है।

डी) **एचएफटी** प्रवर्ग में रखी गई वैयक्तिक प्रतिभूतियों को दैनिक अंतराल पर बाजार को अंकित किया जाता है। निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, तो लाभ व हानि लेखे में उसका प्रावधान किया जाता है जबकि निवल मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इस प्रवर्ग में वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

ई) **एएफएस** एवं **एचएफटी** प्रवर्गों में प्रतिभूतियों का मूल्यांकन निम्नवत् किया गया है :

i. प्राइमेरी डीलर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (पीडीएआई) और फिक्स्ड इन्कम मनी मार्केट और डिराइवेटिव्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एफआईएमएमडीए) / फाइनेंसियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किए गए अनुसार केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, मूल्य पर / वाईटीएम दरों पर किया जाता है।

ii. राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, वाईटीएम पद्धति को लागू करते हुए और पीडीएआई / एफआईएमएमडीए / एफबीआईएल द्वारा रखी गई समतुल्य परिपक्वता की केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों के प्रतिफल से 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ाते हुए आवधिक रूप से किया जाता है।

iii. कोट होने पर ईक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है। कोट न होनेवाले ईक्विटी शेयरों को उनके ब्रेक–अप मूल्य पर (पूनर्मूल्यन आरक्षित निधियां, यदि हो, उस पर ध्यान दिए बिना), कंपनी के नवीनतम तुलनपत्र (मूल्यन की तारीख से एक वर्ष के पहले का न हो), के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। अन्यथा शेयरों का मूल्यांकन प्रति कंपनी एक रुपया के अनुसार किया जाता है।

iv. कोट होने पर अधिमान्य शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है। अन्यथा समुचित वाईटीएम दरों अथवा पुनः शोधन मूल्य के आधार पर निर्धारित मूल्य, दोनों में से जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है।

v. अग्रिमों के रूप में रहे डिबेंचरों तथा बांडों के अलावा, सभी डिबेंचरों तथा बांडों का मूल्यांकन वाईटीएम आधार पर किया जाता है।

vi. राजकोष बिलों, जमा प्रमाण पत्रों तथा वाणिज्यिक कागजातों का मूल्यांकन उनकी रखाव लागत पर किया जाता है।

vii. कोट होने पर म्यूचुअल फंडों की यूनिटों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता हैय अन्यथा पुनः खरीद मूल्य अथवा निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) दोनों में जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है। यदि निधियां लॉक–इन अवधि में हैं, जहां पुनःखरीदी मूल्य / बाजार कोट उपलब्ध नहीं हो तो, यूनिटों का मूल्यांकन एनएवी पर अथवा लॉक–इन अवधि की समाप्ति तक की लागत पर किया जाता है।

viii. 23.08.2006 के बाद किये गये जोखिम पूंजी निधियों (वीसीएफ) / वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) के यूनिटों में निवेश, 3 सालों की प्रारंभिक अवधि के लिए एचटीएम श्रेणी में वर्गीकृत होते है एवं इनका लागत पर मूल्यांकन किया जाता है। संवितरण की तारीख से 3 सालों के समय के बाद, यह एएफएस में परिवर्तित किया जाएगा और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार के लिए अंकित किया जाएगा।

ix. विदेशी शाखाओं के निवेश के संबंध में, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश या मेजबानी देश के दिशानिर्देश, जो भी ज्यादा कठोर हैं, का पालन किया जाएगा। ऐसे देशों में स्थित शाखाओं के मामले में, जहाँ कोई दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट नहीं किए गए हैं, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाए।

4.4. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार अनर्जक निवेश (एनपीआई) की पहचान निम्नलिखित रूप में किया गया है :

- प्रतिभूतियाँ / असंचयी अधिमानी शेयर जिनमें ब्याज / नियत लाभांश / किस्त (परिपक्वता राशि को मिलाकर) देय है तथा 90 दिन की अवधि से अधिक समय तक उसका भुगतान नहीं किया गया है।
- अगर बैंक से जारीकर्ता द्वारा प्राप्त कोई ऋण सुविधा को गैर–निष्पादित अग्रिम माना गया है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई किसी भी प्रतिभूति जिसमें अधिमानी शेयर शामिल है, में निवेश को एनपीआई के रूप में माना जाएगा और इसके विपरीत। हालांकि, अगर केवल अधिमानी शेयरों को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई अन्य निष्पादित प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीआई के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उस उधारकर्ता को दी गई किसी भी निष्पादित ऋण सुविधाओं को एनपीए के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।
- केन्द्रीय सरकार की गारंटी प्राप्त निवेशों के अतिदेय होने पर भी उन्हें तभी एनपीए माना जाएगा जब गारंटी लागू की जाने पर सरकार उसका निराकरण करती है।
- यदि ब्याज / मूल किस्त (परिपक्ता संप्राप्तियों को शामिल करते हुए) अथवा बैंक को देय अन्य कोई राशि, 90 दिनों से अधिक के लिए अदत्त बनी रहती हो, तो राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत प्रतिभूतियों में निवेश को, जोकि ''माने गए अग्रिमों' के रूप में हैं, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण मानदंडों के अध्यधीन रखा जाता है।
- इक्विटी निवेश, एनपीआई के रूप में वर्गीकृत, शेयरों को बाजार मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता हैं। अगर उद्धृत किया गया है और यदि इसे उद्धृत नहीं किया गया है के मामले में, तो शेयरों का मूल्य प्रति कंपनी ₹ 1/– होता है।

4.5. प्रतिभूतियों की लागत में से दलाली / कमीशन / अंशदानों पर प्राप्त प्रोत्साहन को घटा दिया जाता है। प्रतिभूतियों के अर्जन के संबंध में अदा की गयी दलाली / कमीशन / स्टांप शुल्क को राजस्व व्यय माना जाता है।

4.6. व्यापार के लिए ब्याज दर स्वैप लेनदेनों को तिमाही आधार पर बाजार को अंकित किए जाते हैं। कुल अदला–बदलियों के उचित मूल्य का आकलन, तुलन–पत्र की तारीख पर अदला–बदली करारों को समाप्त किए जाने पर प्राप्त / प्राप्य या प्रदत्त / प्रदेय राशि के आधार पर किया जाएगा। इससे होनेवाली हानियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है, जबकि लाभ यदि हो, पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

4.7. एक्सचेंज कारोबार विदेशी विनिमय डेरिवेटिव यानी मुद्रा वायदे का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा निर्धारित मूल्यों पर किया जाता है और परिणामी लाभ और हानि की पहचान लाभ और हानि लेखे में की जाती हैं।

4.8. एफसीएनआर (बी) डॉलर जमाओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के विनिमय स्वैप की सुविधा की शुरुआत में उत्पन्न होनेवाले प्रीमियम / ब्याज, स्वैप अनुबंध की अवधि के दौरान खर्च के रूप में परिशोधित किया जाता है।

4.9. निवेश की कीमत के निर्धारण प्रत्येक वर्ग में भारित औसत कीमत पद्धति के आधार पर किया जाता है। एचटीएम के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत कीमत पद्धति के तहत प्राप्त अधिग्रहण कीमत के आधार पर ले लिया गया है तथा भारित औसत कीमत के अंकित मूल्य से अधिक होने की स्थिति में प्रीमियम को केवल शेष परिपक्वता अवधि हेतु परिशोधित कर दिया जाता है।

रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों के लिए लेखाकरण

- भारिबैंक के दिशानिर्देशानुसार तरलता समायोजन सुविधाएं (एलएएफ), परिवर्तनीय दर अवधि प्रचालन तथा एमएसएफ एवं मार्केट रेपों लेन–देनों को शामिल करते हुए भारिबैंक के साथ सभी प्रकार के रेपो / रिवर्स रेपो लेनदेनों का हिसाब रखा जाता है।
- रेपो / रिवर्स रेपो के तहत बेची गई और खरीदी गई प्रतिभूतियों को त्रिपक्षीय रेपो के रूप में लिया जाता हैं जिसमें, प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त बिक्री / खरीद लेनदेनों के मामले में अंतरित किए जाते हैं और इस प्रकार के प्रतिभूति के उतार –चढ़ाव, रेपो / रिवर्स रेपो खातों और प्रति–प्रविष्टियों के प्रयोग से परिलक्षित होता है। उपरोक्त प्रविष्टियाँ परिपक्वता की तारीख पर प्रतिवर्तित हो जाती है। मामले के आधार पर लागत एवं राजस्व को ब्याज व्यय/आय के रूप में लिया जाएगा। रेपो खाते में शेष, अनुसूची 4 (उधार) के तहत वर्गीकृत है और रिवर्स रेपो खाते में शेष, अनुसूची 7 (बैंकों में शेष एवं मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि) के तहत वर्गीकृत है।

5. पुनर्निर्माण कंपनियों (आरसी) को बेची गई वित्तीय आस्तियाँ :

5.1. प्रतिभूतिकरण कंपनियों / पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा, उन्हें बेची गई वित्तीय आस्तियों के संबंध में जारी की गई प्रतिभूति रसीदों को उनके प्रतिदेय मूल्य और वित्तीय आस्तियों के निवल बही मूल्य, से कम स्तर पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रतिभूतिकरण रसीद को निम्न पर मूल्यांकित किया जाता है

(ए) दिनांक 01.04.2017 से पहले एसआर / आरसी जारी किए गए प्रतिभूति रसीद को परिसम्पत्ति पुनर्निमाण कंपनी द्वारा तुलन पत्र के दिनांक पर घोषित निवल परिसंपत्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और मूल्यह्रास होने पर उसके लिए प्रावधान किया जाता है तथा मूल्यवृद्धि होने पर उसपर ध्यान नहीं दिया जाता।

(बी) 01 अप्रैल 2017 के प्रभाव से आरबीआई द्वारा जारी किए गए संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार एसआर पर प्रावधान की आवश्यकता निम्न बिन्दुओं से अधिक होगी।

(i) एससी / आरसी द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के संदर्भ में प्रावधान दर

(ii) अंतर्निहित ऋण पर लागू होने वाली प्रावधान दर, यह मानते हुए कि ऋण बैंक की बही में निरंतर जारी रहा है

5.2. आरसी को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में उनका मूल्यांकन और आय की पहचान, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। अगर बिक्री मूल्य, निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम है (यथा, बही मूल्य से रखे गये प्रावधान घटाने के बाद का मूल्य) तो भारतीय रिजर्व बैंक के विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार उससे होनेवाली कमी को लाभ व हानि खाते में नामे डाला जाएगा या रखी गयी अस्थायी प्रावधान का प्रयोग करते हुए इसका समंजन किया जाएगा।

यदि प्राप्त नकदी (आरंभिक प्रतिफल और / या प्रतिभूति रसीदों के मोचन के जरिए) आरसी को बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है तो अतिरिक्त प्रावधान को लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किया जाता है। लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किए गए अतिरिक्त प्रावधान की प्रमात्रा उस सीमा तक सीमित है जिस सीमा तक प्राप्त नकदी बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है।

6. अग्रिम

6.1. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदण्डों के अनुसार भारत में अग्रिमों को उधारकर्ता–वार मानक, अव–मानक, संदिग्ध और हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

6.2 अनर्जक अग्रिमों के लिए प्रावधान नियामक आवश्यकताओं के अनुसार इस प्रकार किए गए हैं;

ए) अवमानक :

i) कुल बकाया पर 15% का सामान्य प्रावधान

ii) प्रकटीकरण हेतु 10% अतिरिक्त प्रावधान जो प्रारम्भ से ही अरक्षित हैं। (अर्थात, जहां प्रतिभूतियों का वास्तविक मूल्य प्रारम्भ से ही 10% से अधिक नहीं है)

बी) संदिग्ध संवर्ग – 1 :

i) सुरक्षित भाग के लिए 25%

ii) अरक्षित भाग के लिए 100%

सी) संदिग्ध संवर्ग – 2 :

i) सुरक्षित भाग के लिए 40%

ii) अरक्षित भाग के लिए 100%

डी) संदिग्ध वर्ग– 3 एवं हानि अग्रिम – 100%

- पुनर्गठित / पुनर्संरचित मानक अग्रिम सहित मानक अग्रिमों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों के अनुसार प्रावधान किया जाता है।
- विदेशी शाखाओं के मामले में ऋण हानियों के लिए आय–निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधान, स्थानीय आवश्यकताओं अथवा भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों में से जो भी अधिक सख्त हो, के अनुसार किया जाता है।

  आगे, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये विनियमों के संबंध में अगर कोई आस्ति को बैंक के समुद्रपार बही में किसी भी समय गैर–निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाना है तो बैंक द्वारा ऋणकर्ता को प्रदान की गई सभी सुविधाओं तथा ऋणकर्ता द्वारा जारी की गयी सभी प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीए / एनपीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

  तथापि मेजबान विनियामकों द्वारा खातों को वसूली से अन्य कारणवश गैर निष्पादित / बाधित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो भारत में वित्तीय विवरणियों के समेकन करते समय, उन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा तथा

आवश्यकतानुसार प्रावधान किया जाएगा, जबकि उसी प्रतिपक्षकारों को अन्य क्षेत्राधिकार में (भारत को सम्मिलत कर) प्रदत्त अन्य ऋण एक्स्पोजर के संबंध में आस्ति वर्गीकरण, संबंधित क्षेत्राधिकार में विद्यमान दिशानिर्देशों से अधिशासित होगा।

- प्रकट किये गए अग्रिम, गैर–निष्पादित आस्तियों, डीआईसीजीसी / ईसीजीसी / सीजीटीएमएसई से प्राप्त तथा समायोजन हेतु लंबित रखे गए दावों, विविध खाते में प्राप्त और रखी गई चुकौतियों, सहभागिता प्रमाण–पत्रों एवं पुनः भुनाये गये मियादी बिलों के लिए किए गए प्रावधानों और मानक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत पुर्नगठित खातों के उचित मूल्य में अधित्याग के बदले प्रावधान के बाद निवल हैं।

7. अचल आस्तियाँ / मूल्यह्रास

7.1. अचल संपत्तियों को लागत / पुनर्मूल्यांकन राशि घटाकर संचित मूल्यह्रास / परिशोधन किया जाता है।

7.2. लागत में खरीद की लागत और सभी व्यय जैसे साइट की तैयारी, स्थापना लागत और परिसंपत्ति का उपयोग करने से पूर्व उनपर व्यय किए गए वृत्तिक शुल्क शामिल है। उपयोग में आने वाली परिसम्पत्तियों पर किए गए बाद के व्यय का पूंजीकरण तभी किया जाता है जब यह ऐसी परिसंपत्तियां उनकी कार्य क्षमता पर भविष्य के आर्थिक लाभ को बढ़ाती है।

7.3. भारत में इमारतों का मूल्यह्रास (जमीन की लागत सहित जहां अविभाज्य / अलग नहीं है) और अन्य अचल संपत्तियों को स्ट्रेट लाइन पद्धति से दरों / उपयोग की गयी समय–सीमा के आधार पर किया जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है :

क्रं. सं.	अचल आस्तियों का मूल्यह्रास	मूल्यह्रास की दर / उपयोग की गयी समय–सीमा
1.	कंप्यूटर	33.33% प्रतिवर्ष
2.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का एक अभिन्न अंग हैं।	33.33% प्रतिवर्ष
3.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की लागत का एक अभिन्न अंग नहीं हैं ।	33.33% प्रतिवर्ष
4.	ऑटोमेटेड टेलर मशीन / कैश डिपॉजिट मशीन / क्वाइन वेंडिंग मशीन	20.00% प्रतिवर्ष
5.	सर्वर	33.33% प्रतिवर्ष
6.	नेटवर्क उपकरण	20.00% प्रतिवर्ष
7.	अन्य अचल आस्तियां	आस्तियों के प्रमुख समूह का उपयोग करने की अनुमानित समय–सीमा निम्नानुसार है: परिसर : 60 वर्ष तिजोरियां / लॉकर / दरवाजे (स्टील) : 20 वर्ष वाहन : 5 वर्ष फर्नीचर एवं फिक्स्चर : 10 वर्ष मोबाइल फोन : 1 वर्ष

7.4. वर्ष के दौरान बेची गई / अर्जित की गई संपत्तियों के संबंध में, वर्ष के दौरान पूंजीकरण की तारीख से / संपत्ति के उपयोग की गयी समय–सीमा के लिए आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा।

7.5. ₹ 5000/– तक की संपत्ति का पूरी तरह से मूल्यह्रास उसी वर्ष किया जाएगा जिस वर्ष उसे खरीदा गया हो।

7.6. पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकित की गई परिसंपत्ति को उसके उपयोग हेतु शेष समय–सीमा के आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन के कारण परिसंपत्ति के शुद्ध बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन हेतु रिजर्व खाते में जमा किया जाएगा। आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन घटक से संबंधित मूल्यह्रास को राजस्व व्यय के तहत प्रभारित किया जाएगा और एक समतुल्य राशि सीधे पुनर्मूल्यांकन रिजर्व के विरुद्ध प्रभारित किया जाएगा तथा आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार राजस्व रिजर्व में जमा किया जाएगा।

7.7. उन आस्तियों के मामले में जहां सरकार से सब्सिडी प्राप्त होता है, उसको तत्संबंधित आस्ति खाता में जमा किया जाता है और तदनुसार मूल्यह्रास प्रभारित किया जाता है।

7.8. पट्टेवाली भूमि पर प्रीमियम, अधिग्रहण के वर्ष में पूंजीकृत किया जाता है और पट्टे की अवधि पर परिशोधित किया जाता है।

7.9. विदेशी शाखाओं की अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की व्यवस्था उन देशों में प्रचलित पद्धतियों के अनुसार की जाती है।

7.10. गैर–बैंकिंग आस्तियों (एनपीए) के संबंध में कोई मूल्यह्रास प्रभारित नहीं किया जाता है।

8. राजस्व पहचान

8.1. आय और व्यय को, जब तक अन्यथा नहीं कहा जाए, सामान्यतः संचयी आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

8.2. गैर–निष्पादक आस्तियों, सरकार द्वारा गारंटीकृत आस्तियों (जो 90 दिनों से ज्यादा अतिदेय हैं) लाभांश आय, बीमा दावे, जारी किये गये साख–पत्रों / गारंटियों पर कमीशन (परियोजना वित्त से इतर), बैंक एश्यूरेन्स उत्पादों पर आय, धन प्रबंधन पर आय, खरीदे गए बिलों पर अतिरिक्त ब्याज / अतिदेय प्रभार, क्रेडिट कार्डों पर वित्तीय प्रभार, पुनः क्षतिपूरित करने के बैंक के अधिकार पर व्यय, डेबिट कार्डों पर एएमसी प्रभार आदि को उनकी वसूली होने पर हिसाब में लिया गया है और प्राप्त किए गए लॉकर किराया उपचय आधार पर लेखांकित किया जाता है।

8.3. अतिदेय विदेशी बिलों के मामले में, ब्याज और अन्य प्रभारों को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई) के दिशानिर्देशों के अनुसार किस्ट्रलीकरण की तारीख तक माना गया है।

9. क्रेडिट कार्ड पुरस्कार प्वाइंटस

कार्ड सुविधा के उपयोग पर कार्ड सदस्यों द्वारा अर्जित पुरस्कार प्वाइंटों को इस प्रकार के उपयोग के कारण व्यय के रूप में पहचाना जाता है।

10. निवल लाभ / हानि

निम्नलिखित पर विचार करने के पश्चात् लाभ व हानि लेखे में दर्शाया गया परिणाम :

- गैर निष्पादक अग्रिमों और / अथवा निवेशों के लिए प्रावधान
- मानक अग्रिमों पर सामान्य प्रावधान
- पुनः संरचित अग्रिमों हेतु प्रावधान
- अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- आकस्मिकता निधि को / से अंतरण

- प्रत्यक्ष करों के लिए प्रावधान
- अरक्षित विदेषी मुद्रा एक्सपोजर के लिए प्रावधान
- सामान्य अथवा / और अन्य आवश्यक प्रावधान

11. स्टाफ सेवानिवृत्ति लाभ

i) भविष्य निधि

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुननेवालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राशि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है ।

ii) उपदान

इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि नियमों एवं विनियमनों के अनुसार उपदान देयता एक वैधानिक दायित्व है और वित्तीय वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर इसके लिए प्रावधान किया जाता है। बैंक द्वारा उपदान देयता का निधीयन किया जाता है और इसका प्रबंध इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

iii) पेंशन

- इंडियन बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियमन 1995 के तहत पेंशन देयता एक परिभाषित लाभकारी दायित्व है तथा 31.03.2010 तक बैंक में भर्ती हुए और पेंशन का विकल्प देनेवाले कर्मचारियों को यह बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है।
- नई पेंशन योजना (एनपीएस) जो उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी भर्ती बैंक में 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

iv) क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ

संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ, जैसे विशेषाधिकार अवकाश और चिकित्सा अवकाश, के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है।

v) अन्य कर्मचारी सुविधाएँ

1.	**अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की पहचान, अनर्जक अग्रिमों की पहचान और प्रावधान (नोट देखें)** बैंक का निवल अग्रिम कुल संपत्ति का 57.94% है, जो स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आय की पहचान और आस्ति वर्गीकरण (आईआरएसी) संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक के (आरबीआई) दिशानिर्देशों में अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की पहचान और वर्गीकरण के लिए विवेकपूर्ण मानदंड और ऐसी आस्तियों के लिए आवश्यक न्यूनतम प्रावधान निर्धारित किए जाते हैं। अर्जक और अनर्जक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धतियां शामिल है। बैंक के अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेन का ब्यौरा उसकी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों (आईटी सिस्टम) में है जो अग्रिम के अर्जक या अनर्जक होने की स्थिति को चिह्नित, उसके एनपीए वर्गीकरण और प्रावधान की गणना भी करता है। इन अग्रिमों का वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) भौतिक रूप से गलत बताया जा सकता है, यदि व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, आईआरएसी मानदंडों का ठीक से पालन नहीं किया जाता है। लेन–देन की प्रकृति, विनियामक अपेक्षाएँ, मौजूदा कारोबारी माहौल, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में शामिल अनुमान / निर्णय को ध्यान में रखते हुए, यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के इच्छित उपयोगकर्ताओं के लिए उच्च महत्व का मामला है इसलिए हमने एनपीए की पहचान और प्रावधान को एक प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में सुनिश्चित किया है।	**नियंत्रण के परीक्षण** ऋणों की स्वीकृति, अभिलेख और निगरानी, अतिदेय ऋणों की निगरानी प्रक्रिया, प्रावधानों की गणना, एनपीए खातों की पहचान और प्रत्यावर्तन आय से संबंधित प्रमुख आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और संचालन प्रभावशीलता का आकलन, तथा प्रबंधन सूचना (अतिदेय रिपोर्ट सहित) की विश्वसनीयता का आकलन। **वस्तुपरक परीक्षण** ऋण खातों का नमूना जिसमें बड़े / दबावग्रस्त अग्रिम शामिल थे और हमें आबंटित शीर्ष शाखाओं में नमूना आधार पर कुछ अन्य अग्रिम लिए गए थे, तथा ऐसे नमूनों में हमने निम्नलिखित जांच की: ● आय की पहचान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता और अर्जक या अनर्जक अग्रिम के रूप में पहचान। ● चयनित अर्जक अग्रिमों का वर्गीकरण सही ढंग से किया गया था या नहीं यह जानने के लिए स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया गया। ● इन पार्टियों के बारे में उपलब्ध स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों, संपार्श्विक मूल्यांकन और अन्य गुणात्मक जानकारी की समीक्षा की गई। ● आईआरएसी मानदंडों के अनुरूप एनपीए प्रावधानों और आय के प्रत्यावर्तन की गणना के विवरण का परीक्षण। ● आरबीआई के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा निर्धारित उधारकर्तावार एनपीए पहचान की जाँच की गई। ● आरबीआई के मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए मानक अग्रिमों के प्रावधानों की जाँच की गई। ● एनपीए की निगरानी और समय पर रिपोर्टिंग में आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा आदि जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता। ● अन्य सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर भी भरोसा किया जाता है, जिनकी हमने जांच की है और प्रासंगिक टिप्पणियों पर विचार किया है।
2.	**निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और प्रावधान** ● निवेश में बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचर, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध और व्यापार के लिए धारित श्रेणियों के तहत वर्गीकृत अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां शामिल हैं। ● निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 25.99% है। ये भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित होते हैं। आरबीआई के इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ–साथ निवेश का मूल्यांकन, निवेश का वर्गीकरण, अनर्जक निवेश की पहचान, आय की संबंधित गैर–मान्यता और उसके सापेक्ष प्रावधान शामिल हैं।	आरबीआई के परिपत्रों / निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, परिचालन प्रभावशीलता तथा अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधान /मूल्यह्रास के संबंध में स्वतंत्र लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा और परीक्षण शामिल थे। विशेष रूप से, 1) हमने अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण और पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान / मूल्यह्रास के संबंध में आरबीआई दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और समझा। 2) हमने इन निवेशों के उचित मूल्य के निर्धारण हेतू विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और मूल्यांकन किया। 3) निवेश के चयनित नमूने के लिए, हमने प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी का पुनर्मूल्यांकन कर आरबीआई मास्टर परिपत्रों और निर्देशों की सटीकता एवं अनुपालन का परीक्षण किया।

क्र. सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य	लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा तथ्य को किस रूप में स्वीकार किया गया था
	● पूर्वोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन आरबीआई द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है जिसमें विभिन्न स्रोतों से डेटा / सूचना का संग्रह शामिल है जैसे कि एफआईएमएमडीए दरें, बीएसई / एनएसई पर उद्धृत दरें, गैर–सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि। मूल्यांकन, लेन–देन की मात्रा, निवेश और नियामक फोकस की मात्रा में शामिल निर्णय की जटिलताओं और सीमा को ध्यान में रखते हुए, इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया गया है। तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान और निवेश से संबंधित प्रावधानीकरण पर केंद्रित थी।	नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया था कि निवेश की सभी श्रेणियों (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर) के नमूने में शामिल हैं। 4) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया व आय के संबंधित प्रत्यावर्तन एवं और प्रावधान के निर्माणों का निर्धारण और मूल्यांकन किया; 5) हमने भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान और प्रदान किए जाने वाले मूल्यह्रास को स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना करने के लिए वास्तविक लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं कीं । तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई के लिए परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक परिपत्र के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान की पुनर्गणना की; 6) उक्त भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र / निदेशों के अनुसार प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, हमने निवेश एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर और वित्तीय विवरण तैयार करने वाले सॉफ़्टवेयर के बीच निवेश की मैपिंग का परीक्षण किया।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों एवं लेखापरीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य सूचना

6. अन्य सूचना के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट शामिल होती है जिसे हमने इस रिपोर्ट के साथ जारी किया है (किंतु इसमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण एवं हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं होते)। वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों सहित, यदि कोई हो, निदेशकों की रिपोर्ट को हमें इस लेखापरीक्षक रिपोर्ट की दिनांक के पश्चात् उपलब्ध करवाया जाना अपेक्षित है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना एवं बेसल III के तहत पिल्लर 3 के प्रकटीकरणों को कवर नहीं करती है तथा उस पर हमारे द्वारा किसी भी प्रकार का आश्वासन व्यक्त नहीं किया जाता और ना ही ऐसा किया जाएगा।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना एवं ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा के दौरान निर्मित हुई हमारी समझ से भौतिक तौर पर असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

जब हम बैंक के निदेशकों की रिपोर्ट को वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों के साथ, यदि कोई हो, पढ़ते हैं, यदि हम यह निर्णय देते हैं कि उक्त में भौतिक असंगतता है, तो हमारे द्वारा यह तथ्य अभिशासन प्रभारी को बताया जाना अपेक्षित है

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के लिए प्रबंधन व अभिशासन प्रभारी का उत्तरदायित्व :

7. बैंक के निदेशक मंडल, भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान सहित भारत में आमतौर पर स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय–समय पर जारी किए गए परिपत्र व दिशानिर्देशों के अनुसार इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य–निष्पादन और बैंक में नकदी प्रवाह को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं। इस उत्तरदायित्व में, अधिनियम के प्रावधान के अनुपालन में बैंक की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं रोकने; उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उन्हें लागू करने; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय एवं आंकलन के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड को बनाए रखने और लेखांकन रेकॉर्ड की सटीकता व संपूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी तौर पर परिचालित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्मित करना, लागू करना एवं बनाए रखना शामिल है जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के निर्माण, प्रस्तुतीकरण हेतु प्रासंगिक है जो सत्य और निष्पक्षता दर्शाते हैं और किसी प्रकार के महत्वपूर्ण मिथ्याकथन, चाहे वह कपट अथवा त्रुटिवश हो, से मुक्त हैं, शामिल हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण को तैयार करने में प्रबंधन का यह दायित्व होता है कि वह बैंक के कार्यशील संस्था के रूप में कार्य जारी करने की योग्यता का मूल्यांकन करें,कार्यशील संस्था से संबन्धित मामलों में यथाप्रयोज्य प्रकटन करें, लेखांकन का कार्यशील संस्था आधार पर प्रयोग करें जब तक कि प्रबंधन का इरादा बैंक के परिसमापन अथवा परिचालनों को बंद करने का न हो या ऐसा करने का कोई व्यावहारिक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी हैं ।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

8. हमारा लक्ष्य उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वार्षिक स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों भौतिक त्रुटियों से पूर्णतः मुक्त हो चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण ही हों तथा हमारी राय सहित लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रदान करना है। उचित आश्वासन उच्चकोटि का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुपालन में की गई लेखापरीक्षा त्रुटि उत्पन्न होने पर हमेशा ही इन्हें पहचान सकेगी। धोखाधड़ी या गलतियों से मिथ्याकथन आ सकते हैं तथा एकल या सकल रूप में उपयोगकर्ताओं द्वारा इन वार्षिक स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।

एसए के अनुपालन में हम पेशेगत निर्णय देते हैं तथा लेखापरीक्षा करते समय पेशेगत संशयात्मकता बनाए रखते हैं। हम यह भी :

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण की भौतिक त्रुटियों, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या किसी भूलवश, के जोखिम का आंकलन तथा पहचान करना और संरचना एवं इन जोखिमों के उत्तरदायित्व के लिए लेखापरीक्षण करना तथा हमारी राय प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित लेखासाक्ष्य प्राप्त करना। भौतिक त्रुटियों में धोखाधड़ी के कारण हुई गलती की पहचान न हो पाना, भूलवश हुई त्रुटि से बड़ा जोखिम है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, साभिप्राय चूक, मिथ्या निरूपण या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकता है।

- परिस्थिति के अनुसार उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करें।

- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों के औचित्य एवं लेखांकन अनुमानों व प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरण की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।

- लेखा एवं प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन, कार्यशील संस्था के उपयोग के औचित्य पर निष्कर्ष निकालना कि क्या घटनाओं या स्थितियों में भौतिक अनिश्चितता है जो समूह तथा इसके सहयोगियों को कार्यशील संस्था बने रहने में संदेह उत्पन्न करती हैं। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अनिश्चितता है, तो यह हमारे लिए आवश्यक है कि स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण के संबंध में अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करें अथवा यदि प्रकटीकरण अपर्याप्त हो तो अपनी राय में परिवर्तन करें। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर होते हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाएँ एवं स्थितियाँ बैंक को कार्यशील संस्था बने रहने से रोक सकती हैं।

- प्रकटीकरण सहित स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की संरचना, सामग्री तथा सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना और इसका भी जायजा लेना कि क्या स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेन–देन एवं घटनाएँ उचित प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करती है।

भौतिकता स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में गलत बयानों का परिमाण है, जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, यह संभव बनाता है कि वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने काम के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए; और (ii) स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचाने गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हमने अभिशासकों को, अन्य मामलों के मध्य, लेखापरीक्षा का योजनाबद्ध ढांचा व समय एवं लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में हमारे द्वारा पाई गई किसी महत्वपूर्ण कमी सहित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों का विवरण प्रदान किया है।

हमने अभिशासकों को ऐसा विवरण भी प्रदान किया है कि हमने स्वतंत्रता संबंधी नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है तथा हम उन्हें ऐसे संबंध एवं अन्य मामले भी सूचित करते हैं, जो हमारी स्वतंत्रता से संबन्धित होते हैं और सुरक्षा के संबंध में लागू होते हैं।

अभिशासकों को संप्रेषित किए गए मामलों में से हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि मामले को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से होने वाले प्रतिकूल परिणामों से इस तरह के संचार के सार्वजनिक हित के लाभों से अधिक होने की उम्मीद की जाएगी।

अन्य मामले

9. हमने बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों/सूचना में शामिल उन 2104 शाखाओं के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी 31 मार्च, 2022 को ₹ 2,84,742.50 करोड़ की कुल संपत्ति एवं 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 13765.05 करोड़ का कुल राजस्व, जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण में माना गया है, दर्शाते हैं।

इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों / सूचना की लेखा परीक्षा शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, और जहां तक इन शाखाओं से संबंधित राशि और प्रकटीकरण की बात है तो हमारी राय पूरी तरह से ऐसी शाखाओं की लेखा परीक्षा करने वाले लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

10. 31 मार्च, 2021 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संयुक्त लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने ऐसे वित्तीय परिणामों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की थी।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

11. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तुलन–पत्र और लाभ एवं हानि लेखा बनाए गए हैं।

12. उपरोक्त 7 से 9 तक पैराग्राफों में संकेतित लेखापरीक्षा सीमाओं के अध्यधीन और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 / 1980 की अपेक्षानुसार और उसमें अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अध्यधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि

(ए) हमने सभी जानकारी व स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जोकि हमारी श्रेष्ठतम जानकारी व विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया।

(बी) बैंक के लेन–देन जोकि हमारे समक्ष आए हैं बैंक के अधिकारों के भीतर ही हैं और

(सी) कार्यालयों एवं शाखाओं तथा बैंक के कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ पर्याप्त पाए गए हैं।

13. आरबीआई के पत्र सं. डीओएस.एआरजी.सं.6270 / 08.91.001 / 2019–20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित), की अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि

(ए) हमारी राय में, उपरोक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण आईसीएआई द्वारा जारी किए गए लागू लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं, जहां तक कि वे आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

(बी) वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के अनुबंध ए में दी गई है। हमारी रिपोर्ट 31 मार्च, 2021 को वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक अपरिवर्तित अभिमत व्यक्त करती है।

(सी) 31 मार्च, 2021 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन और निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड में लिए जाने के आधार पर, 31 मार्च, 2021 तक किसी भी निदेशक को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप–धारा (2) के संदर्भ में निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

(डी) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई अवलोकन या टिप्पणी नहीं है जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(ई) खातों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित कोई प्रतिबन्ध, छिपाव या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

14. हम आगे रिपोर्ट करना चाहते है कि,

(ए) हमारी राय में, विधि द्वारा अपेक्षित खाते की उचित बही बैंक द्वारा रखी गई हैं जहां तक यह उन बाहियों की हमारी जांच से प्रकट होता है और हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त विवरणियाँ हमारे द्वारा दौरा न कि गई शाखाओं से प्राप्त की गई हैं।

(बी) इस रिपोर्ट में प्रदर्शित स्टैंडअलोन तुलन पत्र, स्टैंडअलोन लाभ एवं हानि लेखे और स्टैंडअलोन नकदी प्रवाह के विवरण बही खातों और शाखाओं द्वारा प्राप्त विवरणियाँ जहां हमने दौरा नहीं किया है, के अनुसार हैं।

(सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अधीन शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा 2102 शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट जो लेखा परीक्षित किये हैं, हमें भेजी गई हैं और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करते समय इनकी उचित रूप से जाँच की है ; और

(डी) हमारी राय में तुलन पत्र, लाभ व हानि लेखा तथा नकदी प्रवाह विवरण प्रयोज्य लेखाकरण मानकों का अनुपालन इस हद तक करते हैं कि वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं.003032S

साझेदार एम प्रत्युषा
(एम.नं. 254141)
यूडीआईएनः 22254141AJEANT9965

कृते रवि रंजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं.009073N / N500320

साझेदार सुमित कुमार
(एम.नं.512555)
यूडीआईएनः 22512555AIUPTX7923

मेसर्स पी.के. एफ. श्रीधर एंड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं.003990S / S200018

साझेदार पी देवी
(एम.नं.223137)
यूडीआईएनः 22223137AJQIZM2479

मेसर्स जी. नटेसन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 002424S

साझेदार वरलक्ष्मी मुरली
(एम.नं. 028863)
यूडीआईएनः 22028863AIUPRK7986

मेसर्स एसएआरसी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 006085N

साझेदार चेतन ठक्कर
(एम.नं. 114196)
यूडीआईएन : 22114196AIUPWD3724

हस्ताक्षर का स्थान : चेन्नै
रिपोर्ट की तिथि : 11 मई, 2022

अनुलग्नक "ए" स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के लिए

(सम तिथि की हमारी रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' अनुभाग के तहत पैराग्राफ 13 (बी) में संदर्भित)

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पत्र डीओएस. एआरजी.सं.6270/08.91.001/2019–20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (संशोधित) द्वारा अपेक्षित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट (संशोधित) (आरबीआई द्वारा सूचित)

हमने, 31 मार्च, 2022 तक इंडियन बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है जो उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ है, जिसमें बैंक की शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शामिल हैं।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

बैंक का प्रबंधन संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के मार्गदर्शन नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। इन जिम्मेदारियों में बैंक की नीतियों के अनुपालन में अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित, व लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता एवं विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी भी शामिल है।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना है। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट (मार्गदर्शन नोट) तथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू आईसीएआई द्वारा जारी ऑडिटिंग (एसएएस) पर मानकों के अनुपालन में लेखा परीक्षा की है । उन मानकों और मार्गदर्शन नोट की अपेक्षा होती है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किया और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और उनके परिचालन की प्रभावशीलता के बारे में लेखा परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य–निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि क्या भौतिक कमी मौजूद है, और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन की प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें मानक वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों का आकलन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है और शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य, नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में संदर्भित उनकी रिपोर्ट के अनुसार, बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) उन अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित है, जो उचित विवरण में, बैंक की परिसंपत्तियों के लेन–देन और स्वभाव को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; (2) उचित आश्वासन प्रदान करें कि लेन–देन को आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यक रूप से दर्ज किया गया है, और बैंक की प्राप्तियां और व्यय केवल बैंक के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरणों के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा (3) बैंक की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

मिलीभगत की संभावना या प्रबंधन द्वारा नियंत्रणों का अनुचित ढंग से अधिरोहण शामिल हैं, त्रुटि या धोखाधड़ी सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण विवरण गलत हो सकते हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भविष्य की किसी भी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन का अनुमान जोखिम के अधीन हैं जोकि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति बिगड़ सकती है।

अभिमत

हमारी राय में, और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में संदर्भित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार के आधार पर, सभी प्रत्यक्ष मामलों में बैंक के पास वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण उपलब्ध हैं तथा वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2022 तक प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जिन्हें बैंक द्वारा आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को शामिल करते हुए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के मानदंडों के आधार पर स्थापित किया गया था ।

अन्य मामले

हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट जोकि 2122 शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के परिचालन की प्रभावशीलता से संबंधित है, उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के हमारे परीक्षण के दौरान और शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, हमारे द्वारा कुछ मामलों पर ध्यान दिया गया। बैंक को मौजूदा जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स (आरसीएम) में बदलाव और कुछ और आरसीएम डिजाइन करने सहित प्रक्रिया को और मजबूत करने की जरूरत है। इस संबंध में हमारे सुझाव बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को और मजबूत करने के लिए प्रबंधन को प्रस्तुत किए गए हैं।

इस मामले में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं.003032S

साझेदार एम प्रत्युषा
(एम.नं. 254141)
यूडीआईएनः 22254141AJEANT9965

कृते रवि रंजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं.009073N / N500320

साझेदार सुमित कुमार
(एम.नं.512555)
यूडीआईएनः 22512555AIUPTX7923

मेसर्स पी.के. एफ. श्रीधर एंड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं.003990S / S200018

साझेदार पी देवी
(एम.नं.223137)
यूडीआईएनः 22223137AJQIZM2479

मेसर्स जी. नटेसन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 002424S

साझेदार वरलक्ष्मी मुरली
(एम.नं. 028863)
यूडीआईएनः 22028863AIUPRK7986

मेसर्स एसएआरसी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 006085N

साझेदार चेतन ठक्कर
(एम.नं. 114196)
यूडीआईएन : 22114196AIUPWD3724

हस्ताक्षर का स्थान : चेन्नै
रिपोर्ट की तिथि : 11 मई, 2022

जानबूझकर खाली छोड़ा गया

समेकित तुलन पत्र
लाभ एवं हानि लेखा और अनुसूचियाँ

यथास्थिति 31.03.2022 को समेकित तुलन–पत्र

(₹ करोड़ में)

विवरण	अनुसूची सं.	31.03.2022 को (लेखापरीक्षित)	31.03.2021 को (लेखापरीक्षित)
पूंजी और देयताएं			
पूंजी	1	1245.44	1129.37
आरक्षितियां और अधिशेष	2	43706.49	38328.70
अल्पसंख्यक हित	2A	24.98	22.60
जमाएं	3	593570.88	538029.80
उधार	4	17152.85	24762.77
अन्य देयताएं और प्रावधान	5	18395.79	23261.93
कुल		**674096.43**	**625535.17**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ नकदी और शेष	6	24054.46	27545.18
बैंकों के साथ शेष और मांग पर तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशियाँ	7	55913.76	23958.97
निवेश	8	176501.61	178292.44
अग्रिम	9	389186.07	362669.08
अचल आस्तियां	10	7698.91	7392.56
अन्य आस्तियां	11	20741.62	25676.94
कुल		**674096.43**	**625535.17**
आकस्मिक देयताएं	**12**	**353586.82**	**293606.77**
वसूली के लिए बिल		**14144.89**	**12620.73**

एस.एल. जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

अश्वनी कुमार
कार्यपालक निदेशक

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

निदेशक

संजीव कौशिक
सरकार द्वारा नामित निदेशक

आदित्य गेहा
आरबीआई द्वारा नामित निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

पापिया सेनगुप्ता
शेयरधारक निदेशक

बालमुकुंद सहाय
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

विश्वेश कुमार गोयल
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक

कृते मैसर्स श्रीराममूर्ति एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 003032एस

एम. प्रत्युषा
साझेदार
(एम.संख्या 254141)

कृते मैसर्स रवि राजन एण्ड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 009073एन / एन500320

सुमित कुमार
साझेदार
(एम. संख्या 512555)

कृते मैसर्स पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस / एस200018

पी. देवी
साझेदार
(एम.संख्या 223137)

कृते मैसर्स जी नटेसन एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस

वरलक्ष्मी मुरली
साझेदार
(एम.संख्या 028863)

कृते मैसर्स एसएआरसी एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफ.आर. संख्या 006085एन

चेतन ठक्कर
साझेदार
(एम.संख्या 114196)

स्थान : चेन्नै
दिनांक: 11.05.2022

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लाभ व हानि लेखा

(₹ करोड़ में)

विवरण	अनुसूची सं.	31.03.2022 को (लेखापरीक्षित)	31.03.2021 को (लेखापरीक्षित)
I. आय :			
अर्जित ब्याज	13	38861.65	39108.08
अन्य आय	14	7406.50	6111.40
कुल		**46268.15**	**45219.48**
II. व्यय			
व्यय किया गया ब्याज	15	22129.25	23438.80
परिचालनगत व्यय	16	11353.54	10789.28
प्रावधान एवं आकस्मिकतायें		8791.47	7975.68
कुल		**42274.26**	**42203.76**
III. समूह से संबद्ध अवधि हेतु समेकित लाभ / (हानि)		**3993.89**	**3015.72**
सहयोगियों से आय का अंश		150.30	134.86
अल्प संख्यक ब्याज घटाने से पूर्व अवधि के लिए समेकित लाभ/ (हानि)		**4144.19**	**3150.58**
घटाएं : अल्प संख्यक ब्याज		**2.38**	**1.43**
समूह से संबद्ध अवधि हेतु समेकित लाभ/ (हानि)		**4141.81**	**3149.15**
अग्रानीत लाभ/(हानि)		845.15	556.71
जोड़ें: शेयर प्रीमियम के सापेक्ष समायोजन/ सेट ऑफ		-23.19	41.29
कुल		**4963.77**	**3747.15**
IV. विनियोजन			
निम्न को अंतरित			
सांविधिक आरक्षित		986.21	751.17
पूँजी रिज़र्व – अन्य		147.90	47.71
आयकर अधिनियम की धारा 36(1)(viii) के तहत विशेष रिजर्व		108.35	0.00
निवेश उतार चढ़ाव रिज़र्व		0.00	464.91
राजस्व रिज़र्व		1800.00	1387.34
स्टाफ़ कल्याण निधि		40.00	25.00
निवेश रिजर्व		0.00	0.00
प्रस्तावित ईक्विटी लाभांश		809.54	225.87
प्रस्तावित अधिमान लाभांश		0.00	0.00
लाभांश वितरण कर		0.00	0.00
समेकित तुलनपत्र में अग्रानीत शेष		1071.77	845.15
कुल विनियोजन		**4963.77**	**3747.15**
प्रति शेयर आय रुपये में (आधारभूत एवं मिश्रित)		**33.99**	**27.88**

एस.एल. जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

अश्वनी कुमार
कार्यपालक निदेशक

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

निदेशक

संजीव कौशिक
सरकार द्वारा नामित निदेशक

आदित्य गेहा
आरबीआई द्वारा नामित निदेशक

भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

पापिया सेनगुप्ता
शेयरधारक निदेशक

बालमुकुंद सहाय
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

विश्वेश कुमार गोयल
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक

कृते मैसर्स श्रीराममूर्ति एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 003032एस

एम. प्रत्युषा
साझेदार
(एम.संख्या 254141)

कृते मैसर्स रवि राजन एण्ड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफ आर संख्या 009073एन / एन500320

सुमित कुमार
साझेदार
(एम. संख्या 512555)

कृते मैसर्स पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस / एस200018

पी. देवी
साझेदार
(एम.संख्या 223137)

कृते मैसर्स जी नटेसन एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस

वरलक्ष्मी मुरली
साझेदार
(एम.संख्या 028863)

कृते मैसर्स एसएआरसी एण्ड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफ.आर. संख्या 006085एन

चेतन ठक्कर
साझेदार
(एम.संख्या 114196)

स्थान : चेन्नै
दिनांक: 11.05.2022

अनुसूची 1 – पूँजी

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. प्राधिकृत पूँजी		
प्रत्येक 10/– रुपए के 300,00,00,000 ईक्विटी शेयर	3000.00	3000.00
II. जारी, अभिदत्त और अदा की गई पूँजी		
ए. केंद्र सरकार द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/– के 99,45,49,600 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष – रुपए 10/– प्रत्येक के 99,45,49,600 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	994.55	994.55
बी. जनता द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/– के 25,08,91,539 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष – रुपए 10/– प्रत्येक के 13,48,16,970 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	250.89	134.82
कुल	**1245.44**	**1,129.37**

अनुसूची 2 – आरक्षित निधियां व अधिशेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. सांविधिक आरक्षित निधियां		
ए) अथशेष	8649.75	4,694.20
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	986.21	3,955.55
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल I	**9635.96**	**8,649.75**
II. आरक्षित पूँजी		
ए) पुनर्मूल्यन आरक्षित		
ए) अथशेष	5754.97	2,987.84
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	599.47	2,909.99
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	143.42	142.86
कुल (ए)	**6211.02**	**5,754.97**
बी) अन्य		
ए) अथशेष	962.79	388.55
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	147.90	574.24
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (बी)	**1110.69**	**962.79**
कुल II (ए+बी)	**7321.71**	**6,717.76**
III. शेयर प्रीमियम		
ए) अथशेष	857.62	4,026.65
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	1533.93	15,806.50
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	18,975.53
कुल III	**2391.55**	**857.62**
IV. राजस्व और अन्य आरक्षितियां		
राजस्व आरक्षित		
ए) अथशेष	13369.84	7,669.06
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	1800.00	5,557.92
सी) पुनर्मूल्यांकन आरक्षतियों से अंतरित	143.42	142.86
डी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (ए)	**15313.26**	**13,369.84**

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
बी) आयकर अधिनियम 36(1) (viii) के अंतर्गत विशेष रिजर्व		
ए) अथशेष	2181.35	725.52
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	108.35	1,455.83
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (बी)	**2289.70**	**2,181.35**
सी) आयकर अधिनियम 36(1) (viii,) के अंतर्गत विशेष रिजर्व		
ए) अथशेष	58.20	58.20
बी) वर्ष के दौरान जोड़	0.00	0.00
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (सी)	**58.20**	**58.20**
डी) निवेश में उतार–चढ़ाव रिजर्व		
ए) अथशेष	1031.90	566.99
बी) वर्ष के दौरान जोड़	0.00	464.91
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (डी)	**1031.90**	**1,031.90**
ई) निवेश रिजर्व		
ए) निवेश रिजर्व	186.38	47.80
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	0.00	138.58
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (ई)	**186.38**	**186.38**
एफ) विदेशी मुद्रा लेनदेन रिजर्व		
ए) अथशेष	421.93	437.26
बी) वर्ष के दौरान जोड़	0.00	0.00
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	24.69	15.33
कुल (एफ)	**397.24**	**421.93**
जी) आईआरएस रिजर्व		
ए) अथशेष	1.91	0.00
बी) वर्ष के दौरान जोड़*	0.00	1.91
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (जी)	**1.91**	**1.91**
कुल (ए+बी+सी+डी+ई+एफ+जी)	**19278.59**	**17,251.51**
V. समामेलन रिजर्व		
ए) अथशेष	4006.91	0.00
बी) वर्ष के दौरान जोड़	0.00	4,006.91
सी) वर्ष के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल V	**4006.91**	**4,006.91**
VI. लाभ एवं हानि खाता		
अथशेष	845.15	556.71
वर्ष के दौरान जोड़	4141.81	247.14
वर्ष के दौरान कटौतियाँ*	3915.19	18,934.23
शेयर प्रीमियम से समायोजन	0.00	18,975.53
कुल VI	**1071.77**	**845.15**
कुल (I+II+III+IV+V+VI)	**43706.49**	**38,328.70**

* वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान जोड़ने/घटाने में पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक रिजर्व शामिल है।

अनुसूची 2ए – अल्पांश ब्याज

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
मूल उद्यम – अनुषंगी का संबंध उद्भव होने की तारीख पर अल्पांश ब्याज	3.27	3.27
परवर्ती वृद्धि / घटाव	21.71	19.33
तुलन पत्र की तारीख पर अल्पांश ब्याज	24.98	22.60

अनुसूची 3 – जमाएँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
(ए) I. मांग जमाराशियां		
(i) बैंकों से	125.60	289.29
(ii) अन्य से	36588.93	32,053.15
II. बचत बैंक जमाराशियाँ	211205.86	195,250.29
III.सावधि जमाराशियाँ		
(i) बैंकों से	6067.87	5,323.10
(ii) अन्य से	339582.62	305,113.97
कुल (I, II व III)	**593570.88**	**538,029.80**
(बी) i भारत में शाखाओं की जमाएं	584613.72	529,222.92
ii भारत के बाहर शाखाओं की जमाएं	8957.16	8,806.88
कुल बी (i व ii)	**593570.88**	**538,029.80**

अनुसूची 4 – उधार

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. भारत में उधार		
(i) भारतीय रिज़र्व बैंक	0.00	5,032.04
(ii) अन्य बैंक	7.07	4.95
(iii) अन्य संस्थाएं और एजेंसी	15286.53	14,948.82
II.भारत के बाहर उधार	1859.25	4,776.96
कुल (I व II)	**17152.85**	**24,762.77**

अनुसूची 5 – अन्य देयताएँ और प्रावधान

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. देय बिल	1585.17	1443.92
II. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	0.00	5073.01
III. उपचित ब्याज	994.22	1041.93
IV. अन्य (प्रावधान सहित)	15816.40	15703.07
कुल	**18395.79**	**23261.93**

अनुसूची 6 – भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकदी व शेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोटों सहित)	1962.45	1658.38
II.भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष – .		
(i) चालू खाते में	22092.01	25886.80
(ii) अन्य खातों में	0.00	0.00
कुल	**24054.46**	**27545.18**

अनुसूची 7 – बैंकों में अधिशेष और माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. भारत में		
(i) बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	30.64	116.03
(बी) अन्य जमा खातों में	1413.81	2065.07
(ii) माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि		
(ए) बैंकों में	34500.20	8900.00
(बी) अन्य संस्थाओं के साथ	0.00	0.00
कुल I (i व ii)	**35944.65**	**11081.10**
II.भारत के बाहर		
(i) चालू खाते में	503.98	1577.68
(ii) अन्य जमा खातों में	19453.09	11270.82
(iii) माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	12.04	29.37
कुल II (i, ii व iii)	**19969.11**	**12877.87**
कुल योग (I व II)	**55913.76**	**23958.97**

अनुसूची 8 – निवेश

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. भारत में निवेश		
सकल निवेश	180407.76	181348.95
घटाएँ : मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	5608.72	5382.93
निवल निवेश	**174799.04**	**175966.02**
(i) सरकारी प्रतिभूतियां	140854.58	157952.46
(ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	7.25	9.14
(iii) शेयर	1214.57	996.38
(iv) डिबेंचर और बॉण्ड	30739.72	13653.87
(v) सहयोगी संस्थाओं में निवेश	1011.85	861.55
(vi) अन्य	971.07	2492.62
कुल	**174799.04**	**175966.02**
II. भारत के बाहर निम्न में निवेश		
सकल निवेश	1800.52	2420.90
घटाएँ : मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	97.95	94.48
निवल निवेश	**1702.57**	**2326.42**
(i) सरकारी प्रतिभूतियां (स्थानीय प्राधिकारियों सहित)	1702.01	2304.10
(ii) सहयोगी संस्थाओं में निवेश	0.00	0.00
(iii) अन्य निवेश (विनिर्दिष्ट करना है)		
(ए) शेयर	0.56	0.60
(बी) ऋण प्रतिभूतियाँ	0.00	21.72
कुल	**1702.57**	**2326.42**
कुल योग (I व II)	**176501.61**	**178292.44**

अनुसूची–9 अग्रिम

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
ए. (i) क्रय किए गए एवं बट्टाकृत बिल	3430.06	2131.35
(ii) नकद उधार, ओवर ड्राफ़्ट और मांग पर प्रतिदेय उधार	245298.44	220090.98
(iii)सावधि ऋण	140457.57	140446.75
(iv) अन्य	0.00	0.00
कुल (ए)	**389186.07**	**362669.08**
बी. (i) मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (इसमें बही ऋणों पर अग्रिम शामिल हैं)*	322961.60	320789.57
(ii) बैंक / सरकार गारंटियों द्वारा संरक्षित	39614.40	22887.66
(iii) असुरक्षित	26610.07	18991.85
कुल (बी)	**389186.07**	**362669.08**
सी. I भारत में अग्रिम		
(i) प्राथमिकता क्षेत्र	163407.16	156301.48
(ii) सार्वजनिक क्षेत्र	67147.92	64398.78
(iii) बैंक	0.00	169.24
(iv) अन्य	139011.85	131526.73
कुल (सी – I)	**369566.93**	**352396.23**
सी II भारत के बाहर अग्रिम		
(i) बैंकों से देय	11105.63	4475.58
(ii) अन्य से देय		
(क) क्रय किए गए और भुनाये गए बिल	2541.53	771.17
(ख) सामूहिक ऋण	4650.75	3515.42
(ग) अन्य	1321.23	1510.68
कुल (सी – II)	**19619.14**	**10272.85**
कुल योग (सी – I + सी – II)	**389186.07**	**362669.08**

* बही ऋण के सापेक्ष में अग्रिम सहित रु 67000.84 करोड़ (पिछले वर्ष रु 63247.10 करोड़)

अनुसूची 10 – अचल आस्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. परिसर		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन–पत्रानुसार लागत /पुनर्मूल्यांकन पर (*)	6866.57	6862.57
वर्ष के दौरान जोड़/समायोजन	601.26	4.00
वर्ष के दौरान घटाव	4.69	0.00
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास	1415.80	1246.78
निवल मूल्य	**6047.34**	**5619.79**
I ए. निर्माणाधीन परिसर	**0.97**	**1.07**
II. अन्य अचल आस्तियां (फ़र्निचर / फ़िक्सचर सहित)		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार लागत पर	4666.96	4158.17
वर्ष के दौरान जोड़	319.43	556.66
वर्ष के दौरान घटाव	89.07	47.87
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास	3757.47	3383.29
निवल मूल्य	**1139.85**	**1283.67**
II ए. पट्टाकृत आस्तियाँ		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार लागत पर	552.10	552.43
वर्ष के दौरान जोड़	0.00	0.00
प्रावधान सहित वर्ष के दौरान कटौतियाँ	2.53	0.33
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास	41.22	64.50
निवल मूल्य	**508.35**	**487.60**
III. पूंजी – निर्माणाधीन कार्य (पट्टाकृत आस्तियाँ) – निवल प्रावधान	**2.40**	**0.43**
कुल : (I, Iए, II, IIए व III,)	**7698.91**	**7392.56**

अनुसूची 11 – अन्य आस्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	270.53	0.00
II. उपचित ब्याज	2999.69	4142.80
III. अग्रिम रूप से प्रदत्त कर / स्रोत पर काटा गया कर (निवल)	6440.81	6655.17
IV. लेखन सामग्री एवं स्टांप	27.14	46.44
V. दावों की पूर्ति से प्राप्त की गई ग़ैर बैंककारी आस्तियाँ	51.38	51.38
VI. स्थगित कर आस्तियाँ (निवल)	3885.69	2851.41
VII.अन्य	7066.38	11929.74
कुल	**20741.62**	**25676.94**

अनुसूची 12 – आकस्मिक देयताएँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. बैंक के विरुद्ध दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है	2159.16	953.37
II. अंशतः प्रदत्त निवेशों के लिए दायित्व	462.77	373.82
III. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के बाबत दायित्व	306197.71	254856.84
IV.संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां*		
क. भारत में	21969.84	17792.78
ख. भारत के बाहर	300.68	379.99
V. स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य दायित्व*	10837.92	9394.29
VI.अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	11658.74	9855.68
कुल	**353586.82**	**293606.77**

* आकस्मिक देयता को मार्जिन के निवल माना गया है

अनुसूची 13 – अर्जित ब्याज़

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. अग्रिमों / बिलों पर ब्याज /बट्टा	26927.55	27363.57
II. निवेशों पर आय	10970.83	11170.35
III. भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य अंतर बैंक निधियों के पास अतिशेष पर ब्याज	851.52	425.71
IV. अन्य	111.75	148.45
कुल	**38861.65**	**39108.08**

अनुसूची 14 – अन्य आय

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. कमीशन, विनिमय और दलाली	1181.89	1131.77
II. भूमि, भवन और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ	7.40	2.84
घटाव : भूमि, भवन और अन्य संपत्तियों की बिक्री पर हानि	4.35	3.26
निवल	3.05	-0.42
III. विनिमय संव्यवहारों पर लाभ	689.99	406.22
घटाव : विनिमय लेनदेन पर हानि	0.00	0.00
निवल	689.99	406.22
IV. निवेशों के विक्रय पर लाभ (निवल)	1757.16	2261.90
घटाव : निवेश की बिक्री पर हानि	122.36	136.37
निवल	1634.80	2125.53
V. निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ (निवल)	0.01	0.02
घटाव : निवेश के पुनर्मूल्यांकन पर हानि	343.25	429.08
निवल	-343.24	-429.06
VI. (ए) पट्टा–वित्त / किराया खरीद से आय	0.02	0.04
(बी) विदेश / भारत में अनुषंगियों / कंपनियों तथा / या सह उद्यमों से लाभांश आदि से अर्जित आय	26.79	12.45
VII.विविध आय	4213.20	2864.87
कुल	**7406.50**	**6111.40**

अनुसूची 15 – व्यय किया गया ब्याज

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. जमाओं पर ब्याज	20933.43	22218.39
II. भारतीय रिज़र्व बैंक / अंतर बैंक उधारों पर ब्याज	248.46	400.90
III. अन्य	947.36	819.51
कुल	**22129.25**	**23438.80**

अनुसूची 16 – परिचालनगत व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2022 को समाप्त वर्ष	31.03.2021 को समाप्त वर्ष
I. कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान	6738.44	6411.62
II. किराया, कर और बिजली व्यवस्था	615.43	611.77
III. मुद्रण और लेखन सामग्री	85.85	58.53
IV. विज्ञापन और प्रचार	30.20	14.92
V. ए) पट्टाकृत आस्तियों के अलावा बैंक की संपत्तियों पर मूल्यह्रास	600.68	633.17
बी) पट्टाकृत आस्तियों पर मूल्यह्रास	0.18	3.73
VI. निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	1.17	0.77
VII. लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय सहित)	47.64	63.29
VIII.विधि प्रभार	20.26	23.66
IX. डाक, तार और टेलीफोन आदि	111.29	118.93
X. मरम्मत और रखरखाव	246.33	201.76
XI. बीमा	742.31	682.42
XII. अन्य व्यय	2113.76	1964.71
कुल	**11353.54**	**10789.28**

अनुसूची –17

मुख्य लेखांकन नीतियाँ

(समेकित)

1. लेखांकन प्रथा

जब तक अन्यथा न कहा जाए वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत परिपाटी पर चल रहे प्रथाओं का अनुपालन करते हुए तैयार किया जाता है। यह भारत में प्रचलित सांविधिक सिद्धांतों के अनुरूप है जिसमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों/मार्गदर्शन नोट्स और भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित प्रथाएं शामिल हैं। विदेशी शाखाओं के संबंध में संबंधित देशों में प्रचलित तंत्र सांविधिक प्रावधानों के अनुरूप है।

2. प्राक्कलन का प्रयोग

वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए, रिपोर्टिंग अवधि हेतु वित्तीय विवरणियों की तारीख पर दर्ज आस्तियों एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा आय एवं व्यय पर विचार करने हेतु प्रबंधन को प्राक्कलन तैयार करने और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन, यह विश्वास रखता है कि वित्तीय विवरणियों की तैयारी में इस्तेमाल किये गये प्राक्कलन विवेकी और उचित हैं।

3. समेकन की प्रक्रिया :

ए. बैंक की (मूल संस्था एवं उसकी अनुषंगियां, इसके संयुक्त उद्यम) समेकित वित्तीय विवरणियाँ, इंडियन बैंक (मूल संस्था) और उसकी अनुषंगियों, यथा (1) इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड (2) इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड, इसके संयुक्त उद्यमों यथा (1) यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्युरेंस को. लि. (2) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणियों के आधार पर तैयार की गई जोकि अंतर समूह लेनदेनों को एवं प्राप्त न किए गए लाभ /हानियों को छोड़ने के बाद यथावश्यक समायोजन करके जहां भी अन्यथा उल्लिखित न हो आईसीएआई द्वारा जारी लेख मानक 27 ''फाइनेंशियल रेपोर्टिंग ऑफ इंटरेस्ट इन जाइंट वैंचर'' के अनुरूप है। मूल संस्था की रिपोर्टिंग तारीख तक अनुषंगियों एवं संयुक्त उद्यम की वित्तीय विवरणियाँ भी बनाई गई हैं।

बी. अनुषंगियां, संयुक्त उद्यम और सहयोगी संस्थाएं, संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित एवं सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार लेखाकरण नीतियों का अनुपालन करती हैं। अनुपालनार्थ अपेक्षित ऐसी विभिन्न लेखाकरण नीतियों के मद्देनजर, अधिदेश/सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप संबंधित लेखाकरण नीतियों को अपनाते हुए समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं।

सी. मूल संस्था को आनुषंगिक संस्था में निवेश के लिए हुई लागत और अर्जन की तारीख को अनुषंगी संस्था में मूल संस्था की ईक्विटी में अंतर को वित्तीय विवरण में पूंजी रिज़र्व/गुडविल के रूप में लिया जाता है। अर्जन के बाद के लाभ/हानियों में मूल संस्था के शेयर का समायोजन, राजस्व रिज़र्व के साथ किया जाता है ।

डी. परिचालन के निवल परिणाम और अनुषंगी संस्था की संपत्ति में अल्प संख्यक के हक से लाभ एवं निवल संपत्तियों का वह अंश द्योतित है जो अल्पसंख्यकों को देय है।

ई. एसोसियेटस में निवेश का हिसाब, एसोसियेटस के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर आईसीएआई द्वारा जारी लेखाकरण मानक–23 (एएस–23) समेकित वित्तीय विवरणों में एसोसियेटस में निवेश के लिए लेखांकन के अनुसार ईक्विटी पद्धति के तहत किया जाता है।

4. विदेशी विनिमय से संबंधित लेनदेन

मूल संस्था

4.1 भारतीय परिचालनों और गैर समाकलित विदेशी परिचालन के विदेशी मुद्रा लेनदेनों का लेखांकन, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखाकरण मानक – 11 (एएस – 11) के अनुसार किया जाता है।

4.2 भारतीय परिचालनों के मामले में परिवर्तन

ए) विदेशी मुद्रा डीलर असोसिएशन आफ इंडिया (फेडाय) द्वारा अधिसूचित साप्ताहिक औसत दर (डबल्यूएआर) पर विदेशी विनिमय लेनदेन दर्ज किए जाते हैं।

बी) विदेशी मुद्रा में आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन, वर्षांत पर फेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर किया जाता है।

सी) विदेशी मुद्रा में स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं और गारंटियों को वर्षांत पर फेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर रखा जाता है।

डी) वित्तीय वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा में रखी गयी आस्तियों एवं देयताओं के निपटान एवं परिवर्तन से उठनेवाले विनिमय अंतर को, उस वर्ष में ही आय या व्यय के रूप में पहचाना जाता है ।

ई) बकाया वायदा विनिमय दरों का प्रकटीकरण संविदागत दरों से किया जाता है तथा फेडाय की समापन दरों पर उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाता है एवं उसके परिणाम की पहचान, लाभ व हानि लेखे के जरिए की जाती है।

4.3 गैर– समाकलित विदेशी परिचालनों के संबंध में परिवर्तन

विदेशी शाखाओं का वर्गीकरण, गैर समाकलित विदेशी परिचालन के रूप में किया गया है और वित्तीय विवरणों का परिवर्तन निम्नप्रकार किया जाता है :

1. आकस्मिक देयताएं सहित आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन फेडाय द्वारा वर्षांत में अधिसूचित दरों पर किया जाता है।
2. आय एवं व्यय का परिवर्तन फेडाय द्वारा संबंधित तिमाही के अंत पर अधिसूचित तिमाही औसत समापन दर पर किया जाता है।
3. निवल निवेशों के निपटान तक उठनेवाले सभी विनिमय अंतर को ''फॉरेन करेंसी ट्रांसलेशन रिजर्व'' (एफसीटीआर) नामक पृथक निधि में उपचित रखा जाता है।

5. निवेश

मूल संस्था

5.1.1 बैंक के निवेश संविभाग को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित तीन प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है :

- परिपक्वता तक रखे गए (एचटीएम)
- बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस)
- व्यापार के लिए रखे गए (एचएफटी)

परिपक्वता तक रोक रखने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **''एचटीएम''** प्रवर्ग के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। अल्पावधि के मूल्य/ब्याज दर में उतार–चढ़ाव से लाभ उठाकर व्यापार करने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **''एचएफटी''** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। अन्य सभी प्रतिभूतियाँ जो उपर्युक्त दोनों प्रवर्गों में नहीं आती हैं, उन्हें, **''एएफएस''** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है।

निवेश को उसकी खरीद/अर्जन के समय पर ही, परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध अथवा व्यापार के लिए उपलब्ध के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और तदनन्तर नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप उनका अंतरण किया जाता है। एक वर्ग से दूसरे वर्ग को शेयरों का अंतरण, यदि कोई है, अंतरण की तारीख पर अर्जन लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य में से न्यूनतम मूल्य पर किया जाता है, और ऐसे अंतरण के लिए मूल्यहास हेतु पूर्ण प्रावधान किया जाता है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और एसोसिएट्स में निवेश को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

एचटीएम प्रवर्ग में रखी गयी प्रतिभूतियों की बिक्री पर प्राप्त लाभ को पहले लाभ व हानि लेखा में लिया जाता है और बाद में पूंजी प्रारक्षिती लेखा (कर चुकाने के बाद की राशि तथा सांविधिक रिजर्व को अंतरित की जानेवाली वांछित राशि) में विनियोजित किया जाता है तथा हानि, यदि हो, को लाभ व हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है:

5.1.2. भारत में निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के समनुरूप निम्नानुसार किया जाता है :

ए) **''एचटीएम''** प्रवर्ग में प्रतिभूति का मूल्यांकन अर्जन की लागत पर किया जाता है सिवाय उन मामलों में जहां अंकित मूल्य से अर्जन लागत अधिक होती हो, वैसे मामलों में, अंकित मूल्य पर अर्जन लागत की ऐसी अधिकता को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है। अनुषंगियों / संयुक्त उद्यमों / एसोसिएट्स में, जिन्हें एचटीएम प्रवर्ग में शामिल किया गया है, निवेशों के मूल्य में, अस्थाई प्रकृति के अलावा किसी अन्य ह्रास की पहचान की गई है और प्रावधान किया गया है। ऐसे ह्रास का निर्धारण और इसके लिए प्रावधान प्रत्येक निवेश हेतु अलग से किया जाता है। दिनांक 23.08.2006 के बाद जोखिम पूँजी निधियों के यूनिटों (वीसीएफ)/वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) में किये गये निवेश, प्रारंभिक 3 वर्ष की अवधि के लिए एचटीएम वर्ग के अधीन वर्गीकृत किये जाते हैं तथा उनका मूल्यांकन, लागत पर किया जाता है।

बी) अनुषंगी संस्थाओं, संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी संस्थाओं में निवेश का मूल्यांकन, परंपरागत लागत पर किया जाता है। प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश का मूल्यांकन, वहन लागत (अर्थात् बही मूल्य) पर किया जाता है।

सी) **''एएफस''** प्रवर्ग में निवेशों का मूल्यांकन, बाजार मूल्य पर, तिमाही अंतराल पर स्क्रिपवार तथा वर्गीकरणवार किया जाता है। यदि कोई निवल मूल्यह्रास हो, तो उसे लाभ–हानि लेखा में शामिल किया जाता है, जबकि किसी निवल मूल्यवृद्धि होने पर उसकी उपेक्षा कर दी जाती हे। इस प्रवर्ग में बाजार को अंकित करने के बाद वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है।

डी) **''एचएफटी''** प्रवर्ग में रखी गई वैयक्तिक प्रतिभूतियों को दैनिक अंतराल पर बाजार को अंकित किया जाता है। निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, तो लाभ व हानि लेखा में उसका प्रावधान किया जाता है जबकि निवल मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इस प्रवर्ग में वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

''एएफएस'' एवं ''एचएफटी'' प्रवर्गों में प्रतिभूतियों का मूल्यांकन निम्नवत् किया गया है :

i) प्राइमेरी डीलर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (पीडीएआई) और फिक्स्ड इन्कम मनी मार्केट और डिराइवेटिव्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एफआईएमएमडीए)/फाइनेंसियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किए गए अनुसार केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, मूल्य पर/वाईटीएम दरों पर किया जाता है।

ii) राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, वाईटीएम पद्धति को लागू करते हुए और पीडीएआई/एफआईएमएमडीए/एफबीआईएल द्वारा रखी गई समतुल्य परिपक्वता की केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों के प्रतिफल से 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ाते हुए आवधिक रूप से किया जाता है।

iii) कोट होने पर ईक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है। कोट न होनेवाले ईक्विटी शेयरों को उनके ब्रेक–अप मूल्य पर (पूनर्मूल्यन आरक्षित निधियां, यदि हो, उस पर ध्यान दिए बिना), कंपनी के नवीनतम तुलनपत्र (मूल्यन की तारीख से एक वर्ष के पहले का न हो), के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। अन्यथा शेयरों का

मूल्यांकन प्रति कंपनी एक रुपया के अनुसार किया जाता है।

iv) कोट होने पर अधिमान्य शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा समुचित वाईटीएम दरों अथवा पुनः शोधन मूल्य के आधार पर निर्धारित मूल्य, दोनों में से जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है।

v) अग्रिमों के रूप में रहे डिबेंचरों तथा बांडों के अलावा, सभी डिबेंचरों तथा बांण्डों का मूल्यांकन वाईटीएम आधार पर किया जाता है।

vi) राजकोष बिलों, जमा प्रमाण पत्रों तथा वाणिज्यिक कागजातों का मूल्यांकन उनकी रखाव लागत पर किया जाता है।

vii) कोट होने पर म्यूचुअल फंडों की यूनिटों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा पुनः खरीद मूल्य अथवा निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) दोनों में जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है। यदि निधियां लॉक–इन अवधि में हैं, जहां पुनःखरीदी मूल्य/बाजार कोट उपलब्ध नहीं हो तो, यूनिटों का मूल्यांकन एनएवी पर अथवा लॉक–इन अवधि की समाप्ति तक की लागत पर किया जाता है।

viii) 23.08.2006 के बाद किये गये जोखिम पूंजी निधियों (वीसीएफ) /वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) के यूनिटों में निवेश, 3 सालों की प्रारंभिक अवधि के लिए एचटीएम श्रेणी में वर्गीकृत होते है एवं इनका लागत पर मूल्यांकन किया जाता है। संवितरण की तारीख से 3 सालों के समय के बाद, यह एएफएस में परिवर्तित किया जाएगा और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार के लिए अंकित किया जाएगा।

5.1.3. विदेशी शाखाओं के निवेश के संबंध में, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश या मेजबानी देश के दिशानिर्देश, जो भी ज्यादा कठोर हैं, का पालन किया जाता है। ऐसे देशों में स्थित शाखाओं के मामले में, जहाँ कोई दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट नहीं किए गए हैं, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है।

5.1.4. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक निवेश (एनपीआई) की पहचान निम्नलिखित रूप में किया गया है :

ए) प्रतिभूतियाँ/असंचयी अधिमानी शेयर जिनमें ब्याज/नियत लाभांश/किस्त (परिपक्वता राशि को मिलाकर) देय है तथा 90 दिन की अवधि से अधिक समय तक उसका भुगतान नहीं किया गया है।

बी) अगर बैंक से जारीकर्ता द्वारा प्राप्त कोई ऋण सुविधा को गैर–निष्पादित अग्रिम माना गया है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई किसी भी प्रतिभूति जिसमें अधिमानी शेयर शामिल है, में निवेश को एनपीआई के रूप में माना जाएगा और इसके विपरीत। हालांकि, अगर केवल अधिमानी शेयरों को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई अन्य निष्पादित प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीआई के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उस उधारकर्ता को दी गई किसी भी निष्पादित ऋण सुविधाओं को एनपीए के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

सी) इक्विटी निवेश, एनपीआई के रूप में वर्गीकृत, शेयरों को बाजार मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता हैं। अगर उद्धृत किया गया है और यदि इसे उद्धृत नहीं किया गया है के मामले में, तो शेयरों का मूल्य प्रति कंपनी ₹ 1/– होता है।

डी) केन्द्रीय सरकार की गारंटी प्राप्त निवेशों के अतिदेय होने पर भी उन्हें तभी एनपीए माना जाएगा जब गारंटी लागू की जाने पर सरकार उसका निराकरण करती है।

ई) यदि ब्याज/मूल किस्त (परिपक्वता संप्राप्तियों को शामिल करते हुए) अथवा बैंक को देय अन्य कोई राशि, 90 दिनों से अधिक के लिए अदत्त बनी रहती हो, तो राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत प्रतिभूतियों में निवेश को, जोकि ''माने गए अग्रिमों' के रूप में हैं, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण मानदंडों के अध्यधीन रखा जाता है।

5.1.5 प्रतिभूतियों की लागत में से दलाली/कमीशन/अंशदानों पर प्राप्त प्रोत्साहन को घटा दिया जाता है। प्रतिभूतियों के अर्जन के संबंध में अदा की गयी दलाली/कमीशन/स्टांप शुल्क को राजस्व व्यय माना जाता है।

5.1.6 व्यापार के लिए ब्याज दर स्वैप लेनदेनों को तिमाही आधार पर बाजार को अंकित किए जाते हैं। कुल अदला–बदलियों के उचित मूल्य का आकलन, तुलन–पत्र की तारीख पर अदला–बदली करारों को समाप्त किए जाने पर प्राप्त/प्राप्य या प्रदत्त/प्रदेय राशि के आधार पर किया जाएगा। इससे होनेवाली हानियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है, जबकि लाभ यदि हो, पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

5.1.7 एक्सचेंज कारोबार विदेशी विनिमय डेरिवेटिव यानी मुद्रा वायदे का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा निर्धारित मूल्यों पर किया जाता है और परिणामी लाभ और हानि की पहचान लाभ और हानि लेखे में की जाती हैं।

5.1.8 एफसीएनआर (बी) डॉलर जमाओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के विनिमय स्वैप की सुविधा की शुरुआत में उत्पन्न होनेवाले प्रीमियम / ब्याज, स्वैप अनुबंध की अवधि के दौरान खर्च के रूप में परिशोधित किया जाता है।

5.1.9 निवेश की कीमत के निर्धारण प्रत्येक वर्ग में भारित औसत कीमत पद्धति के आधार पर किया जाता है। एचटीएम के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत कीमत पद्धति के तहत प्राप्त अधिग्रहण कीमत के आधार पर ले लिया गया है तथा भारित औसत कीमत के अंकित मूल्य से अधिक होने की स्थिति में प्रीमियम को केवल शेष परिपक्वता अवधि हेतु परिशोधित कर दिया जाता है।

5.1.10 रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों के लिए लेखाकरण :

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार तरलता समायोजन सुविधाएं (एलएएफ), परिवर्तनीय दर अवधि प्रचालन तथा एमएसएफ एवं मार्केट रेपों लेन–देनों को शामिल करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के साथ सभी प्रकार के रेपो, रिवर्स रेपो लेनदेनों का हिसाब रखा जाता है।

रेपो/रिवर्स रेपो के तहत बेची गई और खरीदी गई प्रतिभूतियों को त्रिपक्षीय रेपो के रूप में लिया जाता हैं जिसमें, प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त बिक्री / खरीद लेनदेनों के मामले में अंतरित किए जाते हैं और इस प्रकार के प्रतिभूति के उतार –चढ़ाव, रेपो/रिवर्स रेपो खातों और प्रति–प्रविष्टियों के प्रयोग से परिलक्षित होता है। उपरोक्त प्रविष्टियाँ परिपक्वता की तारीख पर प्रतिवर्तित हो जाती है। मामले के आधार पर लागत एवं राजस्व को ब्याज व्यय/आय के रूप में लिया जाएगा। रेपो खाते में शेष, अनुसूची 4 (उधार) के तहत वर्गीकृत है और रिवर्स रेपो खाते में शेष, अनुसूची 7 (बैंकों में शेष एवं मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशि) के तहत वर्गीकृत है।

अनुषंगी कंपनियाँ :

5.2 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड

कंपनी के पास रखे सभी निवेश दीर्घकालिक निवेश हैं। अस्थायी प्रकृति के निवेशों के अलावा दीर्घकालिक निवेशों को ह्रास के लिए प्रावधान घटाकर, लागत पर लाया गया है । कंपनी ने कोट किए गए शेयरों के बाज़ार मूल्य पर भरोसा करते हुए शेयरों / ड़िबेंचरों के मूल्य में ह्रास को स्थायी प्रकृति के रूप में माना है तथा कोट न किए गए शेयरों के मामले में बही मूल्य / उचित मूल्य, दोनों में जो भी अधिक हो, को माना गया है।

5.3 इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड

निवेशों को चालू निवेशों और दीर्घकालिक निवेशों में वर्गीकृत किया गया है। राष्ट्रीय आवास बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशों का मूल्यांकन प्रत्येक निवेश के लिए अलग–अलग रूप से, उनकी लागत अथवा बाज़ार मूल्य में से निम्नतर दरों पर किया गया है।

6. प्रतिभूतीकरण कंपनियों (एससी) / पुनर्निमाण कंपनियों (आरसी) को बेची गई वित्तीय आस्तियां

मूल संस्था :

6.1 प्रतिभूतिकरण कंपनियों / पुनर्निमाण कंपनियों द्वारा, उन्हें बेची गई वित्तीय आस्तियों के संबंध में जारी की गई प्रतिभूति रसीदों को उनके प्रतिदेय मूल्य और वित्तीय आस्तियों के निवल बही मूल्य, से कम स्तर पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रतिभूतिकरण रसीद को निम्न पर मूल्यांकित किया जाता है

(ए) दिनांक 01.04.2017 से पहले एसआर / आरसी जारी किए गए प्रतिभूति रसीद को परिसम्पत्ति पुनर्निमाण कंपनी द्वारा तुलन पत्र के दिनांक पर घोषित निवल परिसंपत्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और मूल्यह्रास होने पर उसके लिए प्रावधान किया जाता है तथा मूल्यवृद्धि होने पर उसपर ध्यान नहीं दिया जाता।

(बी) 01 अप्रैल 2017 के प्रभाव से आरबीआई द्वारा जारी किए गए संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार एसआर पर प्रावधान की आवश्यकता निम्न बिन्दुओं से अधिक होगी।

(i) एससी / आरसी द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के संदर्भ में प्रावधान दर

(ii) अंतर्निहित ऋण पर लागू होने वाली प्रावधान दर, यह मानते हुए कि ऋण बैंक की बही में निरंतर जारी रहा है

6.2 आरसी को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में उनका मूल्यांकन और आय की पहचान, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। अगर बिक्री मूल्य, निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम है (यथा, बही मूल्य से रखे गये प्रावधान घटाने के बाद का मूल्य) तो भारतीय रिजर्व बैंक के विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार उससे होनेवाली कमी को लाभ व हानि खाते में नामे डाला जाएगा या रखी गयी अस्थायी प्रावधान का प्रयोग करते हुए इसका समंजन किया जाएगा।

6.3 यदि प्राप्त नकदी (आरंभिक प्रतिफल और/या प्रतिभूति रसीदों के मोचन के जरिए) आरसी को बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है तो अतिरिक्त प्रावधान को लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किया जाता है। लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किए गए अतिरिक्त प्रावधान की प्रमात्रा उस सीमा तक सीमित है जिस सीमा तक प्राप्त नकदी बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है।

7. अग्रिम

मूल संस्था

7.1.1 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदण्डों के अनुसार भारत में अग्रिमों को उधारकर्ता–वार मानक, अव–मानक, संदिग्ध और हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

7.1.2 गैर निष्पादक अग्रिमों के लिए निम्नानुसार प्रावधान किए गए हैं –

ए) अवमानक :

i. कुल बकाया पर 15 प्रतिशत का सामान्य प्रावधान

ii. प्रकटीकरण हेतु 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रावधान जो प्रारम्भ से ही अरक्षित हैं।

(अर्थात, जहां प्रतिभूतियों का वास्तविक मूल्य प्रारम्भ से ही 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है)

बी) संदिग्ध संवर्ग – 1 :

i. सुरक्षित भाग के लिए 25 प्रतिशत

ii. अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

सी) संदिग्ध संवर्ग – 2 :

i. सुरक्षित भाग के लिए 40 प्रतिशत

ii. अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

डी) संदिग्ध वर्ग– 3 एवं हानि अग्रिम – 100 प्रतिशत

7.1.3 पुनर्गठित / पुनर्संरचित मानक अग्रिम सहित मानक अग्रिमों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों के अनुसार प्रावधान किया जाता है।

7.1.4 विदेशी शाखाओं के मामले में ऋण हानियों के लिए आय–निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधान, स्थानीय आवश्यकताओं अथवा भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों में से जो भी अधिक सख्त हो, के अनुसार किया जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये विनियमों के संबंध में अगर कोई आस्ति को बैंक के विदेशी बही में किसी भी समय गैर– निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाना है तो बैंक द्वारा ऋणकर्ता को प्रदान की गई सभी सुविधाओं तथा ऋणकर्ता द्वारा जारी की गयी सभी प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीए / एनपीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

तथापि मेजबान विनियामकों द्वारा खातों को वसूली से अन्य कारणवश गैर निष्पादित / बाधित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो भारत में वित्तीय विवरणियों के समेकन करते समयए उन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार प्रावधान किया जाएगा, जबकि उसी प्रतिपक्षकारों को अन्य क्षेत्राधिकार में (भारत को सम्मिलत कर) प्रदत्त अन्य ऋण एक्स्पोजर के संबंध में आस्ति वर्गीकरण, संबंधित क्षेत्राधिकार में विद्यमान दिशानिर्देशों से अधिशासित होगा।

7.1.5 प्रकट किये गए अग्रिम, गैर–निष्पादित आस्तियों, डीआईसीजीसी / ईसीजीसी / सीजीटीएमएसई से प्राप्त तथा समायोजन हेतु लंबित रखे गए दावों, विविध खाते में प्राप्त और रखी गई चुकौतियों, सहभागिता प्रमाण–पत्रों एवं पुनः भुनाये गये मियादी बिलों के लिए किए गए प्रावधानों और मानक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत पुर्नगठित खातों के उचित मूल्य में अधित्याग के बदले प्रावधान के बाद निवल हैं।

8 अचल आस्तियां / मूल्यह्रास

8.1 मूल संस्था :

8.1.1 अचल संपत्तियों को लागत / पुनर्मूल्यांकन राशि घटाकर संचित मूल्यह्रास / परिशोधन किया जाता है।

8.1.2 लागत में खरीद की लागत और सभी व्यय जैसे साइट की तैयारी, स्थापना लागत और परिसंपत्ति का उपयोग करने से पूर्व उनपर व्यय किए गए वृत्तिक शुल्क शामिल है। उपयोग में आने वाली परिसम्पत्तियों पर किए गए बाद के व्यय का पूंजीकरण तभी किया जाता है जब यह ऐसी परिसंपत्तियां उनकी कार्य क्षमता पर भविष्य के आर्थिक लाभ को बढ़ाती है।

8.1.3 भारत में इमारतों का मूल्यह्रास (जमीन की लागत सहित जहां अविभाज्य / अलग नहीं है) और अन्य अचल संपत्तियों को स्ट्रेट लाइन पद्धति से दरों / उपयोग की गयी समय–सीमा के आधार पर किया जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है :

क्रं. सं.	अचल आस्तियों का विवरण	मूल्यह्रास की दर / उपयोग की गयी समय–सीमा
1.	कंप्यूटर	33.33% प्रतिवर्ष
2.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का एक अभिन्न अंग हैं ।	33.33% प्रतिवर्ष
3.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की लागत का एक अभिन्न अंग नहीं हैं ।	33.33% प्रतिवर्ष
4.	ऑटोमेटेड टेलर मशीन / कैश डिपॉजिट मशीन / क्वाइन वेंडिंग मशीन	20.00% प्रतिवर्ष
5.	सर्वर	33.00% प्रतिवर्ष
6.	नेटवर्क उपकरण	20.00% प्रतिवर्ष
7.	अन्य अचल आस्तियां	आस्तियों के प्रमुख समूह का उपयोग करने की अनुमानित समय–सीमा निम्नानुसार है: परिसर : 60 वर्ष तिजोरियां / लॉकर / दरवाजे (स्टील) : 20 वर्ष वाहन : 5 वर्ष फर्नीचर एवं फिक्स्चर : 10 वर्ष मोबाइल फोन : 1 वर्ष

8.1.4 वर्ष के दौरान बेची गई / अर्जित की गई संपत्तियों के संबंध में, वर्ष के दौरान पूंजीकरण की तारीख से / संपत्ति के उपयोग की गयी समय–सीमा के लिए आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा।

8.1.5 रुपए 5000 / – तक की संपत्ति का पूरी तरह से मूल्यह्रास उसी वर्ष किया जाएगा जिस वर्ष उसे खरीदा गया हो।

8.1.6 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकित की गई परिसंपत्ति को उसके उपयोग हेतु शेष समय–सीमा के आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन के कारण परिसंपत्ति के शुद्ध बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन हेतु रिजर्व खाते में जमा किया जाएगा। आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन घटक से संबंधित मूल्यह्रास को राजस्व व्यय के तहत प्रभारित किया जाएगा और एक समतुल्य राशि सीधे पुनर्मूल्यांकन रिजर्व के विरुद्ध प्रभारित किया जाएगा तथा आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार राजस्व रिजर्व में जमा किया जाएगा।

8.1.7 उन आस्तियों के मामले में जहां सरकार से सब्सिडी प्राप्त होता है, उसको तत्संबंधित आस्ति खाता में जमा किया जाता है और तदनुसार मूल्यह्रास प्रभारित किया जाता है।

8.1.8 पट्टेवाली भूमि पर प्रीमियम, अधिग्रहण के वर्ष में पूंजीकृत किया जाता है और पट्टे की अवधि पर परिशोधित किया जाता है।

8.1.9 विदेशी शाखाओं की अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की व्यवस्था उन देशों में प्रचलित पद्धतियों के अनुसार की जाती है।

8.1.10 गैर–बैंकिंग आस्तियों (एनपीए) के संबंध में कोई मूल्यह्रास प्रभारित नहीं किया जाता है।

अनुषंगी कंपनियाँ :

8.2 **इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड :**

अचल आस्तियों को परम्परागत लागत पर, संचित मूल्यह्रास और क्षति के लिए प्रावधान (यदि कोई हो) को घटा कर बताया जाता है। पट्टे पर ली गई आस्तियों (दिसंबर 1997 के पहले संविदाकृत) को पट्टा समायोजन खाते में शेष के लिए आगे समायोजित किया जाता है।

मूल्यह्रास

ए) पट्टे पर दी गई आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियों पर

पट्टे पर दी गई आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियों पर कंपनी, सीधी कटौती प्रणाली (एसएलएम) यथानुपात आधार पर, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्धारित दरों पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है । साफ़्टवेयर लागतों को, उनके अर्जन के वर्ष से तीन वर्षों की अवधि के लिए परिशोधित किया जाता है।

बी) बन्द परिचालनों के अंतर्गत प्रदत्त पट्टेदारी आस्तियों पर :–

परिचालन बन्द करने के तहत पट्टेदारी आस्तियों पर कंपनी घटते मूल्य पद्धति पर यथानुपात आधार पर, मूल्यह्रास का प्रावधान करती है तथा जिस महीने में आस्ति संस्थापित की गयी है, उसे पूर्ण महीना माना जाता है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी पट्टों का लेखाकरण पर मार्गदर्शन नोट (संशोधित) के अनुसार पट्टा आस्तियों की लागत को पट्टे की अवधि के दौरान पूर्णतः परिशोधित किया जाता है। सांविधिक मूल्यह्रास और वार्षिक पट्टा प्रभार में अंतर का समायोजन, पट्टा समकरण के ज़रिए किया जाता है, जिसका समायोजन पट्टा आय के साथ किया जाता है।

इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड :

8.3 अचल संपत्तियों को लागत पर पूंजीकृत किया जाता है और लागत से मूल्यह्रास घटाकर दर्शाया गया है। मूल्यह्रास का परिकलन कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची II में दी गई दरों पर मूल्यह्रासित पद्धति से किया जाता है।

9. राजस्व अभिज्ञान

मूल संस्था

9.1.1 आय और व्यय को, जब तक अन्यथा नहीं कहा जाए, सामान्यतः संचयी आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

9.1.2 गैर–निष्पादक आस्तियों, सरकार द्वारा गारंटीकृत आस्तियों (जो 90 दिनों से ज्यादा अतिदेय हैं) लाभांश आय, बीमा दावे, जारी किये गये साख–पत्रों / गारंटियों पर कमीशन (परियोजना वित्त से इतर), बैंकएश्यूरेन्स उत्पादों पर आय, धन प्रबंधन पर आय, खरीदे गए बिलों पर अतिरिक्त ब्याज/अतिदेय प्रभार, क्रेडिट कार्डों पर वित्तीय प्रभार, पुनः क्षतिपूरित करने के बैंक के अधिकार पर व्यय, डेबिट कार्डों पर एएमसी प्रभार आदि को उनकी वसूली होने पर हिसाब में लिया गया है और प्राप्त किए गए लॉकर किराया उपचय आधार पर लेखांकित किया जाता है।

9.1.3 अतिदेय विदेशी बिलों के मामले में, ब्याज और अन्य प्रभारों को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाई) के दिशानिर्देशों के अनुसार किस्ट्रलीकरण की तारीख तक माना गया है।

अनुषंगी कंपनियाँ :

9.2. इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड

ए) इश्यू प्रबंधन शुल्क और अन्य प्रबंधकीय सेवाओं के लिए शुल्क – समनुदेशन पूरा होने की तारीख को मान लिया जाता है।

बी) वित्तीय उत्पादों के वितरण पर हामीदारी कमीशन और दलाली – अंशदान ब्यौरे प्राप्त होने पर मान लिया जाता है।

सी) स्टॉक ब्रोकिंग परिचालनों के अधीन दलाली को संविदा के पूरा करने पर लेखांकित किया जाता है।

डी) अतिदेय पट्टा किराये पर और किराया खरीद किस्तों पर ब्याज पावती आधार पर लेखांकित किया जाता है। चूँकि बही खातों में बकाया राशि के लिए पूर्णतः प्रावधान रखा गया है, प्राप्त राशि को बकाए मूलधन राशि के तहत तथा शेष, ब्याज के तहत कुछ हो तो समायोजित किया जाता है।

इ) लाभांश आय का अभिज्ञान तब किया जाता है, जब प्राप्त करने का अधिकार स्थापित किया जाता है।

एफ) वार्षिक रखरखाव तथा लेनदेन प्रभार को डिपाजिटरी प्रतिभागी परिचालनों के अधीन क्रमशः वार्षिक रूप में और लेनदेन समाप्ति पर लिया जाता है।

9.3. इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड :

ए) आय की पहचान और गैर निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान नेशनल हाउसिंग बैंक के विवेकी मानदंडों का पालन किया जाता है।

बी) आवास ऋणों की पुनरदायगी, समीकृत मासिक किस्तों (ईएमआई) के जरिए, की जाती है, जिसमें मूलधन और ब्याज राशि शामिल हैं। संबंधित अर्ध–वर्ष/वर्ष के आरंभिक शेष पर प्रत्येक अर्ध–वर्ष पर ब्याज का परिकलन किया जाता है। पूरे ऋण के वितरण के बाद ईएमआई आरंभ होती हैं। ईएमआई के प्रारंभ होने के समय तक, ईएमआई–पूर्व ब्याज देय है तथा मासिक आधार पर इसका अभिज्ञान किया जाता है।

10. क्रेडिट कार्ड रिवार्ड पाइंट

कार्ड सुविधा के उपयोग पर कार्ड सदस्यों द्वारा अर्जित रिवार्ड पाइंटों को इस प्रकार के उपयोग के कारण व्यय के रूप में जाना जाता है।

11. निवल लाभ/हानि

निम्नलिखित पर विचार करने के पश्चात लाभ व हानि लेखे में दर्शाया गया परिणाम :

- गैर निष्पादक अग्रिमों और / अथवा निवेशों के लिए प्रावधान
- मानक अग्रिमों पर सामान्य प्रावधान
- पुनः संरचित अग्रिमों हेतु प्रावधान
- अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- आकस्मिकता निधि को / से अंतरण
- प्रत्यक्ष करों के लिए प्रावधान
- अरक्षित विदेषी मुद्रा एक्सपोजर के लिए प्रावधान
- सामान्य अथवा /और अन्य आवश्यक प्रावधान

12 स्टाफ सेवानिवृत्ति लाभ

मूल संस्था

12.1.1 भविष्य निधि

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुननेवालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राषि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

12.1.2 उपदान

इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि नियमों एवं विनियमनों के अनुसार उपदान देयता एक वैधानिक दायित्व है और वित्तीय वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर इसके लिए प्रावधान किया जाता है। बैंक द्वारा उपदान देयता का निधीयन किया जाता है और इसका प्रबंध इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

12.1.3. पेंशन

ए) इंडियन बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियमन 1995 के तहत पेंशन देयता एक परिभाषित लाभकारी दायित्व है तथा 31.03.2010 तक बैंक में भर्ती हुए और पेंशन का विकल्प देनेवाले कर्मचारियों को यह बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है।

बी) नई पेंशन योजना (एनपीएस) जो उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी भर्ती बैंक में 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

12.1.4. क्षतिपूर्ति अनुपस्थितियाँ

संचित क्षतिपूरित अनुपस्थितियाँ, जैसे विशेषाधिकार अवकाश और चिकित्सा अवकाश, के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है।

12.1.5. अन्य कर्मचारी लाभ

अन्य कर्मचारी सुविधाएँ जैसे छुट्टी यात्रा रियायत और सेवानिवृत्ति पर अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ, बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। विदेशी शाखाओं एवं कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति के अलावा कार्यरत कर्मचारियों से संबन्धित लाभ तत्संबंधी कार्याधिकार क्षेत्रों के कानून के तहत मूल्यांकित एवं लेखाबद्ध किए जाते हैं।

अनुषंगी कंपनियाँ

इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सेवाएं लि.

12.2 अल्प कालिक कर्मचारी हितों /बाध्यताओं का प्राक्कलन कर प्रावधान किया गया ।

ग्रेच्युटि – ग्रेच्युटि, जोकि अर्ह कर्मचारियों को कवर करनेवाली एक परिभाषित सेवानिवृत्ति लाभ योजना है, के प्रति अनुषंगी का दायित्व है। योजना में सेवानिवृत्ति, नियोजन में रहते मृत्यु अथवा नियोजन समापन पर निहित कर्मचारियों को समाप्त प्रत्येक वर्ष के लिए 15 दिनों के वेतन के बराबर की राशि देने का प्रावधान है। पांच वर्षों की सेवा की समाप्ति पर वेस्टिंग शुरू होती है। न्यास के रूप में स्थापित ग्रेच्युटि निधि को अनुषंगी भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ समूह ग्रैच्युटि पॉलिसी के ज़रिए वार्षिक अंशदान देती है। ग्रेच्युटि के प्रति अनुषंगी की देयता का बीमांकिक निर्धारण तुलन पत्र की तारीख पर प्रक्षेपित यूनिट जमा (पीयूसी) पद्धति का प्रयोग करते हुए किया जाता है। बीमांकिक लाभ व हानि का राजस्व में अभिज्ञान किया जाता है।

भविष्य निधि – अनुषंगी के अर्ह कर्मचारी, भविष्य निधि जोकि एक परिभाषित अंशदान योजना है के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु हक़दार हैं जिसमें कवर किए गए कर्मचारी के वेतन के एक निर्दिष्ट प्रतिशत पर दोनों कर्मचारी एवं अनुषंगी मासिक अंशदान देते हैं, विधि के तहत यथा निर्दिष्ट अंशदान भविष्य निधि को और भविष्य निधि प्राधिकारियों के साथ रखी गयी पेंशन निधि को अदा किए जाते हैं।

छुट्टी की भुनाई : इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्त स्टाफ़ से अन्य कर्मचारियों की छुट्टी की भुनाई की देयता के लिए, प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर न ली गई छुट्टी के दिनों के आधार पर बीमांकिक आधार पर प्रावधान किया जाता है।

इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर रहे स्टाफ की सेवानिवृत्ति लाभ देयता, योग्य भविष्य निधि अंशदान के अलावा इंडियन बैंक द्वारा वहन की जाती है।

इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड :

12.3. भविष्य निधि में अंशदान, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पास किए जाते हैं।

ग्रूप ग्रेच्युटि योजना के अन्तर्गत गठित न्यास द्वारा ग्रेच्युटि देयता कवर किया जाता है। न्यास ने भारतीय जीवन बीमा निगम से समूह ग्रेच्युटि पॉलिसी खरीदी है और वार्षिक प्रीमियम, न्यास के ज़रिए अदा किया जाता है।

छुट्टी की भुनाई की देयता के लिए बीमांकिक आधार पर प्रावधान किया जाता है।

13. पट्टे हेतु लेखांकन

परिचालनगत पट्टों पर ली गई आस्तियों हेतु पट्टा भुगतानों को कीमत वृद्धि सहित पट्टा अवधि या आस्ति की अवधि, भी जो कम हो, के दौरान लाभ व हानि खाते में अभिज्ञात किये जाते हैं।

14. आकस्मिक देयताएँ और प्रावधान :

14.1 आकस्मिक देयताएं : संभावित या वर्तमान दायित्वों की ओर ले जाने वाली पिछली घटनाओं को निम्नलिखित मामलों में आकस्मिक दायित्व के रूप में मान्यता दी जाती है जहां:

(ए) ऐसी बाध्यताओं के मौजूद रहने की बात पुष्टिकृत नहीं की गई है

(बी) ऐसी बाध्यताओं को निपटाने के लिए संसाधन का बहिर्गमन आवश्यक नहीं है

(सी) बाध्यताओं की राशि के लिए कोई विश्वसनीय अनुमान नहीं किया जा सकता

(डी) ऐसी राशियां भौतिक नहीं हैं,

14.2 (ए) वर्तमान बाध्यताओं के संबंध में तब प्रावधान को माना जाता है, जब विश्वसनीय आकलन किया जा सकता है और / या संसाधनों का बहिर्गमन संभावित है, जिनमें बहुत छोटे दावों को छोडकर शेष मामलों में आर्थिक लाभों को त्यागना पड़ सकें।

(बी) बाजार जोखिम, देश जोखिम आदि के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान अनुदेशों के अनुसार किये जाते हैं।

(सी) बैंक प्रबन्धन द्वारा अभिज्ञात किये अनुसार फ्लोटिंग प्रावधान किया जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार फ्लोटिंग प्रावधान का प्रयोग निम्नलिखित हेतु किया जा सकता है

(i) गैर–निष्पादक आस्तियों हेतु विशेष प्रावधान करना

(ii) गैर–निष्पादक आस्तियों की बिक्री में किसी कमी की पूर्ति करना

15. आस्तियों का अनर्जक होना :

अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) के संबंध में आस्तियों की हानि यदि कोई हो, लेखा मानक 28 "आस्तियों का अनर्जक होना" के अनुरूप पहचानी जाती है और उन्हें लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। तथापि, पुनर्मूल्यांकित आस्ति पर अनर्जक हानि को उस आस्ति के लिए रखी गयी पुनर्मूल्यांकित अधिशेष राशि के तहत अभिज्ञानित किया जाता है जबतक उसी आस्ति के लिए पुनर्मूल्यांकित अधिशेष राशि में रखी गयी राशि अनर्जक आस्ति से अधिक न हो।

16. आय पर कर :

16.1 वर्तमान कर एवं आस्थगित कर दोनों के लिए कर हेतु प्रावधान किया जाता है।

16.2 वर्तमान कर का मापन, कर प्राधिकारियों को अदा की जानेवाली प्रत्याशित राशि के अनुसार लागू कर दरों, कर कानूनों एवं अनुकूल न्यायिक फैसलों / विधिक राय का प्रयोग करते हुए किया जाता है।

16.3 समय में अंतर के कारण उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर आस्तियां एवं देयताएं, जोकि आनेवाली अवधियों में रिवर्सल की क्षमता रखती हो, की पहचान, तुलन–पत्र की तिथि तक लागू कर दर या बाद में लागू किए गए कर दरों का प्रयोग करते हुए की जाती है। आस्थगित कर आस्तियों की पहचान शेष असंगत मूल्यह्रास तथा कर घाटे पर की जाती है, यदि केवल "वर्चुअल निश्चितता" है तथा अन्यों के संबंध में, यदि पर्याप्त भविष्य कर योग्य आय उपलब्ध होगी, जिससे ऐसी आस्थगित कर आस्तियाँ उगाही जाएंगी।

17. परिचालनों को बन्द करना :

इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेस लि. के संबंध में परिचालनों को बन्द करने के लिए अपनायी जानेवाली लेखांकन नीतियाँ, परिचालनों को जारी रखने के लिए अपनायी जानेवाली लेखांकन नीतियों के समनुरूप हैं।

अनुसूची–18
समेकित वित्तीय विवरणियों के लिए लेखों पर टिप्पणियां (2021–22)

1. अनुषंगियां :

क्रम सं.	अनुषंगी का नाम	बैंक की शेयरधारिता
ए	इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लि.	64.84%
बी	इंडबैंक हाउसिंग लि.	51.00%

2. सहयोगी :

क्रम सं.	सहयोगियों का नाम	शेयरधारिता का ढांचा
ए	तमिलनाडु ग्राम बैंक	35%
बी	सप्तगिरि ग्रामीण बैंक	35%
सी	पुदुवई भारतियार ग्राम बैंक	35%

3. संयुक्त उद्यमों में निवेश के लिए लेखांकन (एएस 27)

(₹ करोड़ में)

संस्था का नाम	देश/निवास	संबंध	स्वामित्व हित	शेयरधारिता की राशि
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	28.52%	105.00
एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	38.26%	37.50

4. लेखा समाधान एवं समायोजन

मूल संस्था:

ए) अंतर शाखा लेखों का लेखा समाधान 31.03.2022 तक पूरा किया जा चुका है। बैंक ने विभिन्न कारगर उपायों के द्वारा आईबीजीए में पुरानी बकाया प्रविष्टियों के स्तर में कमी लाई है। शेष बकाया प्रविष्टियों के समायोजन का कार्य प्रगति पर है। प्रबन्धन के अनुसार 5747 आईबीजीए जमा प्रविष्टियाँ कुल रू 4.86 करोड़ राशि की हैं जोकि 01.03.2009 के पूर्व की अवधि से संबंधित हैं।

बी) 31.03.2022 तक अंतर शाखा लेखों में 6 महीनों से अधिक के लिए बकाया असमाशोधित प्रविष्टियों के संबंध में निवल जमा स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रावधान की कोई आवश्यकता नहीं है।

सी) देय ड्राफ़्ट, समाशोधन समायोजन, विविध प्राप्य राशियाँ, विविध जमा खाते आदि में और भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों से संबंधित बैंक समाधान में पुरानी बकाया प्रविष्टियों के समुचित समायोजन के लिए नियमित पुनरीक्षा की जाती है।

डी) कुछ शाखाओं में अनुषंगी बहियों/रजिस्टरों का तुलन और सामान्य बहियों के साथ लेखा समाधान प्रगति पर है। प्रबंधन की राय में खातों पर उपर्युक्त विषयों का परिणामी वित्तीय प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं होगा।

5. अचल आस्तियां

मूल संस्था:

5.1

बैंक के परिसर में भूमि शामिल है तथा इसे पूनर्मूल्यांकित राशि पर लिया गया है। बैंक ने 28.02.2022 को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अपने परिसर का पुनर्मूल्यांकन अनुमोदति बाह्य मूल्यांककों द्वारा उचित बाज़ार मूल्य पर किया है। परिसर के पुनर्मूल्यांकन की राशि में रु. 599.48 करोड़ की वृद्धि हुई है, जिसे ''पूनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते'' में जमा किया गया।

वर्ष 2021–22 के लिए व्यय के तहत ₹147.27करोड़ की राषि (पिछले वर्ष –₹149.63 करोड़) मूल्यह्रास हेतु प्रभारित किया गया तथा और ₹140.24 करोड़ की राशि (पिछले वर्ष ₹142.87 करोड़) के पुनर्मूल्यांकित अंश पर मूल्यह्रास को ''पूनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते'' में समायोजित किया गया।

5.2 निम्नलिखित संपत्तियों के लिए पंजीकरण औपचारिकताएं पूरी की जानी बाकी हैं :

परिसर में 8.38 करोड़ (विगत वर्ष 8.38 करोड़ मूल्य की 9 (7+2*) संपत्तियाँ) मूल्य की 9 (7+2*) संपत्तियाँ हैं जिनकी मूल / पुनर्मूल्यांकन बुक वैल्यू 66.74 करोड़ रुपये (विगत वर्ष – 59.74करोड़ रुपये), निवल मूल्यह्रास 1.46 करोड़ रुपये (विगत वर्ष 1.40 करोड़ रुपये) है, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया लंबित है।

* हैदराबाद में रुपये 1.61 करोड़ की लागत की संपत्ति, जहां यूएलसी प्राधिकरण के समक्ष मंजूरी लंबित है और चेन्नै में रुपये 2.32 करोड़ रुपये की लागत की सम्पत्ति है, जहां डीआरएटी ने अंतरिम रोक लगायी है।

5.3 आरक्षितियों में कमी : (₹ करोड़ में)

आरक्षितियां	आहरित राशि		उद्देश्य
वर्ष	2021-22	2020-21	
पुनर्मूल्यन आरक्षित	143.42	142.87	परिसर के पुनर्मूल्यांकित भाग पर मूल्यह्रास *

* एएस–10 मानकों के प्रावधानों के अनुसार राशि को राजस्व रिज़र्व खाते में जमा किया गया।

6. कोविड–19 उपाय

दुनिया भर में कोविड–19 के प्रसार के परिणामस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में गिरावट आई और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई। इस स्थिति में, हमें लगातार चुनौतियां मिल रही हैं और बैंक सभी मोर्चों पर उनका चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। यह अनिश्चितता जारी है तथा स्थिति का निरंतर मूल्यांकन कर रहा है। कोविड –19 महामारी, बैंक के परिणामों को किस हद तक प्रभावित करेगी, यह भविष्य में विकसित होने वाले कारोबारी माहौल पर निर्भर करेगा। कोविड–19 महामारी बैंक के परिणामों को किस हद तक प्रभावित करेगी, यह भविष्य के अत्यधिक अनिश्चित घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। प्रदत्त कार्यशील पूंजी चक्र और कम नकदी प्रवाह बैंक के लिए प्रमुख चुनौतियां होंगी। बैंक की पूंजी और नकदी की स्थिति मजबूत है तथा इस अवधि के दौरान भी यह बैंक का मुख्य क्षेत्र बना रहेगा

7. कराधान

मूल संस्था :

7.1 वर्ष के दौरान आयकर हेतु प्रावधान : (₹ करोड़ में)

विवरण	2021-22	2020-21
कराधान के लिए प्रावधान (स्थगित कर सहित आयकर)	-740.59	-99.10

31.03.2022 को विवादित आयकर मांग रू 3953.36 करोड़ (पिछले वर्ष रू 3953.36 करोड़) है, आकस्मिक देयताएँ के तहत भी शामिल किया गया जिसमें से 31.03.2022 तक विवादित आयकर का भुगतान रू 9187.03करोड़ (पिछले वर्ष रू 7584.17करोड़) है। पहले की अवधि के लिए विदेशी शाखाओं से संबंधित आय के मामले में 275 करोड़ रुपये की राशि, जिसके लिए बैंक ने चालू वर्ष के दौरान प्रावधान किया है, को छोड़कर न्यायिक उद्घोषणाओं तथा बैंकों स्वयं के मामले में अनुकूल निर्णयों के कारण कथित विवादित मांगों पर कोई बैंक द्वारा कोई प्रावधान करना आवश्यक नहीं समझा गया।

7.2 अनुषंगी कंपनियां:

7.2.1 इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि

ए. इस वर्ष में कर के लिए रु. 143.40 लाख का निवल प्रावधान किया गया है।

बी. विषयों पर न्यायिक निर्णयों और/या विधिक राय को ध्यान में रखते हुए आयकर की विवादित मांगों के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

सी. इस वर्ष के लिए स्थगित कर (निवल) हेतु रु. 11.77 लाख का प्रावधान है (पिछले वर्ष– रु. 70.49 लाख) तथा इसे लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया गया है।

डी. पूर्व अवधि के कर : शून्य

7.2.2 इंडबैंक हाऊसिंग लिमिटेड

ए. भ्रामक अनिश्चितता के आधार पर अनवशोषित मूल्यह्रास और भावीकर–योग्य आय के विरुद्ध समंजन के लिए अगले लाभ से घाटा–पूर्ति को स्थगित कर आस्ति के रूप में नहीं माना गया है।

बी. आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 1999–2000 के लिए ब्याज सहित रू 4.32 करोड के लिए एक मांग नोटिस भेजा है। यह मांग उपचय आधार पर गैर निष्पादक आस्तियों पर आय को ध्यान में लेते हुए भेजी गई है जिसे एनएचबी के दिशानिर्देशों के अनुसार आय के रूप में पहचाना नहीं जा सकता है। कंपनी ने इस मांग के विरुद्ध विवाद करते हुए माननीय मद्रास हाईकोर्ट के समक्ष अपील दायर की है जहाँ यह मामला अभी लंबित है।

8. समेकित नकदी प्रवाह विवरण (एएस–3)

(₹ करोड़ में)

	समाप्त वर्ष	
विवरण	**31.03.2022**	**31.03.2021**
लाभ व हानि खाते के अनुसार निवल लाभ	**4144.19**	**3150.58**
निम्नलिखित हेतु समायोजन :		
अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान	8446.60	7318.39
निवेश के लिए प्रावधान	453.75	427.68
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	961.57	469.40
कर के लिए प्रावधान	(731.02)	(90.38)
अन्य प्रावधान और आकस्मिकताएं	3.81	279.65
अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास	600.86	636.90
पूंजी लिखत पर ब्याज	749.59	643.98
भूमि और भवनों की बिक्री पर हानि / (लाभ)	(3.05)	0.42
आयकर का भुगतान	(12.18)	(19.72)
कार्यशील पूँजी परिवर्तनों के पूर्व परिचालनगत लाभ	**14614.12**	**12816.90**
परिचालनगत आस्तियों में वृद्धि / कमी		
निवेशों में (वृद्धि) / कमी	1337.08	(15380.42)
अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी	(34967.37)	(30252.79)
अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी	4947.50	(2161.93)
	(28682.79)	**(47795.14)**
परिचालनगत देयताओं में वृद्धि / कमी		
जमाओं में वृद्धि / (कमी)	55541.08	49525.72
उधार में वृद्धि / (कमी) (पूंजीगत लिखत के अलावा)	(7009.92)	(6778.19)
अन्य देयताओं में वृद्धि / (कमी)	(5712.16)	9461.63
	42819.00	**52209.16**
परिचालन (ए) से सृजित निवल नकदी	**28750.33**	**17230.92**
निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
अचल आस्तियों की खरीद	(323.09)	(560.44)
अचल आस्तियों की बिक्री	18.40	15.56
निवेश गतिविधियों से सृजित निवल नकदी (बी)	**(304.69)**	**(544.88)**
वित्तपोषण गतिविधियों से कुल नकदी प्रवाह		
लाभांश का भुगतान	(249.09)	0.00
वितरण कर का भुगतान	0.00	0.00
एटी–1 बांड जारी करना	0.00	2000.00
टियर – 2 बांड जारी करना	0.00	2000.00

एटी 1 बांड का मोचन	0.00	(500.00)
टियर 2 बांडों का मोचन	(600.00)	(1000.00)
पूंजी लिखत पर ब्याज	(782.48)	(631.94)
शेयर की ओर प्राप्त पूंजी	1650.00	0.00
ई–एबी शेयरधारक को भुगतान की गई राशि (अंश भाग के लिए)	0.00	(2.51)
वित्तपोषण गतिविधियों से सृजित निवल नकदी (सी)	**18.43**	**1865.55**
समामेलन के कारण प्राप्त नकदी एवं नकदी समकरण/तुल्य	0.00	21777.86
नकदी और नकदी समकरणों में निवल वृद्धि/(कमी) (ए) + (बी) + (सी) + (डी)	28464.07	40329.45
वर्ष के प्रारंभ में नकदी व नकदी तुल्य (डी)		
हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोट सहित)	1658.38	1006.09
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चालू खाते में शेष	25886.80	4730.04
बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	116.03	8.86
(बी) अन्य जमा खातों में	2065.07	721.65
बैंकों में मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	8900.00	2100.00
भारत के बाहर बैंकों में शेष		
(ए)चालू खातों में	1577.68	530.93
(बी) अन्य जमा खातों में	11270.83	2068.49
मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	29.36	8.64
	51504.15	**11174.70**
वर्ष के अंत में नकदी व नकदी तुल्य		
हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोट सहित)	1962.45	1658.38
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चालू खाते में शेष	22092.01	25886.80
बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	30.64	116.03
(बी) अन्य जमा खातों में	1413.81	2065.07
बैंकों में मांग एवं अल्प सूचना पर राशियां	34500.20	8900.00
भारत के बाहर बैंकों में शेष		
(ए)चालू खातों में	503.98	1577.68
(बी) अन्य जमा खातों में	19453.09	11270.83
मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	12.04	29.36
	79968.22	**51504.15**
नकद और नकद समकक्ष प्रारम्भ और अंत में अंतर	28464.07	40329.45

9. स्टाफ को प्रदत्त लाभ (एएस 15)

9.1. मूल संस्था

9.1.1 परिभाषित अंशदान योजनाएँ :

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुननेवालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राशि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2021.22 के दौरान बैंक ने ₹1.14 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 1.07 करोड़) का अंशदान दिया है।

नई पेंशन योजना (एनपीएस) उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी बैंक में भर्ती 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व–निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2021.22 के दौरान, बैंक ने ₹255.18 करोड़ (पिछले वर्ष ₹153.31 करोड़) का अंशदान दिया है।

9.1.2 परिभाषित लाभ योजनाएं :

लेखा मानक–15 (संशोधित) के अनुसरण में अपेक्षित लाभ एवं हानि लेखा और तुलन पत्र में मान्यता दिए गए नियोजनोत्तर लाभ और दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों की संक्षेप में स्थिति निम्नानुसार है :–

निम्न तालिका बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्याकंन के अनुसार परिभाषित लाभ पेंशन योजना और उपदान योजना का आधार निर्धारित करता है।

मूल बीमांकक अनुमान (भारित औसतों के रूप में व्यक्त)	31/03/2022	31/03/2021
बट्टे की दर –जी –सेक रेट	पेंशन एवं उपदान के लिए 7.27% – 15 वर्ष जी–सेक पेपर	पेंशन के लिए 6.87% – 15 वर्ष जी–सेक पेपर उपदान के लिए 6.44% – 10 वर्ष जी–सेक पेपर
वेतन बढोत्तरी की दर	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहित)	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहि
पदत्याग की दर	पेंशन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%	पेंशन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर*	7.62% पेंशन के लिए और 7.67% उपदान के लिए	6.89% पेंशन के लिए और 6.86% उपदान के लिए
प्रयुक्त तरीका	परियोजना इकाई जमा (पीयूसी) बीमांकिक तरीका	

* योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर, छुट्टी भुनाई पर लागू नहीं होगी।

भविष्य में होनेवाली वेतन बढोत्तरी का आकलन, मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति और नियोजन बाज़ार में आपूर्ति और मांग जैसे संगत तत्वों को हिसाब में लेते हुए और आईबीए द्वारा संसूचित अधिवर्षिता योजनाओं के निधीयन के दिशानिर्देश के अनुरूप किया जाता है। इस तरह के अनुमान बहुत दीर्घकालिक हैं और सीमित अतीत के अनुभव / तत्काल भविष्य पर आधारित नहीं हैं। अनुभवजन्य साक्ष्य यह भी बताते हैं कि बहुत लंबे समय में, लगातार उच्च वेतन वृद्धि दर संभव नहीं है।

छुट्टी भुनाई की देयताएँ गैर–निधिक होती हैं।

(₹ करोड़ में)

II. बाध्यता के वर्तमान मूल्य (पीवीओ) में परिवर्तन – प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	**पेंशन निधि**		**उपदान निधि**		**छुट्टी की भुनाई**	
	2021-22	**2020-21**	**2021-22**	**2020-21**	**2021-22**	**2020-21**
वर्ष की शुरुआत में पीवीओ	**15319.48**	**13995.78**	**1848.22**	**1868.46**	**977.42**	**826.09**
ब्याज लागत	**1047.85**	**914.67**	**110.19**	**120.53**	**59.12**	**53.97**
वर्तमान सेवा लागत	250.19	229.80	69.21	105.33	175.72	174.38
विगत सेवा लागत – पहचानी गई / निहित लाभ	0.00	0	0.00	0	0.00	0
विगत सेवा लागत – न पहचानी गई /अनिहित लाभ	0.00	0	0.00	0	0.00	0
प्रदत्त लाभ	-1812.10	-1363.65	-274.20	-223.04	-284.86	-69.4
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	1741.31	1542.88	30.26	.23.06	77.35	.7.62
वर्ष की समाप्ति पर पीवीओ	**16546.73**	**15319.48**	**1783.68**	**1848.22**	**1004.75**	**977.42**

(₹ करोड़ में)

III. योजना आस्तियों के उचित मूल्य में परिवर्तन – प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	14961.61	13918.80	1897.26	1929.03	0.00	0
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	1132.00	1104.42	136.42	126.42	0.00	0
अंशदान	1599.55	1495.93	36.86	50.7	284.86	215.94
प्रदत्त लाभ	-1812.10	-1363.65	-274.20	-223.04	-284.86	-215.94
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	12.57	193.89	6.41	14.15	0.00	0
वर्ष की समाप्ति पर योजना आस्तियों का उचित मूल्य	**15893.63**	**14961.61**	**1802.75**	**1897.26**	**0.00**	**0**

(₹ करोड़ में)

IV. योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	1132.00	1104.42	136.42	126.42	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ/(हानि)	12.57	-193.39	6.41	14.15	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	**1144.57**	**910.53**	**142.83**	**140.57**	**0.00**	**0.00**

(₹ करोड़ में)

V. पहचाना गया बीमांकिक लाभ/हानि	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) – बाध्यता	-1741.31	-1542.88	-30.26	-23.06	-77.35	7.62
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) – डीबीओ में वित्तीय धारणा में बदलाव के कारण	0.00	0	0.00	0	0.00	0
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि)–योजना आस्तियां	12.57	-193.89	6.41	-14.15	0.00	0
वर्ष के लिए कुल लाभ/(हानि)	-1728.74	-1736.77	-23.85	-37.21	-77.35	7.62
वर्ष के दौरान पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	**-1728.74**	**-1736.77**	**-23.85**	**-37.21**	**-77.35**	**7.62**
वर्ष के अंत में न पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	0.00	0	0.00	0	0.00	0
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	-1728.74	-1736.77	-23.85	-37.21	-77.35	7.62

(₹ करोड़ में)

VI. तुलन पत्र में पहचानी गयी राशियां और संबंधित विश्लेषण	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	16546.73	15319.48	1783.68	1848.22	1004.75	977.42
योजना आस्तियों का उचित मूल्य	15893.63	14961.61	1802.75	1897.26	0	0
अन्तर. निवल (देयता) / तुलन पत्र में पहचानी गई आस्ति	-653.10*	-357.87	19.07	49.04	1004.75	977.42
पहचान न की गयी संक्रमणकालीन देयता	0.00	0	0.00	0.00	0.00	0
पहचान न की गयी विगत सेवा लागत	0.00	0	0.00	0.00	0.00	0
तुलन पत्र में पहचानी गयी देयता	**-653.10***	**-357.87**	**19.07**	**49.04**	**1004.75**	**977.42**

***फैमिली पेंशन नियमों में परिवर्तन के कारण प्रावधान शामिल है**

(₹ करोड़ में)

VII. लाभ एवं हानि लेखा में पहचाने गये व्यय	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
वर्तमान सेवा लागत	250.19	229.79	69.21	105.33	175.72	174.38
ब्याज लागत	1047.85	914.67	110.19	120.53	59.12	53.97
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	-1132.00	-1104.42	-136.42	-126.42	0	0.00
निवल बीमांकिक (लाभ)/ हानि जो इस वर्ष में पहचानी गयी है	1728.74	1736.77	23.85	-37.21	77.35	7.62
इस वर्ष में पहचानी गयी संक्रमणकालीन देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विगत सेवा लागत – पहचानी गई	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
लाभ एवं हानि लेखे में पहचाने गये व्यय	**1894.78**	**1776.82**	**66.83**	**62.23**	**312.19**	**220.73**

(₹ करोड़ में)

VIII. तुलन पत्र में पहचानी गयी देयताओं में परिवर्तन	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
निवल देयता का आरंभिक शेष	-357.87	-76.98	49.04	60.57	-977.42	-826.09
उपर्युक्तानुसार व्यय	-1894.78	-1776.82	-66.83	-62.23	-312.19	-220.73
प्रदत्त अंशदान	1599.55	1495.93	36.86	50.7	284.86	69.4
निवल देयता का अंत शेष	**-653.10**	**-357.87**	**19.07**	**49.04**	**-1004.75**	**977.42**

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (i) पिछले वर्ष 2017–22 छुट्टी भुनाई	.....को समाप्त वर्ष					
	31-03-2017	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2022
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	5925.15	6245.89	6520.32	6801.96	15319.48	16546.73
योजना आस्तियां	5841.36	6146.80	6418.93	6697.41	14961.61	15893.63
अधिशेष (घाटा)	-83.79	-99.09	-101.39	-104.55	357.87	-653.10
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-626.82	-704.39	-335.65	-449.25	1542.88	-1741.31
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	**27.73**	**10.93**	**.8.58**	**13.32**	**193.89**	**12.57**

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (ii) पिछले वर्ष 2017–22 – उपदान	.....को समाप्त वर्ष					
	31-03-2017	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2022
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	900.9	964.99	923.85	928.98	1848.22	1783.68
योजना आस्तियां	876.81	932.55	910.66	896.4	1897.26	1802.75
अधिशेष (घाटा)	-24.09	-32.44	-13.19	-32.58	49.04	19.07
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	.87.34	-36.2	-2.11	-61.22	23.06	107.08
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	**-1.36**	**22.12**	**-0.38**	**2.71**	**14.15**	**6.41**

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों / देयताओं पर अनुभव समायोजन (iii) पिछले वर्ष 2017–22 छुट्टी की भुनाई	.....को समाप्त वर्ष					
	31.03.2017	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2022
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	171.21	179.51	188.21	210.29	977.42	1004.75
योजना आस्तियां	0	0	0	0	0	0.00
अधिशेष (घाटा)	-171.21	-179.51	-188.21	-210.29	977.42	-1004.75
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि) / लाभ	-3.01	10.18	7.58	17.71	7.62	-77.35
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि) / लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00

X. योजना आस्तियों के मुख्य संवर्ग (कुल योजना आस्तियों के प्रतिशत में)	2021-2022		2020-2021	
	पेंशन निधि	उपदान निधि	पेंशन निधि	उपदान निधि
भारत सरकार और राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ	32.38%	23.42%	36.76%	28.00%
उच्च गुणवत्तावाले कार्पोरेट बांड / पीएसयू बॉण्ड	13.42%	12.21%	15.64%	12.98%
विशेष जमा योजना	0.06%	0.04%	0.06%	0.00%
बीमाकर्ता द्वारा प्रबंधित निधियाँ	53.98%	64.11%	47.21%	58.60%
निजी क्षेत्र के बॉण्ड	0.16%	0.22%	0.33%	0.42%
मनी मार्केट			-	-
कुल	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**

(₹ करोड़ में)

XI. अगले वर्ष के दौरान अंशदान**	पेंशन निधि	उपदान राशि	अर्जित छुट्टी
अगले वर्ष के दौरान उद्यम के योगदान का सर्वोत्तम अनुमान	1300	50	300

9.1.3 अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों के लिए ₹48.43 करोड़ की राशि (गत वर्ष ₹ 50.12 करोड़) का प्रावधान किया गया है तथा इसे लाभ एवं हानि लेखा में "कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान" शीर्ष के तहत शामिल किया गया है।

वर्ष के दौरान विभिन्न दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों हेतु बनाए गए प्रावधान / (अवलिखित) अतिरिक्त प्रावधानों का विवरण:

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ	2021-22	2020-21
1.	बीमारी छुट्टी	1.84	15.28
2.	आकस्मिक छुट्टी	0.09	0.16
3.	छुट्टी यात्रा रियायत	46.50	34.68
	कुल	**48.43**	**50.12**

क्र.सं.	दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ	01.04.2021 को प्रारंभिक शेष	2021.22 का व्यय	2021.22 में वृद्धि	31.03.2022 को अंतिम शेष
1	बीमारी छुट्टी	22.66	3.04	4.87	24.49
2	आकस्मिक छुट्टी	0.87	0.38	0.48	0.97
3	छुट्टी यात्रा रियायत	69.92	32.75	46.50	83.67
	कुल	**93.45**	**36.17**	**51.85**	**109.13**

नोट : शामिल प्रकटीकरण, बीमांकक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना की सीमा तक सीमित है।

9.2 अनुषंगी कंपनियां

9.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

परिभाषित अंशदान योजना

परिभाषित अंशदान योजना हेतु अंशदान जिसे वर्ष के लिए व्यय माना गया, निम्न प्रकार प्रस्तुत है :

(₹ करोड़ में)

विवरण	2021.22	2020.21	2019.20
भविष्य निधि को नियोक्ता का अंशदान	4763140	4503279	3956245

परिभाषित लाभ योजना

I) परिभाषित लाभ बाध्यता के प्रारंभिक शेष और अंतिम शेष का लेखा समाधान

(₹ करोड़ में)

विवरण	उपदान (निधिक)		विवरण (गैर–निधिक)	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
वर्ष के आरंभ में परिभाषित लाभ बाध्यता	15294514	14477169	9559705	9175621
वर्तमान सेवा लागत	1336060	1245412	453039	418454
ब्याज लागत	1014041	915972	632013	588067
बीमांकिक (लाभ)/ हानि	1476701	(104445)	2433748	(64441)
प्रदत्त लाभ	(895281)	(1239594)	(612432)	(557996)
निपटान लागत	-	-	-	-
वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ बाध्यता	18226005	15294514	12466073	9559705

II) योजना आस्तियों के अथशेष व इतिशेष के उचितमूल्य का लेखा समाधान

(₹ करोड़ में)

विवरण	उपदान (निधिक)	
	2021-22	2020-21
वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचितमूल्य	15598048	11607030
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिफल	(1139501)	867210
अंशदान	3066712	4264874
बीमांकिक (लाभ)/ हानि	(23,223)	98528
प्रदत्त लाभ	(895281)	(1239594)
निपटान लागत	-	-
वर्ष के अंत में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	16606755	15598048
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	1499924	(202973)

III) आस्तियों व बाध्यताओं के उचित मूल्य का लेखा समाधान

(₹ करोड़ में)

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी की भुनाई (गैर–निधिक)	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
योजना आस्तियों का उचितमूल्य	18226005	15598048	-	-
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	16606755	15294514	12466073	9559705
तुलन–पत्र में अभिज्ञात राशि	(1619250)	303534	(12466073)	(9559705)

IV) वर्ष के दौरान अभिज्ञात व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी की भुनाई (गैर–निधिक)	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
वर्तमान सेवा लागत	1336030	1245412	453039	418454
ब्याज लागत	1014041	915972	632013	588067
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	1139501	867210	-	-
बीमांकक (लाभ) /हानि	1499924	(202973)	2433748	(64441)
निवल लागत	2710494	1091201	12466073	9559705

V) बीमांकक अनुमान

(₹ करोड़ में)

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी की भुनाई (गैर–निधिक)	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
मृत्यु संख्या सारणी (एलआईसी)	2012-14 (अंतिम)	2012-14 (अंतिम)	2012-14 (अंतिम)	2012-14 (अंतिम)
बट्टादर (प्रतिवर्ष)	6.99%	6.83%	6.99%	6.83%
प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर (प्रतिवर्ष)	6.99%	6.61%	-	-
वेतनवृद्धि दर (प्रतिवर्ष)	5.00%	5.00%	5.00%	5.00%
सेवात्याग दर	7.00%	7.00%	7.00%	7.00%

मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं नियोजन बाजार में आपूर्ति और माँग सहित अन्य संबंधित घटकों को ध्यान में रखते हुए बीमांकक मूल्यांकन के वेतन में वृद्धि की दर का अनुमान लगाया गया है। प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर कतिपय लागू घटकों, मुख्यतः धारित योजना आस्तियों का सम्मिश्रण, निर्धारित जोखिमों, योजना आस्तियों पर प्रतिलाभ के ऐतिहासिक परिणाम और योजना आस्तियों हेतु कंपनी की नीति को ध्यान में रखकर निर्धारित की गई है। इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्त स्टाफ के संबंध में सेवानिवृत्ति लाभ देयता का वहन इंडियन बैंक द्वारा किया जाएगा।

कंपनी ने वर्ष 2021–22 में उपदान देयता की ओर ₹ 29.54 लाख (पिछले वर्ष 23.53 लाख) का अंशदान दिया है।

9.2.2 इंडबैंक हाउसिंग लि.

उपदान निधि की ओर कंपनी की बाध्यता एवं बीमांकक मूल्यांकन के ब्यौरे:

(₹ करोड़ में)

1	कुल विगत सेवा उपदान	**शून्य**
2	विगत सेवा उपदान बीमांकक मूल्य	**शून्य**
3	जीवन बीमा निगम के साथ उपदान निधि	**शून्य**
4	जीवन बीमा निगम को देय अंशदान	**शून्य**
5	वर्ष के दौरान प्रदत्त अंशदान	**शून्य**
6	शेष देय	**शून्य**
7	प्रदत्त जोखिम प्रीमियम एवं सेवाकर	**शून्य**
8	अनुमान बट्टा दर वेतन में वृद्धि का पूर्वानुमान	**अप्रयोज्य**

10. सेगमेंट रिपोर्टिंग (समेकित) (एएस 17)

10.1. सेगमेंट की पहचान

प्राथमिक (कारोबार खंड)

बैंक के प्राथमिक खंड निम्नलिखित हैं :–

- राजकोष
- कॉर्पोरेट / थोक बैंकिंग
- खुदरा बैंकिंग
- अन्य बैंकिंग व्यवसाय

बैंक की वर्तमान लेखा और सूचना प्रणाली उपरोक्त खंडों के संबंध में अलग–अलग से डेटा प्राप्त करने और निकालने का समर्थन नहीं करती है। हालाँकि, वर्तमान आंतरिक, संगठनात्मक और प्रबंधन रिपोर्टिंग संरचना और उनके जोखिम और विवरणियों की प्रकृति के आधार पर, प्राथमिक खंडों के डेटा की गणना निम्नानुसार की गई है:

I राजकोष –

राजकोष खंड में संपूर्ण संविभाग निवेश और विदेशी मुद्रा संविदाओं और व्युत्पन्न संविदाओं में व्यापार शामिल है। राजकोष खंड के राजस्व में मुख्यतः संविभाग निवेश पर व्यापार संचालन और ब्याज आय से शुल्क और लाभ या हानि शामिल होती है।

ii कॉर्पोरेट / थोक बैंकिंग

कॉरपोरेट/थोक बैंकिंग खंड में कॉर्पोरेट खाता समूह, वाणिज्यिक ग्राहक समूह और दबावग्रस्त आस्तियां संकल्प समूह की उधार गतिविधियां शामिल हैं। इसमें कॉर्पोरेट और संस्थागत ग्राहकों को ऋण और लेनदेन सेवाएं प्रदान करना शामिल है और इसके अलावा विदेशी कार्यालयों के गैर–कोषागार संचालन शामिल हैं।

iii खुदरा बैंकिंग

खुदरा बैंकिंग खंड में खुदरा शाखाएँ, जिसमें मुख्य रुप से बैंकिंग संबंध रखने वाले कॉर्पोरेट ग्राहकों के साथ उधार गतिविधियों सहित व्यक्तिगत बैंकिंग गतिविधियाँ, शामिल हैं। इस खंड में एजेंसी व्यवसाय और एटीएम भी शामिल हैं।

iv अन्य बैंकिंग व्यवसाय

उपरोक्त (i) से (iii) के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किए गए खंडों को इस प्राथमिक खंड के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

II द्वितीयक (भौगोलिक खण्ड)

I देशी परिचालन – भारत में संचालन करने वाली शाखाएँ / कार्यालय

ii विदेशी परिचालन – भारत के बाहर संचालन करने वाली शाखाएं/कार्यालय और भारत में संचालन करने वाली ऑफशोर बैंकिंग इकाइयां

III व्यय, आस्ति और देयताओं का आबंटन

कॉर्पोरेट केंद्र के प्रतिष्ठानों पर किए गए व्यय सीधे कॉर्पोरेट / थोक और खुदरा बैंकिंग संचालन या राजकोष संचालन खंड के लिए स्त्रोतजन्य हैं, तदनुसार आबंटित किए जाते हैं। व्यय, सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य नहीं है, उन्हें प्रत्येक खंड में खंड आस्ति के अनुपात के आधार पर या सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य व्यय में आबंटित किया जाता है। बैंक के पास कुछ सामान्य आस्तियां और देयताएं हैं, जिन्हें किसी भी खंड के लिए स्त्रोतजनक नहीं ठहराया जा सकता है, और उन्हें असंबद्ध माना जाता है।

10.2 समेकित खंड सूचना

(₹ करोड़ में)

भाग ए व्यापार खण्ड	राजकोष		कार्पोरेट/थोक बैंकिंग		खुदरा बैंकिंग		अन्य बैंकिंग परिचालन		कुल	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
राजस्व	13 767.26	13 573.27	16 082.40	17 708.42	15 415.12	13 021.62	1 003.37	916.17	46 268.15	45 219.48
परिणाम	6 355.67	5 775.50	3 079.29	2 843.03	2 938.78	2 084.26	411.62	288.61	12 785.36	10 991.40
अनाबंटित व्यय									9 522.49	8 066.06
परिचालनगत लाभ									3 262.87	2 925.34
अल्पसंख्यक हित									2.38	1.43
अन्य अनाबंटनीय आय									150.30	134.86
आय कर									(731.02)	(90.38)
अपवाद स्वरूप मदें									0.00	0.00
निवल लाभ									4141.81	3149.15
अन्य जानकारी										
खण्डीय आस्तियां	2 40 001.83	2 09 281.25	215 377.81	2 33 418.56	2 06 008.16	171 257.10	2 382.36	2 071.68	6 63 770.16	6 16 028.59
अनाबंटित आस्तियां									10 326.27	9 506.58
कुल आस्तियां									6 74 096.43	6 25 535.17
खण्डीय देयताएं	2 24 383.64	1 96 386.55	201362.03	2 19 036.66	1 92 602.11	160 705.23	1 185.25	1 059.97	6 19 533.03	5 77 188.41
अनाबंटित देयताएं									9 611.47	8 888.69
आरक्षित पूंजी व अधिशेष									44 951.93	39 458.07
कुल देयताएं									6 74 096.43	6 25 535.17

भाग बी–भौगोलिक खण्ड						
	देशी		अंतर्राष्ट्रीय		कुल	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
राजस्व	45 960.46	44 892.23	307.69	327.25	46 268.15	45 219.48
आस्तियां	6 52 421.69	6 11 117.34	21 674.74	14 417.83	6 74 096.43	6 25 535.17

जहां प्रत्यक्ष आबंटन संभव नहीं है, खण्डीय राजस्व और व्ययों को खण्डीय आस्तियों के आधार पर प्रभाजित किया गया है।

जहाँ भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आँकडों को पुनःसमूहित किया गया है।

11. संबंधित पार्टी प्रकटीकरण (एएस 18)

11.1 मूलसंस्था

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	समाप्ति की तारीख
सुश्री पद्मजा चुन्डूरू	भूतपूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी	21.09.2018	01.09.2021
श्री शांति लाल जैन	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी	01.09.2021	
श्री शेणॉय विश्वनाथन वी.	कार्यपालक निदेशक	01.12.2018	01.04.2022
श्री के. रामचंद्रन	भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक	01.04.2020	01.07.2021
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी	कार्यपालक निदेशक	10.03.2021	
श्री अश्वनी कुमार	कार्यपालक निदेशक	21.10.2021	

गैर–कार्यकारी निदेशकों की शेयरधारिता :

क्र.सं.	गैर–कार्यकारी निदेशक का नाम	पदनाम	धारित शेयर की संख्या
1	डॉ. भरत कृष्ण शंकर	शेयरधारक निदेशक	300
2	सुश्री पापिया सेनगुप्ता	शेयरधारक निदेशक	200

संबंधित पार्टी लेनदेन निम्नानुसार हैं :

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को वर्ष के दौरान रुपये 172.37 लाख पारिश्रमिक के रूप में भुगतान किए गए हैं (गत वर्ष रुपए 102.52 लाख)

विवरण	2021-2022	2020-2021
सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, भूतपूर्व एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.08.2021)	₹ 40.30 लाख	₹ 30.46 लाख
श्री शांति लाल जैन, एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.09.2021 से 31.03.2022)	₹ 20.27 लाख	..
श्री एम के भट्टाचार्य, भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक	..	₹ 18.16 लाख
श्री शेणॉय विश्वनाथ वी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.03.2022)	₹ 32.76 लाख	₹ 26.22 लाख
श्री के रामचन्द्रन, भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 30.06.2021)	₹ 30.19 लाख	₹ 2.21 लाख
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.03.2022)	₹ 30.00 लाख	₹1.47 लाख
श्री अश्वनी कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.10.2021 से 31.03.2022)	₹ 18.85 लाख *	..

* ₹. 5.11 लाख आवास भत्ता सहित

सम्बद्ध पार्टी से संबंधित अन्य प्रकटीकरण निम्नानुसार हैं:

(₹ लाख में)

मद / सम्बद्ध पार्टी	मूलसंस्था (स्वामित्व या नियंत्रण के अनुसार)	सहयोगी / संयुक्त उद्यम	कुल
सेवाओं का प्रतिपादन	1528.82*	26.16	1528.82*
सेवाओं की प्राप्ति	26.16	1528.82*	26.16

इंडियन बैंक की बीमा पॉलिसियों से संबंधित बैंक के संयुक्त उद्यम, यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 1384.52 लाख रुपये की कमीशन आय शामिल है।

लेखा मानक (एएस) 18 के अनुच्छेद 9 के अनुसार संबंधित पक्षों जो "सरकार–नियंत्रित उद्यम" हैं के संबंध में कोई प्रकटीकरण आवश्यक नहीं है । एएस 18 के अनुच्छेद 5 के अनुसार, बैंकर–ग्राहक संबंध के तहत लेनदेन का प्रकटीकरण नहीं किया गया है जिसमें मुख्य प्रबंधन कर्मियों और उनके रिश्तेदार शामिल हैं।

11.2 अनुषंगी कंपनीः

11.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि.

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक :

प्रबंधकीय पारिश्रमिक : (₹ लाख में)

नाम	पदनाम		2021-22	2020-21
श्री शेषासाई पी एल वी के	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक (27.06.2020 तक)	वेतन	-	3.96
		भविष्य निधि को अंशदान	-	0.20
श्री वी हरीबाबू	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक/सीएफ़ओ निदेशक (28.02.2022 से 03.09.2021 तक)	वेतन	12.74	-
		भविष्य निधि को अंशदान	0.73	-
श्री ए राजारामन	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक (30.11.2021 तक)	वेतन	13.70	10.60
		भविष्य निधि को अंशदान	0.86	0.73
श्री यू राजकुमार	उपाध्यक्ष एवं सीएफओ (02.09.2021 तक)	वेतन	4.65	10.40
		भविष्य निधि को अंशदान	0.35	0.79
सुश्री चित्रा एम ए	कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी (29.01.2022 से)	वेतन	2.20	-
		भविष्य निधि को अंशदान	0.24	-
श्री वी बालामुरुगन	कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी (28.01.2022 तक)	वेतन	6.88	6.62
		भविष्य निधि को अंशदान	0.72	0.81
गैर–पूर्णकालिक स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान किया गया बैठक शुल्क			4.68	2.74

कंपनी के अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है तथा उन्हें उपर्युक्त बैंक के सेवानियम के अनुसार व कंपनी के शेयरधारकों द्वारा ''पूर्णकालिक निदेशक'' के रूप में नियुक्ति की शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

कंपनी के उपाध्यक्ष और सीएफओ इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर हैं और उन्हें उपर्युक्त बैंक के सेवानियमों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी को सीधे कंपनी द्वारा भर्ती किया गया है और उन्हें कंपनी द्वारा दिए गए रोजगार की पेशकश की शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

11.2.2 इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड

कंपनी के प्रबंध निदेशक इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है तथा वह अपना पारिश्रमिक उस कंपनी के अध्यक्ष के रूप में इंडबैंक मर्चेन्ट बैंकिंग सर्विस लिमिटेड से प्राप्त करते हैं। अतः इस कंपनी द्वारा पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है।

अन्य संबंधित पार्टियाँ सरकार नियंत्रित उद्यम हैं और इस कारण एएस–18 के पैराग्राफ 9 के अनुसार कोई प्रकटीकरण अपेक्षित नहीं है। एएस–18 के पैराग्राफ 5 के अनुसार बैंकर–ग्राहक संबंध के लेनदेनों को प्रकट करना अपेक्षित नहीं है।

12. पट्टा(एएस 19)

12.1 मूल संस्था

ए. पट्टे / किराए आधार पर ली गई परिसंपत्तियों के संबंध में, बैंक के विकल्प के अनुसार उन्हें नवीकृत / रद्द किया जा सकता है।

बी. बैंक द्वारा किए गए पट्टे करार, आपस में सहमत अवधि के लिए हैं जिसमें लिखित रूप से सहमत कैलण्डर महीनों की नोटिस देने के जरिए पट्टे की अवधि के दौरान भी उसे समाप्त किया जा सकता है।

सी. परिचालनगत पट्टों के लिए प्रदत्त पट्टा किराए को, जिस वर्ष से संबन्धित है, उसी वर्ष में लाभ एवं हानि लेखे में व्यय के रूप में पहचाना जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान पहचाना गया पट्टा किराया ₹ 417.00 करोड़ है। (विगत वर्ष – 440.41 करोड़ ₹)।

डी. वित्त पट्टा

वित्त पट्टे पर प्राप्त आस्ति में भूमि और भवन शामिल हैं। पट्टों की एक प्राथमिक अवधि होती है, जो निश्चित और गैर–रद्द होती है। बैंक के पास द्वितीयक अवधि के लिए पट्टे को नवीनीकृत करने का विकल्प है।

वित्त पट्टा के तहत आवश्यक आस्तियों के संबंध में न्यूनतम पट्टे के किराये और न्यूनतम पट्टे के भुगतान का वर्तमान मूल्य निम्नानुसार हैं:

विवरण	न्यूनतम पट्टे का भुगतान		न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	
	31 मार्च 2022 को	31 मार्च 2021 को	31 मार्च 2022 को	31 मार्च 2021 को
1 वर्ष के पूर्व देय	0	0	0	0
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्षों के पूर्व देय	0	0	0	0
5 वर्षों के बाद देय	0	0	0	0
कुल	0	0	0	0
घटाएं : भविष्य के वित्तीय प्रभार				
न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	0	0	0	0

12.2 सहायक कंपनियां

12.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

पट्टे पर ली गई संपत्ति के मामले में

कंपनी के पास मूल संस्था के विभिन्न स्थानों पर कार्यालय परिसर सहित परिचालन पट्टे हैं। वर्ष के अंत में गैर–रद्द करने योग्य परिचालन पट्टों के तहत भविष्य के लिए आवश्यक न्यूनतम भुगतान निम्नानुसार हैं :

विवरण	31.03.2022 तक	31.03.2021 तक
वर्ष के लिए लीज भुगतान	21.71	24.59
न्यूनतम लीज भुगतानः 1 वर्ष के पूर्व देय	0.00	0.00
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्षों के पूर्व देय	0.00	0.00
5 वर्षों के बाद देय	0.00	0.00

13. प्रति शेयर अर्जन (एएस 20)

(₹ लाख में)

विवरण	2021-22	2020-21
ईक्विटी शेयरधारकों हेतु उपलब्ध कर के पश्चात निवल लाभ (रुपए करोड़ में)	4141.81	3149.15
ईक्विटी शेयरों की संख्या	1245441139	1129366570
ईक्विटी शेयरों की भारित संख्या	1218410075	1129366570
प्रति शेयर मूल अर्जन (₹ में)	33.99	27.88
कम की गई आय प्रति शेयर आय (₹ में)	33.99	27.88
प्रति ईक्विटी शेयर अंकित मूल्य (₹ में)	10.00	10.00

14. समेकित वित्तीय विवरण (एएस 21)

समेकित वित्तीय विवरण लेखा मानक (एएस 21) को भारतीय सनदी लेखाकार संस्था (आईसीएआई) द्वारा जारी समेकित वित्तीय विवरणों और ''समेकित वित्तीय विवरण'' को तैयार करने पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के समनुरूप तैयार किए गए हैं।

समेकित वित्तीय विवरण, इंडियन बैंक (मूलसंस्था) के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और उनकी अनुषंगियों जैसे (1) इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड और (2) इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि. के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण पर आधारित है।

31.03.2022 को समेकित आंकड़ों में दो सहयोगियों यथा मेसर्स सप्तगिरी ग्रामीण बैंक और पुदुवै भारतियार ग्रामबैंक के 74.95 करोड़ रुपये का लेखापरीक्षित लाभ शामिल है और ₹ 75.36 करोड रुपय मेसर्स तमिलनाडु ग्राम बैंक का अलेखापरीक्षित लाभ है, ₹ 43.80करोड़ दो संयुक्त उद्यमों अर्थात 1) यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और 2) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड के अलेखा परीक्षित लाभ में हिस्सा है।

15. आय पर करों के लिए लेखांकन (एएस 22)

15.1 मूल संस्था

15.1.1 वर्तमान कर –

चालू वर्ष के दौरान, पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के संचित घाटे को देखते हुए, बैंक ने देशी परिचालन के लिए आयकर का प्रावधान नहीं किया है। चालू वर्ष के दौरान विदेशी शाखाओं में रुपये 12.85 करोड़ के आयकर का प्रावधान किया गया है। चालू वर्ष में किए गए पूर्ववर्ती वर्षों से संबंधित विदेशी शाखाओं पर कर का प्रावधान ₹ 275 करोड़ है । देशी परिचालन के लिए वर्तमान कर की गणना आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार की गई है।

15.1.2 स्थगित कर –

बैंक के पास ₹3872.91 करोड़ का निवल स्थगित कर आस्ति है (विगत वर्ष ₹2844.49 करोड़ का निवल स्थगित कर आस्ति), जिसमें 'अन्य देयताओं और प्रावधानों' के तहत शामिल ₹977.15 करोड़ की स्थगित कर देयताएं (डीटीएल) (विगत वर्ष ₹949.89 करोड़) शामिल हैं और स्थगित कर आस्तियां (डीटीए) ₹4850.06 करोड़ (विगत वर्ष ₹3794.38 करोड़) के तहत शामिल है।

स्थगित कर आस्तियों (डीटीए) / स्थगित कर देयताओं (डीटीएल) के प्रमुख घटक निम्न हैं: (₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2022	31.03.2021
	स्थगित कर आस्तियां		
1	भुगतान/क्रिस्टलाइजेशन पर अनुमेय देयताओं का प्रावधान	219.35	208.53
2	विदेशी मुद्रा लेनदेन रिजर्व (एफ़सीटीआर)	99.08	105.29
3	उपदान के लिए प्रावधान	0.06	0.09
4	अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान	3856.25	3076.11
5	पुनर्रचित आस्तियों, एक्युआर, एस4ए, दबावग्रस्त आस्तियों के लिए प्रावधान	588.06	328.67
6	स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	87.26	75.69
	कुल–डीटीए	**4850.06**	**3794.38**
क्र. सं.	**स्थगित कर देयताए**		
1	स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	44.40	44.41
2	बट्टे खाते लिखे गये खातों हेतु प्रावधान	363.15	363.15
3	स्टाफ कल्याण प्रतिपूर्ति	4.11	4.11
4	धारा 36(i)(viii) के अंतर्गत विशेष रिजर्व	565.49	538.22
	कुल – डीटीएल	**977.15**	**949.89**
	निवल डीटीए /(डीटीएल)	**3872.91**	**2844.49**

15.2 अनुषंगी कंपनियां :

15.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विस लि.

स्थगित कर आस्ति/देयता के मुख्य घटक निम्न हैं। (₹)

	स्थगित कर			
	31.03.2022 को		31.03.2021 को	
	आस्ति	देयताएं	आस्ति	देयताएं
i) मूल्यह्रास–योग्य आस्तियों में समय का अंतर		9355398		14848304
ii) अशोध्य ऋणों व एनपीए के लिए प्रावधान	36142094		44029302	
iii) अन्य	3661463		2444273	
कुल	**39803557**	**9355398**	**46473575**	**14848304**
निवल डीटीए / (डीटीएल)		**30448159**		**31625271**

16.एएस 24 के अन्तर्गत प्रकटीकरण अपेक्षाएं– परिचालन बंद

16.1. अनुषंगी कंपनियां:

16.1.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विस लि.

संसाधन आबंटन के प्रयोजनों और सेगमेंट निष्पादन के आकलन हेतु मुख्य संचालन निर्णय निर्माता (सीओडीएम –निदेशक मंडल) को रिपोर्ट की गई सूचना पूरी तरह से कंपनी पर केंद्रित है। इसलिए, प्रबंधन ने निष्कर्ष निकाला है कि कंपनी के पास केवल एक सेगमेंट है।

कंपनी ने दिसंबर 1997 से लागू हुए सेबी विनियमन के फलस्वरूप निधि आधारित क्रियाकलापों को बंद किया था और केवल शुल्क आधारित क्रियाकलापों को लेने का निर्णय लिया था। दिसंबर 1997 तक विद्यमान निधि आधारित एकस्पोज़र उनकी संविदाकृत अवधि समाप्त होने तक जारी रखे गए हैं। स्थायी जमाओं की पुनः अदायगी और दावा न की गई सावधि जमाओं का आईईपीएफ को अंतरण करने के बाद कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक से एनबीएफसी के रूप में अपना पंजीकरण रद्द किये जाने की अनुमति प्राप्त की है।

17. अनुषंगी कंपनियां:

17.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विस लि.

इंडियन बैंक, मूल संस्था, ने ₹ 897.48 लाख की राशि की चुकौती के लिए 3 साल की अधिस्थगन अवधि सितंबर 2013 से सितंबर 2016 तक को मुआविज़ा का अधिकार खंड के तहत 31.03.2017 को समाप्त होने वाले वर्ष से शुरू होने वाली प्रति छमाही ₹ 75 लाख की चुकौती को अधिस्थगन/चुकौती अवधि के लिए बिना किसी ब्याज प्रभार के अनुमोदित किया था। तदनुसार मूलसंस्था बैंक द्वारा अनुमोदित शर्तों के अनुसार 31.03.2021 का समाप्त अर्धवर्ष हेतु कंपनी ने इंडियन बैंक को ₹ 750 लाख चुकौती की है।

18. बैंकएश्यूरेन्स कारोबार

मूल संस्था

बैंक द्वारा विभिन्न बैंकएश्युरेंस/म्युच्युअल फंड उत्पादों की बिक्री/विपणन पर पिछले वर्ष प्राप्त ₹63.98 करोड़ की आय के सापेक्ष वर्तमान वर्ष में ₹85.01 करोड़ के कमीशन इत्यादि का अर्जन किया है।

(₹ करोड़ में)

क्रमांक	आय की प्रकृति	2021-22	2020-21
1.	जीवन बीमा पालिसी की बिक्री के लिए	56.22	38.44
2.	गैर जीवन बीमा पालिसी की बिक्री के लिए	26.42	24.56
3	अन्य – म्यूचुअल फंड उत्पादों की बिक्री के लिए	2.37	0.98
	कुल	**85.01**	**63.98**

19. अतिरिक्त प्रकटीकरण

मूल संस्था

ए) समूह संस्थाओं के बीच अंतर–बैंक/कंपनी की शेष राशि का समाधान निरंतर आधार पर किया जा रहा है। इस तरह के समाधान का चालू वर्ष के लाभ और हानि खाते पर कोई भौतिक प्रभाव अपेक्षित नहीं है।

बी) वर्तमान आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार, समेकित वित्तीय विवरणियों को तैयार करने में आईसीएआई द्वारा जारी सामान्य स्पष्टीकरण पर विचार किया गया है। तदनुसार, मूल संस्था और उसकी सहायक कंपनियों की अलग–अलग वित्तीय विवरणियों में प्रकट की गई अतिरिक्त वैधानिक जानकारी का समेकित वित्तीय विवरणों के सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण पर कोई असर नहीं पड़ता है और साथ ही आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक व्याख्या के मद्देनजर समेकित वित्तीय विवरणियों में उन मदों से संबंधित जानकारी का प्रकटीकरण नहीं किया गया है जो महत्वपूर्ण नहीं हैं।

सी) बैंक के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, बैंक द्वारा पहचानी गई एमएसएमई इकाइयों को बैंक द्वारा कोई बकाया देय नहीं है, जो एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के तहत निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित है तथा वर्ष के दौरान ऐसी पार्टियों के लिए मूल राशि या उस पर ब्याज के विलंबित भुगतान के संबंध में स्वीकृत देयता का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

20. जहां भी आवश्यक हो, चालू वर्ष के आंकडों के अनुरूप बनाने के लिए पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः वर्गीकृत किया गया है।

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

इंडियन बैंक के सदस्यगण

समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट।

अभिमत

1. हमने **इंडियन बैंक ("मूल संस्था / बैंक" के रूप में संदर्भित)** एवं 31 मार्च, 2022 के समेकित तुलन–पत्र में समाहित इसके सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों के अर्जन की हिस्सेदारी सहित इसकी अनुषंगियों, इसी वर्ष की समाप्ति पर समेकित लाभ और हानि लेखों के विवरण व समेकित नकदी प्रवाह विवरण एवं मुख्य लेखांकन नीतियों के सार सहित समेकित वित्तीय विवरणों पर लेखों एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना जिसमें निम्नलिखित शामिल है :

   ए) हमारे द्वारा समीक्षा किए गए बैंक के लेखापरीक्षित विवरण ;

   बी) अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित 2 अनुषंगियों और 2 सहयोगियों के लेखापरीक्षित विवरण ; एवं

   सी) 2 संयुक्त उद्यमों और 1 सहयोगी के अलेखापरीक्षित विवरण ;

उपरोक्त ए), बी) व सी) संस्थाओं को एक साथ समूह के रूप में संदर्भित किया जाता है

   का लेखा–जोखा किया है।

हमारी राय में एवं हमारी श्रेष्ठतम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और अनुषंगियों के अलग–अलग वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और संयुक्त उद्यम और सहयोगियों की अलेखापरीक्षित अलग वित्तीय विवरणों और अन्य वित्तीय जानकारी पर हमारे विचार के आधार पर जैसा कि प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किया गया है, पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरण :

   क) समेकित बैलेंस शीट के मामले में 31 मार्च, 2022 तक समूह के मामलों की स्थिति के सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दर्शाते है।

   ख) उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लाभ और हानि विवरण के मामले में लाभ का सही शेष और

   ग) समेकित नकदी प्रवाह संबंधी विवरण उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दर्शाते है।

अभिमत का आधार

2. हमने अपनी लेखा परीक्षा आईसीएआई द्वारा जारी ऑडिटिंग पर मानकों (एसए) के अनुसार संचालित की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों अनुभाग में आगे वर्णित किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता व साथ ही नैतिक अपेक्षाएं जो समेकित वित्तीय विवरणों के हमारे ऑडिट के लिए प्रासंगिक हैं के अनुसार हम बैंक से स्वतंत्र हैं और हमने अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार पूरा किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

मामले का महत्व

हम निम्नलिखित पर ध्यान आकर्षित करते हैं

3. समेकित वित्तीय विवरण की अनुसूची 18 की नोट संख्या 6 जो भविष्य के व्यापार और वित्तीय परिणामों पर कोविड–19 की वजह से उत्पन्न अनिश्चितताओं के प्रभाव तथा मौजूदा स्थिति में उसके प्रबंधन के मूल्यांकन, मौजूदा अनिश्चितताओं से उत्पन्न चुनौतियों के संदर्भ में प्रबंधन इन अनिश्चितताओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य

4. प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य वे तथ्य हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन तथ्यों पर समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में और उस पर अपनी राय बनाने में समग्र रूप से चर्चा की गई थी, इसलिए इन तथ्यों पर हम अलग से राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने नीचे वर्णित तथ्यों को अपनी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जानेवाले प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में निर्धारित किया है:

क्र. सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य	लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा तथ्य को किस रूप में स्वीकार किया गया था
	बैंक के संबंध में	
1.	**अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की पहचान, अनर्जक अग्रिमों की पहचान और प्रावधान** समूह एवं इसके एसोसिएट्स का निवल अग्रिम कुल संपत्ति का 57.73% है, जो समेकित वित्तीय विवरणों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आय की पहचान और आस्ति वर्गीकरण ("आईआरएसी") संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक के ("आरबीआई") दिशानिर्देशों में अनर्जक आस्तियों ("एनपीए") की पहचान और वर्गीकरण के लिए विवेकपूर्ण मानदंड और ऐसी आस्तियों के लिए आवश्यक न्यूनतम प्रावधान निर्धारित किए जाते हैं। अर्जक और अनर्जक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धतियां शामिल है। बैंक के अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेन का ब्यौरा उसकी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों (आईटी सिस्टम) में है जो अग्रिम के अर्जक या अनर्जक होने की स्थिति को चिह्नित, उसके एनपीए वर्गीकरण और प्रावधान की गणना भी करता है। इन अग्रिमों का वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) भौतिक रूप से गलत बताया जा सकता है, यदि व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, आईआरएसी मानदंडों का ठीक से पालन नहीं किया जाता है। लेन–देन की प्रकृति, विनियामक अपेक्षाएँ, मौजूदा कारोबारी माहौल, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में शामिल अनुमान/निर्णय को ध्यान में रखते हुए, यह समेकित वित्तीय विवरणों के इच्छित उपयोगकर्ताओं के लिए उच्च महत्व का मामला है इसलिए हमने एनपीए की पहचान और प्रावधान को एक प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में सुनिश्चित किया है।	**नियंत्रण के परीक्षण** ऋणों की स्वीकृति, अभिलेख और निगरानी, अतिदेय ऋणों की निगरानी प्रक्रिया, प्रावधानों की गणना, एनपीए खातों की पहचान और प्रत्यावर्तन आय से संबंधित प्रमुख आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और संचालन प्रभावशीलता का आकलन, तथा प्रबंधन सूचना (अतिदेय रिपोर्ट सहित) की विश्वसनीयता का आकलन। **वस्तुपरक परीक्षण** ऋण खातों का नमूना जिसमें बड़े/दबावग्रस्त अग्रिम शामिल थे और हमें आबंटित शीर्ष शाखाओं में नमूना आधार पर कुछ अन्य अग्रिम लिए गए थे, तथा ऐसे नमूनों में हमने निम्नलिखित जांच की: • आय की पहचान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता और अर्जक या अनर्जक अग्रिम के रूप में पहचान। • चयनित अर्जक अग्रिमों का वर्गीकरण सही ढंग से किया गया था या नहीं यह जानने के लिए स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया गया। • इन पार्टियों के बारे में उपलब्ध समेकित वित्तीय विवरणों, संपार्श्विक मूल्यांकन और अन्य गुणात्मक जानकारी की समीक्षा की गई। • आईआरएसी मानदंडों के अनुरूप एनपीए प्रावधानों और आय के प्रत्यावर्तन की गणना के विवरण का परीक्षण। • आरबीआई के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा निर्धारित उधारकर्तावार एनपीए पहचान की जाँच की गई। • आरबीआई के मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए मानक अग्रिमों के प्रावधानों की जाँच की गई। • एनपीए की निगरानी और समय पर रिपोर्टिंग में आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा आदि जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता। • अन्य सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर भी भरोसा किया जाता है, जिनकी हमने जांच की है और प्रासंगिक टिप्पणियों पर विचार किया है।
2.	**निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और प्रावधान** • निवेश में बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचर, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध और व्यापार के लिए धारित श्रेणियों के तहत वर्गीकृत अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां शामिल हैं। • निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 26.18 प्रतिशत है। ये भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित होते हैं। आरबीआई के इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ–साथ निवेश का मूल्यांकन, निवेश का वर्गीकरण, अनर्जक निवेश की पहचान, आय की संबंधित गैर–मान्यता और उसके सापेक्ष प्रावधान शामिल हैं।	आरबीआई के परिपत्रों/निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, परिचालन प्रभावशीलता तथा अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में स्वतंत्र लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा और परीक्षण शामिल थे। विशेष रूप से, 1) हमने अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण और पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में आरबीआई के दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और समझा। 2) हमने इन निवेशों के उचित मूल्य के निर्धारण हेतू विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और मूल्यांकन किया। 3) निवेश के चयनित नमूने के लिए, हमने प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी का पुनर्मूल्यांकन कर आरबीआई मास्टर परिपत्रों और निर्देशों की सटीकता एवं अनुपालन का परीक्षण किया। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया था कि निवेश की सभी श्रेणियों (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर) के नमूने में शामिल हैं।

क्र. सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य	लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा तथ्य को किस रूप में स्वीकार किया गया था
	• पूर्वोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन आरबीआई द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है जिसमें विभिन्न स्रोतों से डेटा/सूचना का संग्रह शामिल है जैसे कि एफआईएमएमडीए दरें, बीएसई/एनएसई पर उद्धृत दरें, गैर–सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि। मूल्यांकन, लेन–देन की मात्रा, निवेश और नियामक फोकस की मात्रा में शामिल निर्णय की जटिलताओं और सीमा को ध्यान में रखते हुए, इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के रूप में निर्धारित किया गया है। तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान और निवेश से संबंधित प्रावधानीकरण पर केंद्रित थी।	4) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया व आय के संबंधित प्रत्यावर्तन एवं और प्रावधान के निर्माणों का निर्धारण और मूल्यांकन किया; 5) हमने भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान और प्रदान किए जाने वाले मूल्यह्रास को स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना करने के लिए वास्तविक लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं कीं । तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई के लिए परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक परिपत्र के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान की पुनर्गणना की; 6) उक्त भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र / निदेशों के अनुसार प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, हमने निवेश एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर और वित्तीय विवरण तैयार करने वाले सॉफ़्टवेयर के बीच निवेश की मैपिंग का परीक्षण किया।

समेकित वित्तीय विवरणों एवं लेखापरीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य सूचना

5. अन्य सूचना के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट शामिल होती है जिसे हमने इस रिपोर्ट के साथ जारी किया है (किंतु इसमें समेकित वित्तीय विवरण एवं हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं होते)। वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों सहित, यदि कोई हो, निदेशकों की रिपोर्ट को हमें इस लेखापरीक्षक रिपोर्ट की दिनांक के पश्चात् उपलब्ध करवाया जाना अपेक्षित है।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना एवं बेसल III के तहत पिल्लर 3 के प्रकटीकरणों को कवर नहीं करती है तथा उस पर हमारे द्वारा किसी भी प्रकार का आश्वासन व्यक्त नहीं किया जाता और ना ही ऐसा किया जाएगा।

समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना एवं ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना समेकित वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा के दौरान निर्मित हुई हमारी समझ से भौतिक तौर पर असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

जब हम बैंक के निदेशकों की रिपोर्ट को वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों के साथ, यदि कोई हो, पढ़ते हैं, यदि हम यह निर्णय देते हैं कि उक्त में भौतिक असंगतता है, तो हमारे द्वारा यह तथ्य अभिशासन प्रभारी को बताया जाना अपेक्षित है

समेकित वित्तीय विवरण के लिए प्रबंधन व अभिशासन प्रभारी का उत्तरदायित्व :

6. बैंक के निदेशक मंडल, भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान सहित भारत में आमतौर पर स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय–समय पर जारी किए गए परिपत्र व दिशानिर्देशों के अनुसार इन समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं जो समेकित वित्तीय स्थिति, समेकित वित्तीय कार्य–निष्पादन और सामूहिक संस्थाओं व सहयोगियों के समेकित नकदी प्रवाह को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं। इस उत्तरदायित्व में, अधिनियम के प्रावधान के अनुपालन में बैंक की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं रोकने; उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उन्हें लागू करने; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय एवं आंकलन के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड को बनाए रखने और लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता व संपूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी तौर पर परिचालित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्मित करना, लागू करना एवं बनाए रखना शामिल है जोकि समेकित वित्तीय विवरणों के निर्माण, प्रस्तुतीकरण हेतु प्रासंगिक है जो सत्य और निष्पक्षता दर्शाते हैं और किसी प्रकार के महत्वपूर्ण मिथ्याकथन, चाहे वह कपट अथवा त्रुटिवश हो, से मुक्त हैं, शामिल हैं।

समेकित वित्तीय विवरण को तैयार करने में सामूहिक संस्थाओं व सहयोगियों से संबंधित निदेशक मंडल का यह दायित्व होता है कि वह संबंधित संस्था के कार्यशील संस्था के रूप में कार्य जारी करने की योग्यता का मूल्यांकन करें, कार्यशील संस्था से संबन्धित मामलों में यथाप्रयोज्य प्रकटन करें, लेखांकन का कार्यशील संस्था आधार पर प्रयोग करें जब तक कि प्रबंधन का इरादा सामूहिक संस्था के परिसमापन अथवा परिचालनों को बंद करने का न हो या ऐसा करने का कोई व्यावहारिक विकल्प न हो।

सामूहिक संस्थाओं व सहयोगियों से संबंधित निदेशक मंडल सामूहिक संस्था की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी हैं।

समेकित वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

7. हमारा लक्ष्य उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वार्षिक समेकित वित्तीय विवरण भौतिक त्रुटियों से पूर्णतः मुक्त हो चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण ही हों तथा हमारी राय सहित लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रदान करना है। उचित आश्वासन उच्चकोटि का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुपालन में की गई लेखापरीक्षा त्रुटि उत्पन्न होने पर हमेशा ही इन्हें पहचान सकेगी। धोखाधड़ी या गलतियों से मिथ्याकथन आ सकते हैं तथा एकल या सकल रूप में उपयोगकर्ताओं द्वारा इन समेकित वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।

एसए के अनुपालन में हम पेशेगत निर्णय देते हैं तथा लेखापरीक्षा करते समय पेशेगत संशयात्मकता बनाए रखते हैं। हम यह भी :

- समेकित वित्तीय विवरण की भौतिक त्रुटियों, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या किसी भूलवश, के जोखिम का आकलन तथा पहचान करना और संरचना एवं इन जोखिमों के उत्तरदायित्व के लिए लेखापरीक्षण करना तथा हमारी राय प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित लेखासाक्ष्य प्राप्त करना। भौतिक त्रुटियों में धोखाधड़ी के

कारण हुई गलती की पहचान न हो पाना, भूलवश हुई त्रुटि से बड़ा जोखिम है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, साभिप्राय चूक, मिथ्या निरूपण या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकता है।

- परिस्थिति के अनुसार उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करें।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों के औचित्य एवं लेखांकन अनुमानों व प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरण की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।
- लेखा एवं प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन, कार्यशील संस्था के उपयोग के औचित्य पर निष्कर्ष निकालना कि क्या घटनाओं या स्थितियों में भौतिक अनिश्चितता है जो सामूहिक संस्था तथा इसके सहयोगियों को कार्यशील संस्था बने रहने में संदेह उत्पन्न करती हैं। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अनिश्चितता है, तो यह हमारे लिए आवश्यक है कि समेकित वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण के संबंध में अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करें अथवा यदि प्रकटीकरण अपर्याप्त हो तो अपनी राय में परिवर्तन करें। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर होते हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाएँ एवं स्थितियाँ सामूहिक संस्था तथा इसके सहयोगियों को कार्यशील संस्था बने रहने से रोक सकती हैं।
- प्रकटीकरण सहित समेकित वित्तीय विवरणों की संरचना, सामग्री तथा सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना और इसका भी जायजा लेना कि क्या समेकित वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेन–देन एवं घटनाएँ उचित प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करती है।
- समूह और सहयोगियों के भीतर ऐसी संस्थाओं या व्यावसायिक गतिविधियों की वित्तीय जानकारी के संबंध में पर्याप्त उपयुक्त ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करना एवं समेकित वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करना। हम समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल ऐसी संस्थाओं की वित्तीय जानकारी की लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं, जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखापरीक्षक हैं। समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल अन्य संस्थाओं के लिए, जिनकी अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा लेखा–परीक्षा की गई है, ऐसे अन्य लेखापरीक्षक उनके द्वारा की गई लेखापरीक्षा के निर्देशन, पर्यवेक्षण और निष्पादन के लिए जिम्मेदार हैं। हम अपनी लेखापरीक्षा राय के लिए पूरी तरह उत्तरदायी हैं।

भौतिकता समेकित वित्तीय विवरणों में गलत बयानों का परिमाण है, जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, यह संभव बनाता है कि वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने काम के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए; और (ii) समेकित वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचाने गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक तथ्यों पर विचार करते हैं।

हमने बैंक अभिशासकों को तथा समेकित वित्तीय विवरणों में समाहित उन संस्थाओं को जिनके लिए हम स्वतंत्र लेखापरीक्षक हैं, अन्य मामलों के मध्य, लेखापरीक्षा का योजनाबद्ध ढांचा व समय एवं लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में हमारे द्वारा पाई गई किसी महत्वपूर्ण कमी सहित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों का विवरण प्रदान किया है।

हमने अभिशासकों को ऐसा विवरण भी प्रदान किया है कि हमने स्वतंत्रता संबंधी नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है तथा हम उन्हें ऐसे संबंध एवं अन्य मामले भी सूचित करते हैं, जो हमारी स्वतंत्रता से संबन्धित होते हैं और सुरक्षा के संबंध में लागू होते हैं।

अभिशासकों को संप्रेषित किए गए मामलों में से हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि मामले को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से होने वाले प्रतिकूल परिणामों से इस तरह के संचार के सार्वजनिक हित के लाभों से अधिक होने की उम्मीद की जाएगी।

अन्य मामले

8. हमने उन दो (2) अनुषंगियों के वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचना की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी 31 मार्च, 2022 को ₹ 62.44 करोड़ की कुल संपत्ति एवं इस दिनांक को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 17.95 करोड़ का कुल राजस्व, जोकि समेकित वित्तीय विवरण में माना गया है, दर्शाते हैं। 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए उन दो अनुषंगियों, जिनके वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हमारे द्वारा नहीं की गई है, से संबंधित समूह के ₹ 74.95 करोड़ के निवल लाभ, जोकि समेकित वित्तीय विवरण में माना गया है, की हिस्सेदारी को भी समेकित वित्तीय विवरणों में जोड़ा गया है। इन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत की गई है, और जहां तक इन अनुषंगियों से संबंधित राशि और प्रकटीकरण की बात है तो समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय एवं उक्त अनुशंगियों के संबंध में हमारी रिपोर्ट पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

9. हमने उन दो (2) संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण 31 मार्च, 2022 को ₹ 1570.24 करोड़ की कुल संपत्ति, रु. 478.76 करोड़ का कुल राजस्व एवं इस दिनांक को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 43.80 करोड़ के निवल लाभ में समूह की हिस्सेदारी, जोकि समेकित वित्तीय विवरण में माना गया है, दर्शाते हैं। 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए उन एक अनुषंगियों, जिनके वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हमारे द्वारा नहीं की गई है, से संबंधित समूह के ₹ 75.36 करोड़ के निवल लाभ, जोकि समेकित वित्तीय विवरण में माना गया है, की हिस्सेदारी को भी समेकित वित्तीय विवरणों में जोड़ा गया है। ये वित्तीय विवरण अलेखापरीक्षित हैं और प्रबंधन द्वारा हमें प्रस्तुत किए गए हैं, जहां तक इन संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटीकरण की बात है, वहाँ समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय पूरी तरह से उक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित है। हमारी राय में और प्रबंधन द्वारा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, ये वित्तीय विवरण समूह के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

   उपरोक्त मामलों, किए गए कार्य व अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्टों की विश्वसनीयता एवं प्रबंधन द्वारा प्रमाणित अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं के संबंध में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

10. 31 मार्च, 2021 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के समेकित वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संयुक्त लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने ऐसे समेकित वित्तीय परिणामों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की थी।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

11. समेकित तुलन–पत्र और समेकित लाभ एवं हानि लेखा बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार बनाए गए हैं।

12. उपरोक्त 7 से 9 तक पैराग्राफों में संकेतित लेखापरीक्षा सीमाओं के अध्यधीन और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की अपेक्षानुसार और उसमें अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अध्यधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि

ए) हमने सभी जानकारी व स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जोकि हमारी श्रेष्ठतम जानकारी व विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया।

बी) बैंक के लेन–देन जोकि हमारे समक्ष आए हैं बैंक के अधिकारों के भीतर ही हैं और

सी) कार्यालयों एवं शाखाओं तथा बैंक के कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ पर्याप्त पाए गए हैं।

13. आरबीआई के पत्र सं. डीओएस.एआरजी.सं.6270/08.91.001/2019–20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित), की अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि

(ए) निदेशकों की अयोग्यता से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 बैंकों पर लागू नहीं होती है। अनुषंगियों हेतु सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, 31 मार्च, 2022 तक किसी भी अनुषंगी के निदेशकों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप–धारा (2) के संदर्भ में अनुषंगियों के निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

(बी) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई अवलोकन या टिप्पणी नहीं है जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(सी) खातों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित कोई प्रतिबन्ध, छिपाव या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

(डी) आईसीएआई द्वारा जारी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर तकनीकी गाइड के अनुच्छेद 1.14 के अनुसार, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के संबंध में आरबीआई द्वारा बताई गई रिपोर्टिंग आवश्यकता सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के केवल स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर ही लागू होगी एवं पीएसबी के समेकित वित्तीय विवरणों पर यह लागू नहीं होती। तदनुसार, 31 मार्च, 2022 को समेकित वित्तीय विवरणों के संदर्भ में वित्तीय रिपोर्टिंग पर समूह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्टिंग नहीं की जाती है।

14. हम आगे रिपोर्ट करना चाहते है कि,

(ए) हमारी राय में, विधि द्वारा अपेक्षित खाते की उचित बही बैंक द्वारा रखी गई हैं जहां तक यह उन बहियों की हमारी जांच से प्रकट होता है और हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त विवरणियाँ हमारे द्वारा दौरा न कि गई शाखाओं से प्राप्त की गई हैं।

(बी) इस रिपोर्ट में प्रदर्शित समेकित तुलन पत्र तथा समेकित लाभ एवं हानि लेखे और समेकित नकदी प्रवाह के विवरण बही खातों और शाखाओं द्वारा प्राप्त विवरणियाँ जहां हमने दौरा नहीं किया है, के अनुसार हैं।

(सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अधीन शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट जो लेखा परीक्षित किये हैं, हमें भेजी गई हैं और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करते समय इनकी उचित रूप से जाँच की है ; और

(डी) हमारी राय में समेकित तुलन पत्र, समेकित लाभ व हानि लेखा तथा समेकित नकदी प्रवाह विवरण प्रयोज्य लेखाकरण मानकों का अनुपालन इस हद तक करते हैं कि वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

कृते श्रीराममूर्ति एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 003032S

साझेदार एम प्रत्युषा
(एम.नं. 254141)
यूडीआईएन : 22254141AJEAEL7018

कृते रवि रंजन एंड कंपनी एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 009073N/N500320

साझेदार सुमित कुमार
(एम.नं. 512555)
यूडीआईएन : 22512555AIUPZD9911

मेसर्स पी.के. एफ. श्रीधर एंड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 003990S / S200018

साझेदार पी देवी
(एम.नं. 231549)
यूडीआईएन : 22223137AJQJNC8037

मेसर्स जी. नटेसन एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 002424S

साझेदार वरलक्ष्मी मुरली
(एम.नं. 028863)
यूडीआईएन : 22028863AIUPWI6171

मेसर्स एसएआरसी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआर सं. 006085N

साझेदार चेतन ठक्कर
(एम.नं. 114196)
यूडीआईएन : 22114196AIUQFB9538

हस्ताक्षर का स्थान : चेन्नै
रिपोर्ट की तिथि : 11 मई, 2022

बेसल III- पिल्लर III प्रकटीकरण

मार्च 31, 2022

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित किए अनुसार बेसल अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए अतिरिक्त प्रकटीकरण

सारणी डी एफ – 1

अनुप्रयोग का क्षेत्राधिकार

बैंकिंग ग्रूप के प्रमुख का नाम, जिसपर यह फ्रेमवर्क लागू होता है : इंडियन बैंक

(I) गुणात्मक प्रकटीकरण :

ए. समेकन के लिए विचार किए गए संस्थाओं की सूची

उपक्रम का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	क्या उपक्रम को लेखाकरण के समेकन के क्षेत्राधिकार में शामिल किया गया है? (हाँ/नहीं)	समेकन के तरीके को स्पष्ट करें	क्या संस्था को समेकन के विनियामक क्षेत्राधिकार में शामिल किया गया है? (हाँ/नहीं)	समेकन के तरीके को स्पष्ट करें	समेकन के तरीकों में अंतर के कारणों को स्पष्ट करें	यदि क्षेत्राधिकारों की पहुंच में से किसी एक के अधीन ही समेकन किया गया है तो उसके कारणों को स्पष्ट करें
इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि. (अनुषंगी)	हाँ	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	हाँ	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	लागू नहीं	लागू नहीं
इंडबैंक हाउसिंग लि. (अनुषंगी)	हाँ	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	हाँ	लेखाकरण मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरण के अनुरूप समेकित	लागू नहीं	लागू नहीं
एएसआरईसी (इंडिया) लि. (संयुक्त उद्यम)	हाँ	लेखाकरण मानक 27 – संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग	हाँ	लेखाकरण मानक 23–समेकित वित्तीय विवरण में एसोसिट्स में किए गए निवेश हेतु लेखांकन के अनुरूप आनुपातिक समेकन विधि के अनुसार समेकित	लागू नहीं	लागू नहीं
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. (संयुक्त उद्यम)	हाँ	लेखाकरण मानक 27 – संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	विनियामक दिशानिर्देश
तमिलनाडु ग्रामा बैंक (एसोसिएट्स)	हाँ	लेखाकरण मानक 23–समेकित वित्तीय विवरण में एसोसिएट्स में किए गए निवेश हेतु लेखांकन ईक्विटी पद्धति के अंतर्गत समेकित	नहीं	लागू नहीं	एसोसिएट्स माना गया है	पूँजी पर्याप्तता के प्रयोजनों के लिए जोखिम भारित
सप्तगिरि ग्रामीण बैंक (एसोसिएट्स)	हाँ	लेखाकरण मानक 23–समेकित वित्तीय विवरण में एसोसिएट्स में किए गए निवेश हेतु लेखांकन ईक्विटी पद्धति के अंतर्गत समेकित	नहीं	लागू नहीं	एसोसिएट्स माना गया है	पूँजी पर्याप्तता के प्रयोजनों के लिए जोखिम भारित
पुदुवै भारतियार ग्राम बैंक (एसोसिएट्स)	हाँ	लेखाकरण मानक 23–समेकित वित्तीय विवरण में एसोसिएट्स में किए गए निवेश हेतु लेखांकन ईक्विटी पद्धति के अंतर्गत समेकित	नहीं	लागू नहीं	एसोसिएट्स माना गया है	पूँजी पर्याप्तता के प्रयोजनों के लिए जोखिम भारित

बी. ग्रूप संस्थाओं की सूची जिन पर दोनों लेखाकरण और विनियामक मानक के क्षेत्राधिकर के अधीन समेकन के लिए विचार नहीं किया गया है :

उपक्रम का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	उपक्रम का मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का %	उपक्रम की पूँजीगत लिखतों में बैंक के निवेशों का विनियामक व्यवहार	कुल तुलन पत्र की आस्तियां (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)
शून्य					

(ii) मात्रात्मक प्रकटीकरण :

सी) समेकन के लिए विचार किए गए संस्थाओं की सूची

(मिलियन में)

उपक्रम का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है (ऊपर (i) ए में दिखाए अनुसार)	उपक्रम के मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल तुलन पत्र की आस्तियां (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)
इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लि. (भारत)	मर्चेंट बैंकिंग सेवाएं	443.78	947.66
इंडबैंक हाउसिंग लि. (भारत)	आवास वित्त	100.00	102.85
एएसआरईसी (इंडिया) लि. (भारत)	आस्ति वसूली कंपनी	980.00	2519.94
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. (भारत)	सामान्य बीमा कंपनी	3681.81	51833.99

डी). सभी अनुषंगियों में पूँजीगत कमियों की कुल राशि, जिन्हें समेकन के विनियामक दायरे में नहीं लाया गया है, अर्थात, जिनकी कटौती की गई है :

उपक्रमों का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	उपक्रम का मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का प्रतिशत	पूँजी कमियाँ
शून्य				

ई. बीमा उपक्रमों में बैंक के कुल हितों की समग्र राशि (चालू बही मूल्य), जो जोखिम भारित हैं :

बीमा संस्थाओं का नाम / पंजीकरण जिस देश में किया गया है	उपक्रम का मुख्य कार्यकलाप	कुल तुलन पत्र ईक्विटी (विधिक उपक्रम के लेखाकरण तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार)	कुल ईक्विटी में बैंक की धारिता का % / मतदान अधिकार का अनुपात	पूर्ण कटौती पद्धति की तुलना में जोखिम भारित पद्धति के प्रयोग से विनियामक पूंजी पर मात्रात्मक प्रभाव
शून्य				

एफ. बैंकिंग समूह के अंदर ही निधि या विनियामक पूंजी के अंतरण पर कोई प्रतिबंध या बाधाएं :

बैंकिंग समूह के अंदर निधि या विनियामक पूंजी के अंतरण पर कोई प्रतिबंध या बाधाएं नहीं हैं।

सारणी डीएफ – 2 : पूँजी पर्याप्तता

पूँजी पर्याप्तता का निर्धारण :

(ए) बैंक अप्रत्याशित हानियों के लिए पूंजी रखती है ताकि जमाकर्ताओं के हित, सामान्य ऋणदाताओं तथा अन्य पण्यधारकों को किसी भी अप्रत्याशित हानि से बचाया जा सके।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंकों को 8.00 प्रतिशत (जिसमें 2.50 प्रतिशत की पूंजी संरक्षण बफर शामिल है) न्यूनतम सामान्य ईक्विटी टियर– 1 (सीईटी 1) तथा न्यूनतम 11.50 प्रतिशत (जिसमें 2.50 प्रतिशत की पूंजी संरक्षण बफर शामिल है) सीआरएआर रखना है जो 1 अक्टूबर 2021 से प्रभावी है। बैंक 12.53 प्रतिशत (स्टैंडअलोन), 12.84 प्रतिशत (समेकित) सामान्य ईक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) और 16.53 प्रतिशत (स्टैंडअलोन), 16.84 प्रतिशत (समेकित) सीआरएआर रख रहा है।

(बी) भारतीय रिज़र्व बैंकक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने पूँजी पर्याप्तता का निर्धारण करने हेतु निम्नलिखित जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण को अपनाया है।

- ऋण जोखिम : माननीकृत दृष्टिकोण
- बाज़ार जोखिम : माननीकृत अवधि दृष्टिकोण
- परिचालन जोखिम : आधारभूत सूचक दृष्टिकोण

(सी) बैंक, व्यापार प्रक्षेपणों, नीतिगत दिशानिर्देशों, मैक्रो अर्थशास्त्र परिदृश्य तथा जोखिम प्रोफाइल के आधार पर अगले पाँच वित्तीय वर्षों के लिए पूँजी का पूर्वानुमान लगाता है।

(डी) पिल्लर II के अधीन बैंक पूँजी का मूल्यांकन / योजना बनाते समय निम्नलिखित जोखिम पर विचार करता है :

- ऋण केन्द्रीकरण जेाखिम
- बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम
- तरलता जोखिम
- निपटान जोखिम
- अनुपालन जोखिम
- साख जोखिम
- मॉडल जोखिम
- देश विशेष जोखिम
- मुआवजा जोखिम
- विधिक जोखिम
- समूह जोखिम
- आचरण जोखिम
- प्रतिभूतिकरण का जोखिम
- दबाव ऋण जोखिम
- मानकीकरण दृष्टिकोण के अधीन ऋण जोखिम का कम मूल्यांकन
- पेंशन बाध्यता जोखिम
- तुलन पत्र से बाहर एक्सपोजर जोखिम
- प्रौद्योगिकी जोखिम
- आउटसोर्सिंग जोखिम
- मानव संसाधन जोखिम
- अवशिष्ट जोखिम
- रणनीतिगत जोखिम
- अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर जोखिम
- मौसम संबंधी जोखिम
- साइबर जोखिम

(ई) बैंक अपनी लाभप्रदता तथा पूँजी पर्याप्तता पर आस्ति गुणवत्ता, तरलता, ब्याज दर, डेरीवेटिव तथा फॉरेक्स की तनावग्रस्त स्थिति या तनावग्रस्त परिस्थितियों में विभिन्न जोखिम क्षेत्रों का तनाव परीक्षण आवधिक तौर पर करता है।

व्यापक तनाव परीक्षण फ्रेमवर्क बनाकर रखा गया है। बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित स्थितियों के आधार पर तथा बैंक की विभिन्न परिस्थितियों के आधार पर त्रैमासिक अवधि तनाव परीक्षण में करता हैं। महामारी के दौरान बैंक के तुलन पत्र पर संभावित नुकसान का आकलन करने के लिए बैंक ने महामारी के तहत भी तनाव परीक्षण किया है। उसका परिणाम ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) / जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) / बोर्ड को प्रस्तुत किया जाता है।

मात्रात्मक प्रकटीकरण (बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार)

(ए) ऋण जोखिम हेतु पूँजी आवश्यकताएं : (₹ मिलियन में)

विवरण	स्टैंडअलोन	समेकित
मानकीकृत दृष्टिकोण के अध्यधीन संविभाग	3,00,199.13	3,00,302.63
प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर	--	--

बी) बाज़ार जोखिम हेतु पूँजी आवश्यकताएं

मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण : (₹ मिलियन में)

विवरण	स्टैंडअलोन	समेकित
ब्याज दर जोखिम	11,942.07	11,942.07
विदेशी विनिमय जोखिम (स्वर्ण सहित)	129.38	129.38
ईक्विटी जोखिम	4,613.51	4,770.35
कुल	16,684.96	16,841.80


(सी) परिचालनगत जोखिम हेतु पूंजीगत आवश्यकताएं (₹ मिलियन में)

विवरण	स्टैंडअलोन	समेकित
मूल संकेतक दृष्टिकोण	38,394.16	38,747.88

(डी) सामान्य ईक्विटी टियर 1 (सीईटी 1), टियर 1 तथा कुल पूंजी अनुपात बेसल III दिशानिर्देशों के अनुसार :

विवरण	स्टैंडअलोन	समेकित
सामान्य ईक्विटी टियर 1 (सीईटी 1)	12.53%	12.84%
टियर 1 पूंजी पर्याप्तता अनुपात	13.17%	13.48%
कुल पूँजी पर्याप्तता अनुपात	16.53%	16.84%

संगठन की संरचना :


बैंक का बोर्ड
जोखिम प्रबन्धन समिति (बोर्ड की उपसमिति)
आस्ति एवं देयता प्रबन्धन समिति (आलको)
ऋण जोखिम प्रबन्धन समिति (सीआरएमसी)
परिचालनगत जोखिम प्रबन्धन समिति (ओआरएमसी)
ऋण जोखिम विभाग

जोखिम प्रबंधन संरचना :

जोखिम बैंकिंग कारोबार का एक अभिन्न अंग है और बैंक का लक्ष्य जोखिम और प्रतिलाभ के बीच एक उपयुक्त समझौताकारी समन्वयन प्राप्त करना है। सतत और निरंतर विकास सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने एक मजबूत जोखिम प्रबंधन ढांचा विकसित किया है। बैंक परिभाषित जोखिम उठाने की सीमा और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों के भीतर व्यावसायिक गतिविधियाँ करता है। बोर्ड ने एक जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) भी गठित की है जो विभिन्न प्रकार के जोखिमों की देखरेख करती है।

बैंक ने जोखिमों के प्रबंधन के लिए विभिन्न नीतियां बनाई हैं, जैसे एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति, ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, आस्ति देयता प्रबंधन नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति। बोर्ड द्वारा सभी नीतियों की न्यूनतम वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है।

विभिन्न जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा के लिए निम्नलिखित विशिष्ट समितियों का गठन किया गया है:

i) आस्ति देयता समिति (आलको)

ii) ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी)

iii) परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी)

ये समितियां बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों और समग्र दिशानिर्देशों के अंतर्गत काम करती हैं।

ऋण जोखिम :

ऋण जोखिम से तात्पर्य उधारकर्ता की ऋण गुणवत्ता में गिरावट से है जो बैंक के वित्तीय निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। क्रेडिट लेनदेन में बैंक द्वारा किए गए नुकसान बैंक को वित्तीय प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने में उधारकर्ता की अक्षमता या इरादतन चूककर्ता के कारण हो सकते हैं।

बैंक ने, अन्य सुधारात्मक उपाय करने के अलावा, जोखिम प्रबंधन प्रणाली को प्रारंभिक चरण में जोखिमों की पहचान करने और विवेकपूर्ण सीमा निर्धारित और निगरानी करके उनका प्रबंधन करने के लिए स्थापित किया है।

सीमा फ्रेमवर्क :

ऋण जोखिम तथा संकीर्ण जोखिम की मात्रा को कम करने की दृष्टि से निम्नलिखित प्रकार के एक्सपोज़र के लिए सीमा ढाँचा रखा गया है :

- एकल और ग्रूप ऋणकर्ता एक्सपोज़र
- संवेदनशील क्षेत्र एक्सपोज़र
- अप्रतिभूत एक्सपोज़र
- देश–वार एक्सपोज़र
- आंतरिक रेटिंग–वार एक्सपोज़र
- मियादी ऋण एक्सपोज़र
- उद्योग–वार एक्सपोजर
- अंतर बैंक एक्सपोज़र

इन एक्सपोज़र सीमाओं को नियमित तौर पर मानिटर किया जाता है और बोर्ड की विभिन्न शीर्षस्थ स्तरीय समितियों को प्रस्तुत किया जाता है।

ऋण समीक्षा फ्रेमवर्क :

बैंक ने ऋण समीक्षा ढांचा अपनाया है, जिसमें व्यक्तिपरक जोखिम मापदंडों के साथ जोखिम कारकों का विश्लेषण करने पर मात्रात्मक जोखिम स्कोरिंग मैट्रिक्स के आधार पर कम जोखिम / मध्यम जोखिम / उच्च जोखिम / नो–गो में ऋण प्रस्तावों का ऋण जोखिम मूल्यांकन और जोखिम वर्गीकरण शामिल है। जोखिम स्कोर और जोखिम वर्गीकरण के आधार पर, विभिन्न ऋण समितियों में जोखिम आधारित / सूचित ऋण निर्णय लेने के लिए जोखिम सलाह जारी की जाती है।

रेटिंग और स्कोरिंग मॉडल: ऋण संबंधी निर्णयों के समर्थन और ऋण संविभाग प्रबंधन, मूल्य निर्धारण व जोखिम आधारित पूंजी मापन हेतु जोखिम प्रबंधन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सभी ऋण प्रस्तावों पर तीव्र ऋण जोखिम रेटिंग/स्कोरिंग प्रक्रिया लागू की जाती है। रेटिंग मॉडल की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए, रेटिंग मॉडल को किसी बाहरी एजेंसी द्वारा मान्यता के अधीन किया गया है। बैंक के पास संरचित ऋण उत्पादों और अन्य ऋणों के तहत आने वाले सभी नए प्रतिबंधों के लिए प्रवेश स्तर के स्कोरिंग मॉडल हैं जो रेटिंग मॉडल के अधीन नहीं हैं।

ऋण समीक्षा तंत्र: ऋण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए साफ़्टवेयर आधारित रेटिंग तंत्र (मेकानिज़्म) स्थापित किया गया है। रेटिंग मॉडल के परिणाम का प्रयोग, निर्णय करने, अर्थात् ऋण संविभाग में मंजूरी प्रदान करने, मूल्य निर्धारण और अनुप्रवर्तन में किया जाता है। रेटिंग मॉडल के खरेपन की जाँच के लिए यह बाहरी अभिकरण द्वारा प्रदत्त वैधता के अधीन हैं।

आस्ति देयता प्रबंधन:

आस्ति देयता प्रबंधन ढांचा, बैंक को अपने तुलनपत्र में तरलता जोखिम तथा ब्याज दर जोखिम के माप, मानिटर और नियंत्रण हेतु सुविधा प्रदान करता है। यह आस्ति देयता प्रबंधन हेतु उपयुक्त रणनीतियाँ उपलब्ध करवाता है। आस्ति देयता प्रबंधन फ्रेमवर्क में निम्नलिखित प्रमुख घटक हैं :

- तरलता जोखिम प्रबंधन
- ब्याज दर जोखिम प्रबंधन
- तुलनपत्र तथा बेसल III तरलता अुनपात
- तनाव परीक्षण तथा स्थिति विश्लेषण
- आकस्मिकता निधि योजना

नीचे सूचीबद्ध दो मुख्य उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने एएलएम नीति निर्धारित की है:–

अल्पावधि उद्देश्य:–

- बैंक के निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) को अनुकूलतम बनाना
- पर्याप्त चलनिधि प्रदान करना
- पुनः मूल्य निर्धारण जोखिम का प्रबंधन करना

दीर्घावधि उद्देश्य:

- शेयरधारकों की संपत्ति बढ़ाना

आस्ति देयता प्रबंधन का कार्य आस्ति देयता समिति (आलको) संभालती है। यह बोर्ड और/ या एएलएम तथा जोखिम प्रबंधन पर बोर्ड की उप–समिति के दिशानिर्देश तथा पर्यवेक्षण के अधीन कार्य करती है। यह ब्याज दर स्थिति, एमसीएलआर टीबीएलआर, ईबीएलआर (रेपो), आधार दर की समीक्षा, चलनिधि स्थिति, जमाओं और अग्रिमों दोनों के उत्पाद क्रय, आस्ति तथा देयताओं की परिवक्ता प्रोफाइलों, बैंक निधियों की माँग, बैंक के नकदी प्रवाह तथा संपूर्ण तुलनपत्र प्रबंधन की समीक्षा करने हेतु नियमित तौर पर बैठक का आयोजन करती है।

चलनिधि जोखिम दो दृष्टिकोण यथा फ्लो दृष्टिकोण तथा स्टॉक दृष्टिकोण के ज़रिए मापकर मानिटर किया जाता है। फ्लो दृष्टिकोण में नकद प्रवाह की विसंगतियों की संपूर्ण जाँच होती है तथा यह दैनंदिन आधार पर संरचित तरलता विवरणी की तैयारी से की जाती है। विभिन्न समय अंतरालों में विसंगतियों के लिए उपर्युक्त सहनशक्ति स्तर /प्रुडेंशियल सीमा का निर्धारण किया गया है। स्टॉक दृष्टिकोण के अधीन उपर्युक्त सीमाओं के साथ विभिन्न तुलनपत्र अनुपात निर्धारित किये गये हैं। निर्धारित सीमाओं में अनुपातों का अनुपालन यह सुनिश्चित करता है कि बैंक ने विविधिकरण के माध्यम से अपनी तरलता का प्रबंधन किया है जोकि

धारणीय सीमाओं के अंतर्गत है।

ब्याज दर जोखिम को मुद्रावार मापने तथा मानिटर करने हेतु पारंपरिक गैप दृष्टिकोण तथा गौण दृष्टिकोण दोनों का प्रयोग किया जाता है। एनआईएम पर ब्याज दर परिवर्तन के अल्प–कालीन असर का आकलन ''जोखिम पर अर्जन'' दृष्टिकोण के ज़रिए किया जाता है जिसमें प्रतिलाभ वक्र जोखिम, आधार जोखिम तथा एंबेडेड विकल्प जोखिम को ध्यान में लिया जाता है। ईक्विटी के बाज़ार मूल्य पर ब्याज दर परिवर्तन के दीर्घ–कालीन का असर आकलन अवधि गौण दृष्टिकोण के जरिए किया जाता है। आलको द्वारा मासिक ब्याज दर संवेदनशीलता विवरणी की संवीक्षा की जाती है तथा आरएमसी द्वारा त्रैमासिक ब्याज दर संवेदनशीलता की संवीक्षा की जाती है ।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा परिभाषित तथा आंतरिक रूप से परिभाषित स्ट्रेस परिदृष्यों के अनुसार चलनिधि जोखिम और ब्याज दर जोखिम के लिए नियमित अंतरालों पर स्ट्रेस परीक्षण किया जाता है। आंतरिक चलनिधि स्ट्रेस परीक्षण से प्राप्त परिणामों का प्रयोग आकस्मिकता आयोजन निधि योजना का सृजन, विभिन्न चलनिधि स्ट्रेस परिदृष्यों में करने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

बैंक नवीनतम विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार चलनिधि कवरेज अनुपात का दैनिक आधार पर परिकलन कर रहा है तथा चलनिधि जोखिम का आकलन करने के लिए इसका उपयोग कर रहा है। मासिक आधार पर आलको द्वारा एलसीआर विवरण की पुनरीक्षा की जाती है। इसके अलावा, आरबीआई के दिशा–निर्देशों के अनुरूप, बैंक तिमाही आधार पर (अर्थात दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही से) एनएसएफआर की गणना भी कर रहा है।

बाजार जोखिम प्रबंधन :–

बाजार में प्रतिकूल गतिविधियों से होनेवाली हानि की संभावना, को बाजार जोखिम कहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआईएस) की परिभाषा के अनुसार ''बाजार जोखिम वह जोखिम है जहाँ ईक्विटी और ब्याज दरों पर बाजार, मुद्रा विनिमय दरें और पण्य के मूल्य में उतार–चढ़ाव से ''ऑन'' या ''ऑफ'' तुलन पत्र स्थिति के मूल्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अतः बाजार जोखिम, बैंक की कमाई और पूंजी को होनेवाला जोखिम है जोकि ब्याज दरों के बाजार स्तर या प्रतिभूतियों के मूल्यों , विदेषी विनिमय और ईक्विटी की कीमत में परिवर्तन तथा ऐसे परिवर्तनों में अस्थिरता से हो सकता है। बाजार जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य, व्यापारिक इकाइयों को जोखिम एक्सपोज़र, एवं तुलनीय बेंचमार्क की तुलना में बाजार जोखिम एक्सपोजर, संविभाग निष्पादन के संबंध में विश्लेषिकी से चालित निविष्टियां प्रदान करते हुए जोखिम–समायोजित प्रतिफल की दरों को अधिक से अधिक बनाने में सहायता देना होता है। बाजार जाखिम के अन्तर्गत निम्नलिखित जोखिमों का प्रबंधन किया जाता है:–

- ब्याज दर जोखिम
- विनिमय दर जोखिम
- ईक्विटी कीमत जोखिम

बाज़ार जोखिम, वस्तु की कीमत तथा उतार–चढ़ाव में होनेवाले परिवर्तनों के कारण हो सकती है। तथापि, बैंक को पण्य संबंधित बाज़ार में कोई एक्सपोज़र नहीं है।

बैंक का बाजार जोखिम प्रबंधन (एमआरएम) फ्रेमवर्क निम्नानुसार है:–

